माघ मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 267, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 16 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर - टॉप सीक्रेट फाइल घर ले जाना बाइडन को पड़ेगा महंगा ?



अन्दर : विराट कोहली ने 46वें शतक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड, सचिन-जयवर्धने को छोड़ा पीछे

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# नेपाल में 72 लोगों को ले जा रहा विमान खाई में गिरा

## विमान में 5 भारतीय भी थे सवार, अब तक 64 शव बरामद, धमाके के बाद विमान में आग लगी, सहमे लोग

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को एक यात्री विमान पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 72 लोग सवार थे। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि येती एअरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10.33 बजे काठमांडू से उड़ान भरी थी।

जानकारी के मुताबिक पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। बचाव अभियान जारी है। फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। वहीं, पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। नेपाल सेना के मुताबिक, अब तक लगभग 64 शव बरामद हुए हैं।

द काठमांडू पोस्ट ने यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला के माध्यम से जानकारी दी कि दुर्घटनाग्रस्त हुए

**दर्दनाक हादसा**

### काठमांडू से पोखरा जा रहा था यती एयर लाइंस का विमान

### सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान

यति एयरलाइंस के इस विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल में पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में नेपाल के काठमांडू में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। विमान में 5 भारतीयों समेत 68 यात्री सवार थे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड काठमांडू से पोखरा जा रहे यति एयरलाइंस के एएनसी एटीआर 72 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। नेपाल सेना के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि अब तक



कुल 44 शव बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, 5 भारतीय और चार रूस के नागरिक विमान में सवार थे। नेपाल के 53 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल से अब तक 64 शव बरामद किए जा चुके हैं। नेपाल सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें और शव मिलने की उम्मीद है। हादसे में विमान टुकड़ों में टूट गया था। इस विमान में 68 यात्री सवार थे। पोखरा एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया है। मौके पर अफरातफरी के बीच दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई हैं। विमान में चार क्रू मेंबर्स थे। हेलीकॉप्टर से दुर्घटनास्थल पर एक बचाव दल तैनात किया गया है। पोखरा एयरपोर्ट के आसपास धुंए का गुबार है। विमान के एयरपोर्ट के पास की पहाड़ियों से टकराने का भी अनुमान लगाया जा रहा। विमान नदी में गिरा है। विमान का कुछ हिस्सा नदी में है और बाहर वाले हिस्से में आग लगी है। आसपास के लोग भी राहत-बचाव में अभियान में जुट गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पोखरा एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पहले हादसे का शिकार हुआ विमान। नेपाल में पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना पर यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि विमान में दो बच्चों सहित 10 विदेशी नागरिक भी सवार थे। इस एयरपोर्ट का उद्घाटन अभी दो सप्ताह पहले ही हुआ था। नेपाल के नवनिर्वाचित पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 1 जनवरी 2023 को चीनी अधिकारियों की मौजूदगी में इस क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था।

## नेपाल विमान हादसे में गाजीपुर के चार दोस्तों की मौत

**पशुपतिनाथ दर्शन करने गए थे चारो दोस्त**

**नई दिल्ली।** नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते समय 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अब तक 68 लोगों की जान जा चुकी है। मृतकों में से पांच भारतीय हैं। जिनमें से चार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के निवासी हैं। हादसे की सूचना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। जिले में शोक की लहर है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि येति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और वह सुबह करीब 11 बजे पोखरा हवाई अड्डे पर लैंडिग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा (25), विशाल शर्मा (23), अनिल कुमार राजभर (28), सोनू जायसवाल (28) और संजना जायसवाल के रूप में हुई है। इनमें से अभिषेक, विशाल, अनिल और सोनू गाजीपुर निवासी है। चारों दोस्त थे। पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए तीन दिन पहले नेपाल गए थे। विमान हादसे में चार दोस्तों की मौत की खबर से जिले में शोक की लहर है। पीड़ित परिवार नेपाल रवाना हो गए हैं।

### नेपाल में 12 साल में हुए आठ बड़े हादसे, 166 से अधिक की मौत

**29 मई 2022 को तारा एयरलाइन का विमान हुआ था क्रैशः** इस दुर्घटना में चार भारतीयों समेत सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी। **2018 यूएस-बांग्ला एयरलाइंस फ्लाइट 211 क्रैशः** यह विमान हादसा 2018 में हुआ था। विमान ढाका से काठमांडू जा रहा था। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। **2016 तारा एयर फ्लाइट 193 क्रैशः** 24 फरवरी 2016 को यह विमान हादसा हुआ था। विमान पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान जा रहा था। टेकऑफ के आठ मिनट बाद विमान लापता हो गया था। **2012 सीता एयर फ्लाइट 601 क्रैशः** 2012 में हुए इस विमान हादसे में 19 लोगों क मौत हो गई थी। विमान ने काठमांडू से उड़ान भरी थी, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसकी आपाकालीन लैंडिंग कराई गई। **2012 अग्नि एयर डोर्नियर 228 क्रैशः** अग्नि एयर का डोर्नियर 228 विमान ने पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान भरी थी। जोमसोम हवाई अड्डे के पास पहुंचे ही विमान दुर्घटना का शिकार हो गया था। **2011 बुद्ध एयर फ्लाइट 103 क्रैशः** 25 सितंबर 2011 को बुद्ध एयर का विमान हादसे का शिकार हो गया था। जहाज पर सवार सभी 22 लोग, जिनमें 10 भारतीय नागरिक भी शामिल थे, मारे गए। **2010 तारा एयर ट्विन ओटर क्रैशः** 15 दिसंबर 2010 को तारा एयर एक विमान क्रैश हो गया था।

**2010 अग्नि एयर फ्लाइट 101 क्रैशः** अग्नि एयर फ्लाइट 101 के विमान का संपर्क टूट गया था। यह विमान काठमांडू से उड़ा था। उड़ान भरने के 22 मिनट बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई।




## मुख्यमंत्री शिवराज का हेलिकॉप्टर क्रैश होते-होते बचा

**भोपाल।** धार जिले में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार जोरों पर है। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान भी इसी सिलसिले में रविवार को धार जिले में रहे। चुनावी सभा को संबोधित करने मनावर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलिकॉप्टर खराब हो गया और क्रैश होते-होते बचा। पायलट की सूझ-बूझ की वजह से हेलिकॉप्टर को मनावर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद शिवराज कार से धार के लिए रवाना हुए। उन्हें साढ़े चार बजे तक धार पहुंचना था, लेकिन सड़क मार्ग से जाने की वजह से डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे।

सीएम शिवराज ने धार में सभा को संबोधित करते हुए खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं देरी से आने के लिए माफी चाहता हूं। मेरी गलती नहीं है, हेलिकॉप्टर ने उड़ने से मना कर दिया। मनावर में हेलिकॉप्टर उड़ा तो पर थोड़ा ऊपर जाकर डगमगाने लगा। पायलट ने कहा कि सर कुछ गड़बड़ है, इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ेगी। उसके बाद मनावर में ही उसे उतार दिया गया। फिर मैं सड़क मार्ग से यहां आया हूं।

## दिल्ली में आतंकी हमले का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किए गए दो संदिग्ध आतंकियों के बारे में चौंकानेवाले खुलासे किये हैं। रविवार को मीडिया ब्रीफिंग में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि स्पेशल सेल की पुलिस ने दो आतंकवादी पकड़े हैं, जिनमें से एक का नाम नौशाद और दूसरे का जगजीत जस्सा है। इन्हें जहांगीरपुरी इलाके से पकड़ा गया है। इनके पास से दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल और कार्टेज बरामद हुए हैं। इनके पास जो हैंड ग्रेनेड मिले, वो मिलिट्री ग्रेड के हैं। इन्होंने आतंकी हमलों और हत्याओं की खौफनाक साजिश रची थी, लेकिन

**पर्दाफाश**

### पकड़े गये आतंकियों के हैंडलर विदेशी, दक्षिणपंथी नेताओं की हत्या की प्लानिंग

इसके पीछे इनके आईएसआई हैंडलर थे। फिलहास इन्हें 14 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है, और पूछताछ चल रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने बताया कि नौशाद का हैंडलर, लश्कर-ए-तैयबा का कोई आतंकी है, वहीं जगजीत का हैंडलक कनाडा में रह रहा आतंकी अर्शदीप दल्ला है। इन दोनों को इन्हीं से फंडिग मिल रही थी और ये दक्षिणपंथी नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे थे।

## गडकरी को जान से मारने की धमकी देने वाले गैंगस्टर की हुई पहचान

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार नागपुर पुलिस ने शनिवार को फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के बेलगावी में जेल बंद एक कैदी ने गडकरी को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि फोन करने वाले की पहचान कुख्यात गैंगस्टर और हत्या के आरोपी जयेश कांता के रूप में हुई है, जो बेलगावी जेल बंद है। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि जयेश कांता ने जेल से अवैध रूप से तीन बार फोन कर खामला, नागपुर में गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय को धमकी दी। जयेश ने टेलीफोन ऑपरेटर को बताया कि वह 'डी-गैंग सदस्य' था।

## रिमोट वोटिंग मशीन का विरोध करेगा विपक्ष

### बैठक के बाद बोले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह- कंफ्यूजन है

**नई दिल्ली।** रिमोट वोटिंग मशीन पर विपक्षी दलों की बैठक के बाद रविवार (15 जनवरी, 2023) कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से रिमोट वोटिंग मशीन पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव का विरोध करने का फैसला किया।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिमोट वोटिंग मशीन के प्रस्ताव में भारी राजनीतिक विसंगतियां, प्रवासी मजदूरों की परिभाषा स्पष्ट नहीं।

चुनाव आयोग ने 29 दिसंबर को कहा था कि उसने चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए घरेलू प्रवासी वोटरों के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक शुरूआती मॉडल तैयार किया है। चुनाव आयोग ने 16

**असहमति**

### चुनाव आयोग के प्रस्ताव से विपक्षी पार्टियां असहमत

### सभी राजनीतिक दलों के समक्ष मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा

जनवरी को रिमोट वोटिंग मशीन पर चर्चा को लेकर एक मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों को बुलाया है। इस मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के समक्ष इस मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा।

रिमोट वोटिंग मशीन का मकसद किसी को भी अपने वोटिंग अधिकार से वंचित नहीं रखना है। देश के किसी भी कोने में या भारत से बाहर रह रहा प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग कर सके। इसी को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जानकारी दी थी। रिमोट वोटिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग



मशीन का ही मोडिफाइड वर्जन है। इसके जरिए भारत से बाहर रहने वाले प्रवासियों को भी वोट करने में आसानी होगी, लेकिन कांग्रेस इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही है। हालांकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाती रही हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में सभी चुनाव बैलट पेपर से कराए जाएं।

## किसी से गठबंधन नहीं करेगी बसपा

**लखनऊ।** अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने कहा कि बसपा अगले साल होने जा रहे चार राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा यह सारा खेल ईवीएम की गड़बड़ी का है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मायावती रविवार को मीडियाकर्मियों से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जातिवादी और संकीर्ण ताकतें साम दाम दंड भेद से बसपा को दूर करने में जुटी हैं । ग्लोबल समिट के नाम पर यह जो निवेश आ रहा है यह केवल भाजपा की खराब नीतियों पर पर्दा डालने की नाटक बाजी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में लोगों को उजाड़ा जा रहा है कानून



**मायावती का ऐलान**

### लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अकेले लड़ेगी पार्टी

व्यवस्था की आड़ में घिनौना खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी आरक्षण पर भी भाजपा कांग्रेस सपा की राह पर चल निकली है । यही कारण रहा कि निकाय चुनाव प्रभावित हुआ ।इस मौके पर मायावती ने मेरे संघर्ष में जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 18 का भी विमोचन किया । उन्होंने खासतौर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने पर जोर दिया। कहा कि जब-जब बैलेट से चुनाव हुआ बसपा का जनाधार बढ़। ईवीएम आने के बाद ही यह गड़बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि बसपा के युवा तैयार हो जाए एक न एक दिन सिस्टम भी फेल होगा। जिन जिन देशों में बैलेट पेपर से पहले चुनाव होता था दोबारा उसी से शुरू कर दिया गया है । बिहार के एक मंत्री के इस बयान पर कि बाबा साहब अंबेडकर ने ही मनुस्मृति शुरू की थी पर मायावती ने कहा यह बात तो बिल्कुल साफ है कि बाबा साहब अंबेडकर ने मनुस्मृति नहीं चलाई । हालांकि मंत्री ने यह बात किस परिपेक्ष में कही है इसका उन्हें पता नहीं है।

## इकाना स्टेडियम में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

**लखनऊ।** भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें 29 जनवरी को लखनऊ में आमने-सामने होंगी। राजधानी के इकाना स्टेडियम में यह क्रिकेट मैच खेला जायेगा। इस मैच के देखने के लिए टिकटों की दर तय हो गई है। उसके बाद टिकटों का मूल्य जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 499 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक के मूल्य के टिकट दर्शकों के लिए उपलब्ध होंगे। इकाना में इससे पहले अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेला जा चुका है। दरअसल, भारतीय सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली क्रिकेट सीरिज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमे आपस में छह मैच

**क्रिकेट मैच**

### 499 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक के मूल्य के टिकट दर्शकों के लिए उपलब्ध होंगे

खेलेंगी। जिसमें से तीन एक दिवसीय मैच होगा। वहीं तीन सीमित ओवरों ( टी-20 ) का मैच होने की बात बताई जा रही है। राजधानी लखनऊ में 29 जनवरी को होने वाला मैच सीमित ओवरों का होगा। जिसके टिकटों की दरें जारी कर दी गई हैं। सबसे कम कीमत का टिकट 499 का होगा। इसके बाद 1200 से लेकर 20 हजार तक के मुल्य के टिकट उपलब्ध होने की बात बताई जा रही है।

## सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम को मिली वंदे भारत की सौगात

### पीएम मोदी बोले- यह नए भारत का प्रतीक



**सिकंदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (15 जनवरी) को देश की आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने सुबह 10.30 बजे ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन सिकंदराबाद से विशाखापट्टनम के बीच चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी सिकंदराबाद में कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत के संकल्पों और सामर्थ्य का प्रतीक है। ये उस भारत का प्रतीक है, जो तेज बदलाव के रास्ते पर है। ऐसा भारत, जो अपने सपनों और अपनी आकांक्षाओं को लेकर अधीर है। ऐसा भारत, जो तेजी से चलकर अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को एक भव्य उपहार मिल रहा है।

मैं दोनों राज्यों के लोगों को ट्रेन के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं। आज सेना दिवस भी है। अपनी सेना पर देश के हर नागरिक को गर्व है। इस समय पोंगल, माघ बीहू, मकर संक्राति, उत्तरायन का भी उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को

**खुशखबरी**

### पीएम बोले- संस्कृति और आस्था को जोड़ेगी यह ट्रेन

बहुत लाभ होगा। इस ट्रेन से सिकंदराबाद और विशाखापट्टनम के बीच लगने वाला समय भी अब कम हो जाएगा। ये ट्रेन एक तरह से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा संस्कृति और साझा विरासत को जोड़ने वाली है। रेल मंत्री ने कहा कि पीएम ने कहा था इस ट्रेन को देश के इंजीनियर, डिजाइनर, टेक्नीशियन बनाएंगे। इस ट्रेन में ध्वनि की मात्रा हवाई जहाज की तुलना में 100 गुना कम है, ये इंजीनियरों के लिए गर्व की बात है। रेलवे और देश का विकास राजनीति से ऊपर है। जहां भी केंद्र की जरूरत पड़ेगी केंद्र फंड देगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक बेहतरीन ट्रेन है। यह 52 सेकंड में 0-100 किमी की यात्रा कर सकती है, जबकि दुनिया की अन्य ट्रेनें 54 से 60 सेकंड में चलती हैं। वंदे भारत का डिजाइन हवाई जहाज से भी बेहतर है, यह यात्रा को सबसे अधिक आरामदायक प्रदान कर सकता है।

## पहली बार दिल्ली से बाहर हुई परेड, टूटी 1949 से चल रही परंपरा

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे आर्मी दिवस 2023 कार्यक्रम में हुए शामिल

**बेंगलुरु।** रविवार (15 जनवरी) को आर्मी दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली में होने वाली सेना दिवस परेड पहली बार राष्ट्रीय राजधानी से बाहर हो रही है। इस साल बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में सेना दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बेंगलुरु के गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में आर्मी दिवस 2023 कार्यक्रम में शामिल हुए।

75वां सेना दिवस अपनी तरह का पहला आयोजन होगा, जो 1949 में समारोह शुरू होने के बाद से दिल्ली के बाहर हो रहा है। इस बार सेना दिवस परेड का आयोजन दक्षिणी कमान क्षेत्र में हो रहा है। बेंगलुरु में सेना प्रमुख जनरल एम पांडे ने कहा कि पहली बार आर्मी दिवस परेड और इससे जुड़े अन्य

**75वां आर्मी दिवस**

### बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में किया जा रहा है आयोजन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी डे पर शुभकामनाएं दीं

कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाहर आयोजित किए जा रहे हैं। इसने सेना को लोगों से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर दिया है। मुझे विश्वास है कि इससे हमारे संबंध और भी मजबूत होंगे। इस दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि पश्चिमी सीमावर्ती इलाकों में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और संघर्ष



विराम के उल्लंघन में भी कटौती हुई है। लेकिन सरहद पार आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर अभी भी बरकरार है। जम्मू और पंजाब के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन से हथियार, ड्रग की तस्करी जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी डे पर शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, सेना दिवस पर मैं सभी सैन्य कर्मियों, दिग्गजों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। हर भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है और हमेशा हमारे जवानों का आभारी रहेगा। उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है और संकट के समय उनकी सेवा के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

सेना प्रमुख ने कहा कि अग्निपथ योजना के आने से एक ऐतिहासिक और प्रगतिशील कदम उठाया है। हमने भर्ती प्रक्रिया को स्वचालित किया है। हमें देश के युवाओं से अच्छा रिस्पांस मिला है। पुरुष अग्निवीर के पहले बैच की ट्रैनिंग शुरू हो चुकी है। अग्निवीरों को आगे चयन करने के लिए मजबूत प्रक्रिया विकसित की है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि उत्तरी सीमावर्ती इलाकों में स्थिति सामान्य रही है। जवानों को सभी प्रकार के हथियार, उपकरण और सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में दी जा रही हैं। 75वें सेना दिवस का आयोजन बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में किया जा रहा है। इस बार सेना दिवस परेड का आयोजन दक्षिणी कमान क्षेत्र में होने जा रहा है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे परेड की समीक्षा करेंगे और वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे, जिसके बाद आर्मी सर्विस कोर्प्स टॉरनेडो की ओर से साहसी मोटरसाइकिल प्रदर्शन, पैराट्रूपर्स द्वारा स्काईडाइविंग प्रदर्शन, डेयरडेविल जंप और आर्मी एविएशन कोर्प्स के हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट किया जाएगा। दरअसल, 15 जनवरी 1949 में फील्ड मार्शल कोडंडेरा एम करियप्पा भारत के पहले मुख्य कमांडर बने थे। 1949 से ही इस दिन की याद में सेना द्वारा खास आर्मी डे परेड का आयोजन किया जा रहा है। अब तक यह परेड दिल्ली में होता था। पहली बार इस परंपरा को तोड़ते हुए आयोजन दिल्ली की जगह बेंगलुरु में किया जा रहा है।

## संक्षेप

### भीम सेना की कैडर मिटिंग हुआ संपन्न

**माण्डा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना की कैडर मिटिंग ग्राम सभा हड़िया, माण्डा, विधानसभा क्षेत्र मेजा इलाहाबाद में प्रेम शंकर कुशवाहा राष्ट्रीय महासचिव भीम सेना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों को भीम सेना संस्थापक सनाउल्ला खान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बहुजनों को उनके हक अधिकार से वंचित करने के लिए आरक्षण खत्म कर रही है और निजीकरण को लाकर संवैधानिक आरक्षण की हत्या किया जा रहा है। नगर निकाय चुनाव में सरकार की उदासीनता की वजह से, न्यायपालिका के माध्यम से ओबीसी को आरक्षण से वंचित करने का प्रयास किया गया। आये दिन दलितों व मुसलमानों का जातिवादी मानसिकता के अत्याचारियों के द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है तथा पुलिस हिरासत में हक अधिकार की आवाज को दबाने के लिए हत्या तक कर दिया जा रहा है, जो कि सरकार की विफलता को दशार्ता है। भीम सैनिकों को सुरेश चंद्र राव, लल्लन लहरी, मोहिउद्दीन वारसी, केदार नाथ, राम आसरे सरोज, राजेन्द्र कुशवाहा, राजू कुशवाहा, राकेश सोनकर आदि पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। भीम सेना संस्थापक सनाउल्ला खान ने उपस्थित पदाधिकारियों को 26 फरवरी 2023 रविवार को माण्डा खास इलाहाबाद में होने वाले भीम सेना दसवाँ स्थापना दिवस समारोह भूमि अधिकार रैली में भारी संख्या में पहुंचने को लेकर अपील किया।

### मकर संक्रांति पर्व पर गंगा घाटों पर रही भीड़ लोगों ने मेले का उठाया लुत्फ

**माण्डा।** माण्डा के गंगा घाटों पर मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शनिवार व रविवार को माण्डा के डेंगुरपुर,बाणपुर,बाधपुर,महेवाकलां,नरवर चौकठा व क्षेत्र के स्थानीय गंगा घाटों पर मकर संक्रांति पर्व पर स्नानार्थियों की भीड़ रही जिसमें लोगों ने गंगा स्नान कर दानकर पुण्य प्राप्त किया।विगत वर्ष की भांति शनिवार को बामपुर गंगा घाट पर स्थित राम जानकी मंदिर पर मेले का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में भीड़ रही।इस अवसर पर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय नजर आया जिससे किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो निरीक्षक प्रभारी मांडा अरविंद कुमार, चौकी प्रभारी भारतगंज दुर्गेश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहें।

# ईंट से सिर कूचकर अधेड़ की निर्मम हत्या

**उतरांव।** प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव बिजकापुरा निवासी पूर्णमासी उर्फ मेड़ई भारतीय 60 वर्ष का शव ग्रामीणों ने बाग में देखकर पुलिस को सूचना दी घटना के बारे में बता दे की पूर्णमासी उर्फ मेड़ई भारती अमरूद का बाग लेकर अमरूद बेचने का कारोबार करता था कल बाजार में अपने भतीजे के साथ अमरूद बेचने गया था बेचकर वापस बाग में खाना बनाकर सो गया कि किसी ने रात में सर कुचल कर हत्या कर दी मृतक के दो भाइयों में सबसे बड़ा भाई था मृतक की शादी नहीं हुई थी छोटा भाई भागीपुर सरायनाइत में रहता है ग्रामीणों ने मृतक के भाई को भी सूचना दे दी, परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तहरीर दिया है जिस पर हंडिया पुलिस ने अज्ञात हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौके पर फॉरेंसिक टीम स्क्वाड जांच पड़ताल की, घटना की सूचना पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक अग्रवाल पहुंचे और जल्द ही कातिल कातिल को पकड़े जाने का आश्वासन दिया।


हत्या की जांच पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम

### कक्षा नौ का छात्र लापता

**फाफामऊ।** मलाक हरहर का कक्षा नौ का छात्र घर से पढ़ने के लिए निकला और लापता हो गया। देर रात घर वापस न लौटने पर परिजनों ने छात्र की खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। छात्र के पिता ने रविवार को फाफामऊ थाना में छात्र का लापता होने का मुकदमा दर्ज कराया । जानकारी के मुताबिक मलाक हरहर गांव के मनोज कुमार का लड़का दीपांशू 17 वर्ष भारत स्काउट स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। वह अपने चाचा के साथ तेलियरगंज में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करता था। शनिवार को वह घर से विक्रम से कमरे पर पढ़ाई करने निकला था लेकिन न तो वह कमरे पहुंचा और न ही घर वापस आया। रविवार को उसके पिता मनोज कुमार लापता होने का फाफामऊ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

## वरिष्ठ पत्रकार की मौत, शोक की लहर

**नैनी।** एक लोकप्रिय हिंदी पत्रिका के संपादक और वरिष्ठ पत्रकार रणजीत सिंह पटेल का रविवार को हृदयाघात से निधन हो गया वे सत्तर वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। वे बीकर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान भी रह चुके हैं। दोपहर बाद उनकी शवयात्रा पैतृक निवास चक सेमरा से उठकर यमुना नदी के सुजावनदेव घाट पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। रणजीत सिंह अपने पीछे पत्नी प्रमीला सिंह और भाई भतीजों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी मौत पर शोक संवेदना देने पहुंचने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचन्द्र पटेल, दिनेश पटेल, पूर्व ग्राम प्रधान फूलचंद पटेल, गुलाब सिंह, हरिशंकर पटेल, शंभूनाथ सिंह, पत्रकार हजारीलाल कुशवाहा, शोभनाथ कुशवाहा, विजय चितौरी, धनंजय सिंह, रमेश चंद्र एडवोकेट, सूबेदार सिंह, आदि लोग प्रमुख रहे।

## कुरेशरघाट पर श्रद्धालुओं ने लगाईं गंगा में आस्था की डुबकी, किया पूजन-नमन


कुरेशर घाट पर प्रसाद ग्रहण करते लोग

**मेला**

### कुरेशरघाट पर लगता है ऐतिहासिक मेला, लोगों ने उठाया लुफ्त

**नवाबगंज।** मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने कुरेशरघाट पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हुए नमन किया है। जबकि मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी घरों में पकवान कर खुद के साथ ही दूसरों में भी वितरण करते हैं। वहीं कौड़िहार ब्लाक के कुरेशरघाट पहुंचकर लोगों ने गंगा स्नान के बाद ऐतिहासिक मेला देखकर लुप्त उठाते हुए अनेकों प्रकार के व्यंजनों का स्वाद भी चखा। जबकि ऐतिहासिक मेले में शिरकत कर लाई, चना, ढुंढी के साथ ही दाने भी चबाएं गए। मकर संक्रांति पर्व पर पूर्व ब्लाक प्रमुख तुलसी राम सरोज के आवास पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कौड़िहार राजू पाल ने लोगों में खिचड़ी भी वितरण किया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कौड़िहार राजू पाल, अशोक शंकर मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख तुलसी राम सरोज, राम चंद्र साहू समेत मौजूद रहे। जबकि मकर संक्रांति पर्व पर कुरेशरघाट पर डांडी चौकी प्रभारी सच्चिदानंद मय फोर्स डटे रहे।

## लाखों की चोरी के बाद चोरों ने दोबारा फिर से चोरी का किया प्रयास

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। आज तक हुई दर्जनों चोरी का पदार्फाश नहीं हुआ। एक गारमेंट्स की दुकान में लाखों की चोरी के बाद फिर चोरी का आसफल प्रयास किया गया। मामला सोशल मीडिया एंव ट्वीटर पर वायरल होने के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ। मऊआइमा क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाओं से लोग भयभीत हैं। अब तक दर्जनों चोरी की घटनाओं का अभी तक पदार्फाश नहीं हुआ। बताया गया हैं की ग्राम गदियानी नहर के निकट चौराहे पर नागेंद्र सिंह पटेल पुत्र जीत लाल पटेल सिध्दार्थ गारमेंट्स के नाम से रेडीमेड की दुकान चलाते हैं। दिसम्बर माह में चोरों ने लाखों रुपये के सामानों की चोरी की थी।फिर विगत दिनों चोरों ने दुकान के दरवाजे का ताला तोड़ कर कुंडी तोडी परन्तु कुंडी फंस जाने से चोरों ने चार स्थान पर सेंधमारी किए परन्तु चोरी करने में आसफल रहे। भुक्भोगी नागेंद्र सिंह पटेल ने इसकी सूचना पुलिस को दी। परन्तु आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मामला सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर वायरल हो रहा है।

## पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**मऊआइमा।** किसी बातो को लेकर पति पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उस की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने कोई कार्यवाही न करने की बात पुलिस से कही। फिर परिजनों ने अन्तिम संस्कार कर दिया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासनी अनिता देवी 23 वर्ष पत्नी शारदा पसाद पटेल पति पत्नी में किसी बातों को लेकर शनिवार को कहासुनी हो गईं थी। जिसपर पति ने फटकार लगा दिया था। जिससे क्षुब्ध अनिता देवी ने कोई कीटनाशक पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर सोरांव स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान रविवार को अनिता देवी अपनी जिन्दगी से जंग हार गयी और उसकी मौत हो गई। सूचना पर मृतका के मायके पक्ष के लोग पहुंच गए। जहां मृतका के पिता प्रहलादी ग्राम परमान्दपुर(गोवर्धपुर) ने किसी भी किस्म की कोई कार्यवाही करने से इंकार कर दिया । मृतका की एक पुत्री दो वर्ष, एक पुत्र आठ माह का है। परिजनों ने अनिता के शव को ले जाकर अन्तिम संस्कार कर दिए।

### सिरसा सहित क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाट पर स्नानार्थियों की भीड़ जुटी रही

**उरुवा।** मकर संक्रांति पर्व पर रविवार को उरुवा के नगर पंचायत सिरसा सहित अनेक गंगा घाटों पर नहाने वालों की भीड़ जुटी रही। सुबह से ही लोगों ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ लिया। गंगा स्नान के बाद स्नानार्थियों ने सिरसा स्थित प्राचीन मंदिर शिव मंदिर श्रीनाथ बाबा का दर्शन कर जल अर्पित किया। लोगों ने मंदिर गंगा घाट और मंदिर प्रांगण के बाहर बैठे भिक्षुओं को तिल चावल और खिचड़ी का दान कर पुण्य लाभ कमाया। मकर संक्रांति मानने को लेकर 14 और 15 जनवरी में लोग बटे रहे,लेकिन समूचे क्षेत्र में अधिकतर लोगों ने रविवार को ही स्नान करने के बाद दान देकर पुण्य लाभ लिया।

# संगम किनारे प्रवास की सुखानुभूति का अहसास कराएगा टेंट सिटी : नन्दी

**उद्घाटन**

### कुम्भ मेले की तरह अब हर साल लगने वाले माघ मेले की दिव्यता और भव्यता बढ़ाने का काम कर रही योगी सरकार : नन्दी

### पर्यटन मंत्रालय द्वारा अरैल में स्थापित टेंट सिटी का मंत्री नन्दी ने किया उद्घाटन


अरैल में स्थापित टेंट सिटी का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री नंदी

**नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को उत्तर प्रदेश टूरिज्म मिनिस्ट्री द्वारा अरैल में संगम किनारे सोमेश्वरनाथ मंदिर के सामने बनाए गए अत्याधुनिक टेंट सिटी का उद्घाटन किया। ताकि माघ मेला में आने वाले लोग टेंट सिटी में रह कर गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर लगने वाले माघ मेला का आनन्द ले सकें और यहां रह कर माघ मेले की दिव्यता और भव्यता का एहसास करते हुए ईश्वर की आराधना कर सकें। जहां पर लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव के साथ ही संगम किनारे प्रवास की सुखानुभूति होगी। टेंट सिटी के उद्घाटन अवसर पर माघ मेला प्रभारी अरविंद सिंह चौहान व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

टेंट सिटी का उद्घाटन करते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में कुम्भ और माघ मेला का आयोजन वर्षों से होता आ रहा है। लेकिन 2019 में मोदी और योगी सरकार ने दिव्य कुम्भ और भव्य कुम्भ का आयोजन कर पूरे विश्व को भारत की संस्कृति, सभ्यता, वैभव और अध्यात्म से जोड़ा। अब 2025 में भी दिव्य और भव्य महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि हमारा मकसद प्रयागराज की सांस्कृतिक धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर को विश्व पटल पर प्रदर्शित करना है। हम मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के इस पवित्र संगम में हर उस व्यक्ति को गोता लगवाना चाहते हैं, जो अपनी धार्मिक विरासत को सहेजना चाहता है, करीब से देखना चाहता है, यहां कल्पवासियों की तपस्या को समझना चाहता है। संगम की रेती पर चलने वाली महीने भर की इस तपस्या को देखने समझने और जानने के लिए देश विदेश के लोगों में बड़ी ललक है। लेकिन अभी तक बाहरी लोगों के लिए इस तरह की सुविधाएं केवल कुम्भ मेला के दौरान ही उपलब्ध होती थी। कुम्भ मेला की तरह माघ मेला में भी लोग यहां आकर रह सकें, माघ मेले की दिव्यता और भव्यता का आनन्द ले सकें। इसलिए माघ मेले में टेंट सिटी को स्थापित किया गया है। ताकि लोग यहां मेले की भव्यता का आनंद ले सकें, प्रदेश सरकार अब इस ओर आगे बढ़ रही है। आने वाले दिनों में टेंट सिटी की भव्यता को और व्यापक बनाया जाएगा।

### 11 बीघे में बसी टेंट सिटी में उपलब्ध है आधुनिकता की हर सुख सुविधा

अरैल में संगम किनारे सोमेश्वर मंदिर के सामने करीब 11 बीघे मे बसाई गई इस टेंट सिटी में 20 डीलक्स टेंट सेट लगाए गए हैं। इसके अंदर डबल बेड बेडरूम, अटैच वाशरूम के साथ ही कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था है। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर टेंट सिटी के सामने संगम की ओर जाली नुमा बैरिकेटिंग लगाई गई है और पीछे की ओर लोहे के टीन से पूरी तरह बैरिकेट किया गया है। हर टेंट में रंग बिरंगी कालीन के साथ ही हरे रंग की घास वाली मैट भी लगाई गई है, जो पूरी तरह लॉन का लुक देता है। धार्मिक आध्यात्मिक और प्राकृतिक सौंदर्यता से ओतप्रोत इस टेंट सिटी को बसाने का मकसद प्रयागराज में टूरिज्म क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इससे यहां की ऐतिहासिक भौगोलिक सांस्कृतिक सामाजिक और आध्यात्मिक उपलब्धियों के बारे में देश विदेश के लोगों को परिचित कराया जा सके। इस अत्याधुनिक टेंट सिटी को बनाने के लिए अहमदाबाद, वाराणसी, बंगाल, गुजरात समेत अन्य प्रदेशों से कारीगरों को बुलाया गया है। इसकी बुकिंग के लिए टूरिजम मिनिस्ट्री की अधिकृत वेबसाइड पर जानकारी मिल सकेंगी। इससे पहले यह टेंट सिटी महाकुम्भ या कुम्भ के पर्व पर ही बसाई जाती थी। पहली बार माघ मेले मे इसे बसाया गया है।

## फायरिंग करने पर शांति भंग में किया चालान

**खीरी।** कोरांव तहसील के सीकरो ग्राम सभा में वर्चस्व की लड़ाई लड़ी जा रही है। मामले में आरोप है कि शनिवार को देर शाम हवाई फायरिंग किया गया । मौके पर कोरांव पुलिस भी पहुंची ।मामले में कोरांव पुलिस ने शांति भंग की धारा में दोनों पक्ष से चालान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सुशील कुशवाहा इस बार सिकरो ग्राम के प्रधान चुने गए हैं। चर्चा है कि सुशील कुशवाहा को प्रधान चुना जाना पूर्व प्रधान पक्ष के लोगों को नागवार गुजरती चली आ रही है।

अभी बीते सितंबर माह में पूर्व प्रधान के पक्ष के लोगों ने सुशील कुशवाहा ग्राम प्रधान के परिवारी जनों पर धारदार हथियार से हमला बोला था। जिसमें 7 लोग लहूलुहान हुए थे जिसमें तीन व्यक्ति गंभीर हालत में चले गए थे।इलायल में लाखो रुपए खर्च हुऐ थे। मामले में उस समय कोरांव पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोप है कि शनिवार को उक्त मामले में सुलह करने और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने हेतु पूर्व प्रधान पक्ष के लोगों ने वर्तमान प्रधान के घर के रास्ते से जाते हुए हवाई फायरिंग की। गाली गलौज भी हुई। सूचना पर कोरांव पुलिस मौके पर पहुंची । मामले में थानाध्यक्ष कोरांव जोकि 7 महीने से कोरांव के थानाध्यक्ष हैं। थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना की। मामले में वर्तमान प्रधान पक्ष से विनय कुशवाहा व सुशील कुशवाहा पुत्र गण विद्या कांत कुशवाहा तथा पूर्व प्रधान पक्ष से सहेंद्र कुमार ओझा पुत्र कमला शंकर ओझा व चंद्र नारायण ओझा, कृष्ण नारायण ओझा पुत्र गण गायत्री प्रसाद ओझा के विरुद्ध शांति भंग का चालान किया गया है।

# डिम्पल यादव नारी शक्ति का प्रतीक हैं : नरेन्द्र सिंह

**सम्मान**

### भड़ेवरा गांव में डिम्पल यादव के जन्म दिन पर 500 कम्बल वितरित कर असहायों व महिलाओं को किया सम्मानित

**मेजा।** समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिम्पल यादव का जन्मदिन ह्नमहिला सम्मान दिवस‍ के रूप में रविवार को मेजा क्षेत्र के भड़ेवरा गाँव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। गाँव की पूर्व प्रधान श्रीमती अनीता सिंह ने 11पाउंड का केक काटकर एक दूसरे को खिलाया वहीं महिलाओं ने सोहर गीत गाकर, ढोल, मंजीरे की थाप पर नाचते - गाते हुए अपने चहेती नेत्री एवं सांसद डिम्पल यादव के लम्बी उम्र तथा राजनैतिक क्षितिज में ऊँचाइयाँ हासिल करने की मंगल कामना की।

कार्यक्रम के कर्ता -धर्ता समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने क्षेत्र की 500 वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा महिलाओं को कम्बल एवं भोजन पैकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित करते हुए सांसद श्रीमती डिम्पल यादव जी के दीघार्यु होने तथा राजनैतिक ऊंचाईयों का आशीर्वाद माँगा। इस मौके पर नरेंद्र सिंह ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद डिम्पल यादव नारी शक्ति की प्रतीक एवं सौम्यता की प्रतिमूर्ति हैं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मा. मुलायम सिंह यादव जी की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव मे ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल कर उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत किया साथ ही प्रदेश के जनमानस में महिला शक्ति के रूप में उभरी हैं। नरेन्द्र सिंह ने सपा की पूर्व सरकार की तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि श्री अखिलेश यादव जी ने कन्या विद्या धन, डायल 1090, विधवा पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी, महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान की तमाम योजनाओं को लागू कर प्रदेश मे अभूतपूर्व कार्य किया।जिसकी प्रदेश की जनता आज भी तारीफ करती है।


महिलाओं में कम्बल वितरित करते नरेंद्र सिंह व अनिता सिंह

इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में निष्पक्ष तथा विशिष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट विभूतियों को सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन युवा सपा नेता हिमांशु कुमार सिंह ने किया तथा चर्चित गायक पंडित शिवानन्द शुक्ल ने अपने सुरीले स्वरों से बधाई गीत गाकर कार्यक्रम में शमा बांध दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व श्री संदीप यादव पूर्व प्रत्याशी शहर उत्तरी, दान बहादुर मधुर, आर. एन. यादव, ई. विक्रम सिंह, अरबिंद वर्मा, अरुण यादव, तारिक अनवर, गोपाल सागर, पप्पू सिंह, हिमांशू कुमार एडवोकेट, विजय बहादुर कुशवाहा, बाबू नंदन यादव, निशा कुमारी, उर्मिला देवी, विमला देवी, राजन शर्मा, मोहित शर्मा, दुर्गेश शर्मा, छब्बू राम, कल्लू राम शर्मा, प्रमोद शर्मा, मान सिंह, दीपू सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

## स्नानार्थियों एवं यात्रियों को वितरित किया गया खिचड़ी व चाय


स्नानार्थियों व यात्रियों को खिचड़ी व चाय वितरित करते संस्थान के लोग

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा माघ मेले अरैल में रविवार को संचालित सरस्वती परिवार के शिविर सेक्टर 1 ए में नर सेवा एवं नारायण सेवा के तहत स्नानार्थियों एवं यात्रियों को खिचड़ी एवं चाय वितरित किया गया। स्वच्छता के प्रति समर्पित सरस्वती परिवार ने स्वच्छता के साथ साथ माघ मेले में यात्रियों एवं स्नानार्थियों को जागरूक करने के साथ भोजन प्रसाद करवाने का भी संकल्पित उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, महेश प्रसाद केसरवानी, ऋषि दीक्षित, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, वैभव कुशवाहा, आत्म प्रकाश यादव, रवि पटेल, दिलीप सिंह, रोहित दुबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, बब्रुवाहन सिंह, ज्योति सिंह, अंजली, नेता भैया, श्याम बिहारी, राज गोविंद, तुलसी, कार्तिकेय, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खण्ड विकास अधिकारी ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**माण्डा।** माण्डा के बेरी और केडवर ग्राम सभा में चौपाल लगा कर गांववासियों की समस्याओं को सुना गया। गांव? की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार के द्वारा अधिकारियों को गांव की समस्या का समाधान गांव में ही सुनकर निस्तारण करने के लिए गांव में चौपाल लगा कर त्वरित निराकरण किया जाय। इसी क्रम में माण्डा के केडवर में चौपाल लगाई गयी जिसमें पचास शिकायतें आयी जिसमें मौके पर बाइस का निस्तारण तेईस मामले लंबित किये गयें जिसका जल्द ही निस्तारण का आश्वासन दिया गया इसी प्रकार बेरी ग्राम सभा में चौदह मामले आयें नौ का निस्तारण त्वरित किया गया पांच लम्बित हैं।गांव में चल रही योजनाओं को परखा गया मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा गुंजता रहा।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह,खण्ड विकास अधिकारी माण्डा अमित मिश्रा,एडीओ पंचायत माण्डा विनोद कुमार दूबे, ग्राम पंचायत अधिकारी संजीव कुमार, सुजीत केशरी, ग्राम प्रधान बेरी विपिन कुमार सिंह व ग्रामीण मौजूद रहें।


चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनते खण्ड विकास अधिकारी

### मकर संक्रांति पर्व पर लोगों ने बांटी खिचड़ी

**फाफामऊ।** मकर संक्रांति पर्व फाफामऊ क्षेत्र में कई स्थानों पर दर्जन भर लोगों ने भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नीरज त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकताओं ने आजाद नगर शांतिपुरम में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया इसी तरह शांतिपुरम चौराहे पर रामकुमार यादव सहित अन्य लोगों ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। फाफामऊ बाजार में रोहित अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। गद्दोपुर, न्यू शांतिपुरम, पुराने फाफामऊ में भी खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

### पड़ोसियों ने किया युवक पर जानलेवा हमला , गंभीर

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के ददरी, दुबराजपुर में शनिवार रात को पड़ोसियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के ददरी, दुबराजपुर के रहने वाले छोटू और रवि पुत्र रामनरेश का विवाद पड़ोसियों से किसी बात को लेकर शनिवार रात लगभग आठ बजे होने लगी। बताया जाता है कि दोनों भाइयों को पड़ोसियों द्वारा जमकर पिटाई कर किया जा रहा था , तभी उनका भाई विपराल (21) मौके पर पहुंचा और बीच-बीच बचाव करने के लिए प्रयास करने लगा। आरोप है कि पड़ोसियों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियार से विपराल पर हमला कर दिया। जिससे उसका हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी मौका पाते ही मौके से धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को परिजन नैनी कोतवाली लेकर पहुंचे, जहां पर इलाज के लिए उन्हें भेज दिया गया। घायल विपराल का इलाज अरैल तिराहे पर स्थित एक स्थानीय अस्पताल में जारी है। मामले की तहरीर नैनी कोतवाली पुलिस को दी गई है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया

**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड शंकरगढ़ जिला यमुनापार की ओर से मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमे मुख्य वक्ता खण्ड शारीरिक शिक्षण प्रमुख रमेश ने कहा मकर संक्रांति आज का नहीं सदियों पुराना उत्सव है। इस दिन इस उत्सव को मनाने का बहुत महत्व है। समस्त हिंदू समाज जो भगवान भास्कर को आराध्य मानता है वह इस उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाता है। इस दिन भगवान भास्कर दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर मकर राशि में प्रवेश करते हैं इस कारण इस उत्सव का नाम मकर संक्रांति पड़ा। समाज का हर तबका हर व्यक्ति एक साथ इस उत्सव को संपूर्ण विश्व में मनाता है। आज के दिन है गंगा माता के सागर ने मिलने के कारण आज के दिन गंगासागर में बहुत बड़ा उत्सव मनाया जाता है।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने छः उत्सवों में से एक उत्सव के रूप में मकर संक्रांति को मनाता है। जिसके पीछे संघ का मुख्य उद्देश्य अपने समाज के हर वर्ग को अपने साथ जोड़ने और उसको समाज के मुख्यधारा में लाने तथा इस कार्य के द्वारा अपने हिंदू समाज को संगठित और शक्तिशाली तथा मजबूत बनाना है । आज हम आजाद हैं तो अपनी सारी कमजोरियों को दूर करना होगा। हम सनातनी प्रकृति का पोषण करते हैं शोषण नहीं हम प्रकृति का उपयोग पोषण द्वारा करते हैं शोषण द्वारा नहीं। भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं तो श्रीकृष्ण भी हमारे कर्ता के रूप में हैं भगवान श्री राम का नाम सिमरन करने के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण के जैसा कार्यकर्ता के रूप में हम कार्य को प्राथमिकता देते हैं। हम अपने कार्य द्वारा ही समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे । आज हमारी युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से बीमार किया जा रहा है इसके पीछे विदेशी संस्कृत और विकृत मानसिकता वाले लोगों का हाथ है। जिससे उसकी ऊर्जा का दुरुपयोग हो रहा है हमें अपने युवा पीढ़ी को जगाना होगा और उसकी ऊर्जा को कार्य में लाना होगा । इससे भारतवर्ष प्रगति करते हुए परम वैभव को प्राप्त हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी त्रिलोकीनाथ ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड कार्यवाह नरेंद्र, खंड व नगर प्रचारक आशुतोष, अवधेश, डॉक्टर प्रेमचंद, मूलचंद गुप्ता, दीपक नीर, प्रधानाचार्य रामसुमेर शुक्ला, मुकेश, विनय, पंकज राय, रतन जी, सुरेश, राम नारायण जी, सुजीत, राघवेंद्र जी सहित सैकड़ों लोग प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।



मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की आराधना कर लोक कल्याण की कामना करते मंत्री नंदी

# प्रयागराज

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 22.00 |
| न्यूनतम : | 8.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## संक्षेप

### मंत्री नन्दी ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** स्नान, दान एवं ध्यान के पावन पर्व मकर संक्रान्ति पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की आराधना कर पुण्य के साथ ही लोक कल्याण की कामना की। मंत्री नन्दी ने कहा कि माघ का महीना अत्यंत पुण्यदाई और फल दाई माना जाता है। संगम तट पर स्नान, ध्यान और पूजा पाठ करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।

# उदया तिथि मकर संक्रांति पर्व पर 24 लाख से ज्यादा लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**आस्था**

**वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराई सुनिश्चित**



संगम में डुबकी लगाने जाते श्रद्धालु

**प्रयागराज।** रविवार को उदया उदया तिथि मकर सक्रांति पर्व सायं 06:00 बजे तक लगभग 24 लाख 60 हजार लोगों ने मेला क्षेत्र में बनाए गए 15 घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं विवेक चतुर्वेदी ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सभी सेक्टरों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।

सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी तरह की कोताही ना हो यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी रात से ही भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया। भ्रमणशील अफसरों में पुलिस अपर महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश, पुलिस अपर आयुक्त आकाश कुलहरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, राजीव नारायण मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक मेला आदित्य शुक्ला शामिल रहे।

श्रद्धालुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु पूरे मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था कराई गई थी तथा पूरे स्नान की अवधि में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में पहुंचे स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, फूल माला से हुआ स्वागत



स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी का आगमन हुआ। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी का स्वागत उनके समर्थकों ने फूल-माला से किया। हर-हर महादेव के नारों से त्रिवेणी मार्ग उत्तरी पटरी स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ का शिविर स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के आने के उपरांत गूंज उठा।

स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की सनातन धर्म के बल पर ही सृष्टि संचालित हो रही है। आदि-अनादि काल से सनातन धर्म का अस्तित्व है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा राजनेताओं से जनता का भला तो हो नहीं रहा है परंतु सनातन धर्म के प्राण श्री रामचरित मानस पर ओछी टिप्पणी करके वह अहलादित हो रहे हैं। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की प्रभु राम का पूरा जीवन समाज को जोड़ने हेतु रहा पर कुछ लोग वोट के लिए प्रभु राम के जीवन पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगा रहे हैं जो न्यायोचित नहीं है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की पूरी दुनिया प्रभु राम को सबरी और निषादराज के राम के रूप में जानती है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की नेताओं को श्री रामचरित मानस पर गलत टिप्पणी नहीं करना चाहिए। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की क्या जिस नेता ने श्री रामचरित मानस पर टिप्पणी किया है वह दूसरे धर्म के पूज्य ग्रंथ पर टिप्पणी कर सकते हैं। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की प्रभु राम सद्भावना और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। इस अवसर पर संदीप ब्रह्मचारी, नागेश शुक्ला, अजय पांडेय, राजीव मौर्य, जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मनैया मेले में नौनिहालों ने झूले का उठाया लुफ्त



**करछना।** मकर संक्रांति के अवसर पर मनुघाट मनैया में लगने वाले दो दिवसीय मेले में नौनिहालों एवं युवाओं ने जमकर मेले में झूले का आनंद उठाया वहीं छोटे बच्चे भी छोटे झूले रेलगाड़ी मोटर गाड़ी जंपिंग को आदि खेलों का जमकर लुफ्त उठाया मकर संक्रांति के अवसर पर मनुघाट मलैया में 2 दिन तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्र के भक्त जनों द्वारा गंगा स्नान के पश्चात शिवालयों में जलाभिषेक करने के पश्चात पास स्थित लगने वाले दो दिवसीय मेले में जमकर खरीदारी करते हैं तथा मेले में आई हुई दुकानों पर घर गिरस्ती से लेकर खिलौने आदि? झूला सर्कस का भी आनंद लेते हैं मेले में व्यवस्था सुचारू से प्रशासन मुस्तैदी से जुटा रहा।

### मकर संक्रांति पर भाजपा नेता ने बांटी खिचड़ी किट



**मेजा।** गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज के अध्यक्ष भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने मकर सक्रांति के अवसर पर खिचड़ी किट वितरित कर बधाई दिया। भाजपा नेता व गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष छतवा, मेजा के प्रेमशंकर सिंह ने नोयडा में रविवार को मकर सक्रांति के अवसर पर सिक्योरटी व जरूरतमंदों में खिचड़ी किट वितरित कर बधाई दी। किट पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

### एम.डी.आर.एस. मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया



**करछना।** एम.डी.आर.एस. मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शिक्षा अमृत प्रतिभा खोज परीक्षा कराई गाई थी जिसके परिणाम उपरान्त प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया उक्त प्रतियोगिता में यमुनापार के राम रती पटेल महाविद्यालय सहलोलवा में रविवार को आयोजित किया गया जिसमें 15-20 विद्यालय के 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें ग्रुप अ में प्रथम पुरुस्कार 1 साइकिल 5100 नगद राशि तथा द्वितीय पुरुस्कार 1 साइकिल 2100 नगद राशि एवं तृतीय पुरुस्कार 1 साईसिल 1100 नगद राशि तथा चतुर्थ पुरुस्कार 701 नगद राशि पंचम 501 नगद राशि था यही पाँच पुरुस्कार ग्रुप इ व ग्रुप उ में भी रहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान संघ करछना के अध्यक्ष श्री अवतार किशन सिंह जी अतिविशीषट् अतिथि प्रधान संघ के उपाध्यक्ष श्री सुरेश पांडेय , प्रधान धीतेश तिवारी एवं संयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरदहा बृजेश मौर्य एवं आयोजक ट्रस्ट के प्रेसिडेंट ऋषिकेश शर्मा एवं उक्त कार्यक्रम संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### समाजसेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं : इंद्रदेव शुक्ल



माण्डा विकास खंड में कम्बल वितरित राजू भैया

**मेजा/माण्डा।** डीजीएस परिवार की ओर से गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों में चल रहे कम्बल वितरण अभियान के क्रम में भाजपा नेता जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने रविवार को विधान सभा क्षेत्र के माण्डा विकास खण्ड के दर्जनों गांवों में सैकड़ों लोगों में कम्बल वितरित किया । डीजीएस परिवार सोना भवन कुअँर पट्टी की ओर से राजू भैया ने विकास खण्ड माण्डा के माण्डा, बेदौली, भारतगंज, गिरधरपुर, बकसपुर, हड़िया, कटका, प्रयागपुर, भरारी, भरथीपुर, बेला, फचकरा के लगभह एक हजार असहायों, गरीबों और जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया । राजू भैया ने संबोधित करते हुए कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में जरूरतमंदों और असहायों में कम्बल वितरित करने के बाद उनके चेहरों पर जो मुश्कान देखने को मिलती है उससे मन को तसल्ली मिलती,सुकून मिलता है । उन्होंने कहा समाज सेवा से बढ़कर कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है । इस दौरान मुख्य रूप से माण्डवीशरण द्विवेदी, राजमनी द्विवेदी, जितनारायन श्रीवास्तव, विक्रमादित्य मौर्य, रामबली मौर्य, रंजीत सोनी, अखिलेश तिवारी, पप्पू मिश्रा, संगम लाल विश्वकर्मा, कृपाशंकर मिश्र,शिवम दुबे सहित दर्जनों लोग रहे ।

# बस की टक्कर से आटो चालक की मौत, चार सवारियां गंभीर



घटनास्थल पर मृत पड़ा विक्रम चालक

**प्रयागराज।** शहर के तेलियरगंज इलाके में तेज रफ्तार बस की टक्कर से आटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आटो में सवार चार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रविवार शाम को हुआ। आटो चालक सवारियों को लादकर शहर की ओर आ रहा था कि इसी बीच प्रतापगढ़ की ओर जा रही बस ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। कुछ देर में पुलिस पहुंच गई। बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# आरएएफ में धूमधाम से मकर संक्रांति पर्व मनाया

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित 101 द्रुत कार्य बल में मकर संक्रांति व लोहड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस के उपलक्ष में रविवार को कैंप परिसर में पतंग महोत्सव व भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आरएएफ कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम व क्षेत्रीय कावाअध्यक्ष प्रीति गौतम द्वारा मेले का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया उक्त अवसर पर मेले में स्थानीय बाजार से खाने-पीने के विभिन्न प्रकार के स्टाल वह बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें लगाई गई सभी कार्मिकों व उनके परिवार जनों ने पतंग महोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी उप कमंडेंट विनोद कुमार, बृजेश कुमार दुबे, प्रदीप कुमार पाठक, मुकेश कुमार पांडेय सहित भारी संख्या में आएएएफ कर्मी उपस्थित रहें।

# मकर संक्रांति के अवसर पर जंघई उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



रक्तदान शिविर में उपस्थित लोग

**जंघई।** मकर संक्रांति के अवसर पर जंघई उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय रक्त केंद्र तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) प्रयागराज के डाक्टर अजय मिश्रा और उनकी टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।इस कार्यक्रम में उपस्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, महामंत्री महेंद्र कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, महासचिव विवेक कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शंभूनाथ गुप्ता, राकेश कुमार जायसवाल, रोहित जायसवाल, सुभाष उमरवैश्य, आयुष, आदित्य आदि लोग उपस्थित रहे । सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनकी संख्या लगभग 25 रही।

# बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**स्थानीय लोगों की सूचना पर थरवई पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए बेली अस्पताल ले जाया गया**

**थरवई।** रविवार की देर शाम थरवई थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पूरे चंदा थरवई फाफामऊ मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर थरवई पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए बेली अस्पताल ले जाया गया। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के मलाकामय भौसाही गांव निवासी रामनरेश भारतीया उम्र 55 वर्ष महेंद्र भारतीय 32 वर्ष बब्बू भारतीय 29 वर्ष तीनों एक ही बाइक से शहर में मेहनत मजदूरी करके घर वापस लौट रहे थे बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए जैसे ही मुड़कर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर मारने वाले बाइक सवार भी चोटिल हो गए थे लेकिन मौके से भागने में सफल रहे। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी को दी सूचना पाकर पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद अखिलेश कुमार सुखचैन तिवारी मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए शहर के बेली अस्पताल में जरिए 108 एंबुलेंस की मदद से ले जाया गया और घायलों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना पुलिस ने दी।

# डीसीपीसी सदस्यों ने पुलिस प्रशासन का किया सहयोग



जिला अपराध निरोधक समिति के स्वयंसेवक

**प्रयागराज।** रविवार को मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर जिला अपराध निरोधक समिति के सैकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र संगम नोज, गंगा घाटों, पालटून पुलों, हनुमान मंदिर, अरैल, झूँसी बसअड्डों एवम रेलवे स्टेशनो पर आए हुए श्रद्धालुओं एवम स्नानार्थियों की मुस्तैदी से सेवा में लगे रहे। स्वयं सेवकों द्वारा मेले में दर्जनों भूले भटके लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया एवम कुछ डूबते हुए स्नानार्थियों को जल पुलिस की मदद से बचाया । इसी क्रम में मोबाइल टीमें एक कुलदीपधर के नेतृत्व में विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, रोहित सिंह यातायात संचालन में एवम दूसरी लक्ष्मी कांत मिश्र जी के नेतृत्व यासीन अहमद, हलीम, लवेश शर्मा में संगम नोज पर पुलिस प्रशासन के सहयोग में लगी रही। महिला टीम का नेतृत्व सोनिका केसरी, शिवा त्रिपाठी प्रियंका पराशर ने किया, मेजा टीम का नेतृत्व हरिशंकर यादव, खीरी टीम का नेतृत्व सुभाष चंद्र जायसवाल एवम रामजी सोनी, युथ टीम नगर फहीम अहमद शेरू, युथ टीम कर्नलगंज का नेतृत्व मोहित सिंह, यूथ टीम नैनी का नेतृत्व मनीष विश्वकर्मा, अरैल नैनी में टीम रामबाबू सिंह के नेतृत्व में, झूसी में टीम का नेतृत्व आंनद सिंह एवम रमेशचंद्र यादव टीम मुट्ठीगंज का नेतृत्व सचिन केसरवानी, कीडगंज टीम का नेतृत्व कुणाल जायसवाल, करेली का नेतृत्व कयाम उद्दीन, रेलवे स्टेशन पर शकील अहमद और युथ टीम फहीम अहमद के नेतृत्व में, कोरांव युथ टीम संदीप कुशवाहा के नेतृत्व मेंअतरसुइया टीम का नेतृत्व निर्मलजीत चड्डा व सरदार हरविन्दर सिंह ने किया। शिविर में मेडिकल कैम्प का आयोजन, डॉ सुनील कुमार पटेल, डॉ संतोष कुमार यादव, एवम डॉ मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कैम्प शिविर संचालन में दीपक तिवारी, सतीश चंद्र मिश्र, भावना त्रिपाठी, मनोज कुशवाहा, एस. एम सिंह चमन, संदीप सोनी, राकेश शर्मा, शिवम शुक्ला, अरुण गुप्ता, बच्चा जायसवाल, अमित गुप्ता, अखिलेश जैन, रूपेश जैन,सुरेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

# ‘रामनगरी शीतला मैया के महिमा अपरंपार बाटई जानत सारा संसार बाटई’ : राजेश परदेशी



भक्ति एलबम की शूटिंग करते भोजपुरी गायक राजेश परदेशी टीम के साथ

**उरुवा।** भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक राजेश परदेसी के द्वारा एक भक्ति एलबम की शूटिंग रविवार को मेजा के विभिन्न प्राचीन मंदिरों पर किया गया। इस दौरान शूटिंग को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। भोजपुरी गायक राजेश परदेसी ने बताया कि गाने की शूटिंग का उद्देश्य यह है कि क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को चिन्हित कर उन पर भक्ति गीत बनाया जाए,जिससे उसे दृष्टि पटल पर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा मौका है कि इस एलबम के माध्यम से क्षेत्र के साथ बाहर के लोग भी क्षेत्रीय मंदिरों के बारे में बखूबी जान सकेंगे?। इसी उद्देश्य से उन्होंने रविवार को क्षेत्र के मानस मंदिर,रामनगर स्थित शीतला धाम,औंता के महावीर मंदिर,पहड़ी महादेव,परानीपुर सुदिष्ट ब्रह्म धाम आदि मंदिरों में रामनगर शीतला मैया शीर्षक भक्ति एलबम में 'रामनगरी शीतला मैया के महिमा अपरंपार बाटई, जानत सारा संसार बाटई - दर से सवाली जाये न खाली,अइसन ई दरबार बाटई' गाने की शूटिंग किया। वहीं मेजारोड मानस मंदिर में हुई गाने की शूटिंग के बोल 'इंजीनियर नित्यानंद के सेवा जहां स्वीकार बाटई, उहां हनुमानजी के महिमा अपार बाटई, गाने की शूटिंग हुई। एलबम की शूटिंग के दौरान मेजारोड व्यापार मंडल संरक्षक इंजी. नित्यानंद उपाध्याय,डॉ. अमरेश तिवारी, सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, संजय केशरी, मोनू उपाध्याय, पंडा मुकेश पाल, सोनू पाल सहित ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।



खिचड़ी प्रसाद वितरित करते समिति के लोग

### त्रिवेणी संगम सेवा समिति ने खिचड़ी का आयोजन किया

**नैनी।** त्रिवेणी संगम सेवा समिति महेवा प्रयागराज के सौजन्य से आज मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में महेवा गेट स्तिथ दुर्गा जी मंदिर के प्रांगड़ में भव्य तहरी खिचड़ी का आयोजन किया गया,हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सचिव दिनेश यादव ने समिति के सभी पदाधिकारियों व मातृशक्ति जनो का तन मन धन से समर्पन भाव हेतु आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वीरेंद्र स्वरूप बाथो, विनोद दुबे, प्रदीप कुमार, विजय रावत, कामिनी गुप्ता,बबिता जायसवाल, चन्द्रभान सिंह सिंगरौर, कोडार्कराज निसाद, रोहित निसाद, राजकुमार जायसवाल, जूही सक्सेना, पूनम यादव, राखी श्रीवास्तव, राजू यादव, विशाल, प्रदीप निसाद,टारजन,सिकोटी, नीरज त्रिपाठी, बलभद्र पांडेय, नानभाई, रंजीत यादव, शिवानी, रश्मि, पूजा, रतन, हेमलता आदि उपस्थित रहे।


**बेदखली सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मै अशोक कुमार पुत्र गुलाब चंद्र निवासी फकरीबाद, तहसील चायल, जनपद कौशाम्बी। बहलफनामा बयान करता हूं कि मेरे तीन पुत्र है, जिसमें तीसरे नंबर के पुत्र रवि अग्रहरि पुत्र अशोक कुमार का चाल चलन सही न होने के कारण मै उसे अपने समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यह फैसला मैने अपने पूरे होशो हवास व बगैर किसी के दबाव के लिया। अब से मेरा अपने पुत्र रवि अग्रहरि से कोई वास्ता नाता नहीं रहेगा, उसके द्वारा किया गया कार्य का वह स्वयं उत्तदायी होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 1461064 व इंटरमीडिएट वर्ष 2007 अंक पत्र सहप्रमाणपत्र अनुक्रमांक 0866667 तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्ष 2010 बीएससी अनुक्रमांक 255004 व इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्ष 2011 एमएससी प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 406 तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्ष 2012 एमएससी द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 2193 एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्ष 2013 बीएड अनुक्रमांक 14105 का अंकपत्र प्रमाण पत्र (समस्त शैक्षिक अभिलेख) वास्तव में कहीं खो गया है । **आकांक्षा सिंह पुत्री स्व० शिव भोले निवासी 374/28-इ/106 नेता चौराहा, अल्लापुर, प्रयागराज ।**

संक्षेप

### पड़ोसी पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने बताया की वह घर पर अकेली थी। परिवार के बाकी सदस्य कहीं बाहर गए थे। इस दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर भीतर घुस आया और छेड़खानी करने लगा। चीख.पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

### करंट की चपेट में आने से किशोरी झुलसी

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के हाजीपुर पतौना गांव की नेहा (17) पुत्री अमरनाथ रविवार सुबह घर पर खाना बना रही थी। रोटी सेंकने के लिए उसने इंडेक्शन ऑन किया। इंडेक्शन में करंट उतरा था। इसकी चपेट में आकर झुलस गई। किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# गिल्ली, डंडा, पतंग आदि की आज भी दिखी मान्यता

परंपरा

- महिला व पुरूषों उठाया लत्फ
- अझुवा स्थित मैदान में महिलाओं के गिल्ली, डंडा आदि खेलने की है परंपरा
- मकर सक्रांति को कहीं लगता है मेला तो तमाम जगह वितरित होती है खिचड़ी



अझुवा स्थित मैदान में गिल्ली डंडा खेलती महिलाएं



लोगों के बीच खिचड़ी का वितरण करते समाजसेवी

**अझुवा, कौशाम्बी।** हाईटेक हुए युग के इस दौर में कहीं यदि पुरानी परंपरा दिख जाती है तो पुराने लोगों को अपना समय याद आ जाता है। वह बात अलग है कि यह परंपराएं कहीं और किन्हीं स्थानों पर देखने को मिलती हो। ऐसा ही एक अझुवा स्थित मैदान जहां मकर सक्रांति के दिन महिलाएं पूरे उत्साह के साथ एकत्रित होकर गिल्ली डंडा आदि कई खेलों का लुत्फ उठाती देखी गईं। जबकि जिले के कुछ ऐसे गंगा व यमुना घाट भी हैं जहां अर्से से चली आ रही मेले की परंपरा जीवित है और विशाल मेले का आयोजन भी होता देखा गया।

यहां बताना जरूरी होगा कि मकर सक्रांति के दिन वैसे तो कई परंपराएं हैं, जिसमें से कुछ परंपराएं लोग आज भी निभाते नजर आते हैं। मान्यता के अनुसार इन दिन गरीबों के बीच खिचड़ी, गुड़, वस्त्र आदि दान करना शुभ होता है, ऐसी मान्यताओं को निभाने के लिए आज भी तमाम समाजसेवी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। और जिले के कड़ा, अझुवा, सैनी, पश्चिम शरीरा, मंझनपुर आदि कस्बों व चौराहों में लोग लंगर लगाकर लोगों को खिचड़ी आदि खिलाई। सिराथू सीओ केजी सिंह की अगुवाई में सैनी कोतवाल व अन्य कर्मचारियों ने खिचड़ी का पकवान बनवाकर लोगों के बीच वितरित कराया। अब यदि मेला आदि पर चर्चा करें तो जिले का ऐतिहासिक क्षेत्र पभोषा जहां वर्षों से चली आ रही मेले की परंपरा आज भी जीवित है। मकर सक्रांति के दिन विशाल मेला का आयोजन हुआ। मेले का लुत्फ लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर लुत्फ उठाया। इतना ही नहीं तमाम लोगों ने यमुना नदी में स्नान किया और गरीबों के बीच लंगर लगाकर खिचड़ी आदि का वितरण भी किया। इस तरह से हाईटेक युग के इस दौर में जिले में आज भी कुछ पुरानी परंपराएं देखने को मिलती हैं।

## 145 छात्र-छात्राओं को दिया गया स्मार्ट फोन

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा स्थित रिजवी कॉलेज में रविवार को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम हुआ। यहां 145 छात्र.छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया गया। इसमें 39 विद्यार्थी बीएड संकाय के भी शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉण एएच रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन उर्फ राशिद रिजवी रहे। उन्होंने कई विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन दिया। कहा कि स्मार्ट फोन पढ़ाई में मदद के लिए दिया जा रहा है। इसका सभी छात्र.छात्राओं को सदुपयोग करना होगा। तभी भविष्य उज्जवल होगा। इस मौके पर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार प्रभात, बीएड संकाय के अध्यक्ष राजेश सक्सेना, जितेन्द्र वर्मा, गुलनाज नकवी, निसार अहमद आदि मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने डिंपल यादव का मनाया जन्मदिन

**कौशांबी।** जिले के भरवारी कस्बे में सपा के कार्यकताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी एवं मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव का केक काटकर 46वा जन्म दिवस मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने लोगों के बीच मिठाइयां भी वितरित किया।

युवा ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव महबूब आलम उर्फ सज्जू के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी एवं मैनपुरी जनपद की सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर रविवार को केक काटकर मनाया। सपा नेता महबूब आलम उर्फ संजू ने कहा कि सांसद डिंपल यादव ने दिवंगत नेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के सपने को साकार किया है, और मैनपुरी से प्रचंड जीत हासिल की है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को फल व मिठाइयां भी बांटी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल श्रीवास्तव शादाब खान इसरार अहमद मोहम्मद आसिफ सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्रिकेट कौशाम्बी की टीम ने करारी को हराया

**कौशाम्बी।** कोसम इनाम गांव स्थित उदयन पैलेस के प्रांगण में क्रिकेट टूनार्मेंट हुआ। रविवार को कौशाम्बी और करारी की टीम के बीच भिड़ंत हुई। इसमें कौशाम्बी की टीम ने करारी को मात दी। करारी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 16 ओवरों में 90 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी कौशाम्बी की टीम ने 11 ओवर में 91 रन बनाते हुए पांच विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच अमित गिरी रहे। अमित गिरि ने 51 रन बनाए। इस मौके पर आयोजक सरिता इंडेन गैस के प्रबंधक राजेश कुमार, एजाज अहमद, बृजेश कुमार, अहमद रजा, मो. आशिफ आदि मौजूद रहे।

# शायद सीएम का निर्देश भूल बैठे जिले के अफसर

ओवरलोडिंग

- बालू के उत्पत्ति स्थल से ही ओवर लोडिंग रोकने की सीएम ने दी थी जिम्मेदारी

**कनैली, कौशाम्बी।** जिले के अफसरों को शायद सीएम का निर्देश याद नहीं हैं। जबकि पिछले कुछ दिनों पहले ओवर लोडिंग रोकने के लिए सीएम ने जरिए बीडियो कांफ्रेसिंग अफसरों को कड़े निर्देश दिए थे। इतना ही नहीं सीएम ने शायद यह भी निर्देशित किया था कि बालू के उत्पत्ति स्थल से ओवर लोडिंग पर रोक लगाई जाए। और इसके लिए क्षेत्र के सीओ व एसडीएम को जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। लेकिन जिले में बालू लदे ओवर लोड वाहनों की भरमार कम होती नहीं दिख रही है।



बालू लदे ओवर लोड वाहन

यहां पर बताना जरूरी होगा कि इन दिनों जिले में तकरीबन तीन यमुना घाटों का संचालन हो गया है। ऐसे में बालू का परिवहन भी अच्छे ढंग से शुरू हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर बालू लदे ओवर लोड वाहन भी फरार्टा भरते नजर आ रहे हैं। बात करें सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के नंदा का पूरा यमुना घाट की या फिर महिला घाट की। हालांकि सड़कों पर ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ओवर लोड बालू लादकर फरार्टा भर रहे हैं। जबकि यदि बुद्धिजीवियों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि सड़कों पर दौड़ रहे ओवर लोड वाहनों से कहीं न कहीं सरकार द्वारा सड़कों में खर्च की गई मोटी धनराशि बर्बाद हो जाती है, सड़कें जल्द खराब हो जाती हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने ओवर लोडिंग वाहनों के संचालन पर कड़े निर्देश जारी किए थे। निर्देश में कहा गया था कि बालू उत्पत्ति स्थल से ओवर लोड पर रोक लगाई जाए। इसके पीछे सरकार की मंशा थी कि जब उत्पत्ति स्थल से ही ओवर लोडिंग नहीं होगी तो फिर सड़कों पर ओवर लोड वाहन फरार्टा नहीं भर पाएंगे। हालांकि सरकार का यह निर्देश जिले में लागू होता नहीं दिख रहा है। खैर यह तो रही बालू ओवर लोड वाहनों की। जबकि सड़कों पर गैर जनपद से ओवर लोड गिट्टी लादकर डंपर आदि वाहन फरार्टा भर रहे हैं। बहरहाल कुछ भी हो यदि प्रशासन इस ओर गंभीर होकर अभियान चलाकर ओवर लोड वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दे तो शायद सीएम का निर्देश अमली जामा पहन सकता है।

### क्या कहते हैं अफसर

"सीएम के निर्देश का जिले में बाखूबी से पालन कराया जा रहा है। ओवर लोड बालू, गिट्टी लदे वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। यदि ओवर लोड वाहन सड़कों में फरार्टा भर रहे हैं तो इसके लिए अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।"

-तारकेश्वर मल्ल एआरटीओ कौशाम्बी।

# बसपा पार्टी नही मिशन है : सतीश जाटव

कार्यक्रम

- बसपा कार्यालय में आयोजित हुआ पूर्व सीएम का 67 वां जन्म दिवस



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** ओसा स्थित बसपा कार्यालय मे रविवार को पूर्व पीएम बहन मायावती के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जोन इंचार्ज सतीष जाटव व विशिष्ट अतिथि के रूप मे घनश्याम पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष के.एल गौतम ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सहित कांशीराम आदि महापुरुषो को नमन करते हुए बहन जी के 67वें जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि बसपा पार्टी नही मिशन है। इस मिशन मे अपने आपको खपा कर मान्यवर कांशीराम ने इसकी जिम्मेदारी बहन मायावती जी के हाथो मे सौपा। बहन जी ने मिशन को आगे बढाते हुए चार बार मुख्यमंत्री बनी। उन्होंने आये हुए जनमानस से आने वाले नगर निकाय के चुनाव मे बसपा प्रत्याशियो को भारी मतो विजयी बनाने का संकल्प दियलाते हुए बसपा को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर सुमन जायसवाल अरूण कुमार जायसवाल सराय आकिल कस्बे से सैकडो बसपा समर्थको के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर महेन्द्र गौतम महताब आलम इखलाक अहमद, मो. वैश नजीर अहमद संतोष गौतम महेश चौधरी श्लोक कुमार लालमन अम्बेडकर राम दयाल सरोज आदि हजारो लोगो का हुजूम उपस्थित रहा।

## कार खड़ी करने को भिड़े दो लोग

**कौशांबी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत भरवारी कस्बे के मेहता रोड स्थित एक सरार्फा की दुकान के समीप गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो लोग भिड़ गए। देखते ही देखते नौबत मारपीट की आ गई।

बता दे कि रमेश सोनी के दुकान के बाहर गिरसा गांव निवासी शशांक कार खड़ी कर दिया था। जिसको लेकर दुकानदार रमेश सोनी ने विरोध किया। दुकान के मुताबिक उसकी यह हमेशा की आदत बन गई थी। रविवार को भी वह हमेशा की तरह फिर से कार खड़ी कर दिया। जिस पर दुकान ने विरोध किया तो कहा सुनी होने लगी। इतना ही नहीं बात बढ गई और नौबत मारपीट की आ गई। हालांकि इसकी शिकायत भरवारी चौकी पुलिस से की गई हैं। पुलिस तहरीर लेने के बाद प्रकरण की छानबीन शुरू कर दिया था।

## डीएम के आदेश पर भी नहीं हटा अतिक्रमण

**कौशाम्बी।** स्थानीय कस्बे के बुल्ली तालाब से अब तक अतिक्रमण नहीं हट सका है। जबकि डीएम सुजीत कुमार ने खुद तीन महीने पहले तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया था। तालाब पर कब्जे को लेकर नगर के लोगों में नाराजगी है। कस्बाइयों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। बतादें कि बुल्ली तालाब का क्षेत्रफल राजस्व रिकार्डों में 52 बीघा दर्ज है। इसका ऐतिहासिक महत्व भी है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कस्बा निवासी अमित और प्रमोद रविवार सुबह किसी काम से करारी जा रहे थे। म्योहर के समीप सामने से आए बाइक सवार से इनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार अमित व प्रमोद घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार रहे युवक को खरोंच तक नहीं आई। घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बंदरों के हमले में किशोर जख्मी

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी सुनील (14) पुत्र मनमोहन रविवार सुबह छत पर गया था। तभी बंदरों ने उसके ऊपर हमला बोल दिया। हमले में सुनील को गंभीर चोटें आई हैं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति खतरे से बाहर है।

### सांड़ के हमले में किसान जख्मी

**कौशाम्बी।** इलाके के मोंगरी कड़ा गांव का सुदामा प्रसाद किसान है। रविवार सुबह वह किसी काम से खेतों की ओर गया था। वहां सांड़ ने उसपर हमला बोल दिया। हमले में सुदामा को गंभीर चोटें आई हैं। उसे सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि हालत बिगड़ने पर रेफर भी किया जा सकता है।

## मानक तो दूर, बस्ती के अंदर चौड़ीकरण ही छोड़ दिया ठेकेदार

**अझुवा, कौशाम्बी।** जीटी रोड से भौतर केन होते हुए अलीपुर जीता सम्पर्क मार्ग को चौड़ीकरण के कार्य हुआ है। बीच में बस्ती के अंदर करीब 150 मीटर रोड को ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया। जबकि स्टीमेट के मुताबिक बस्ती के अंदर आरसीसी की ढलाई की जानी है फिर भी ठेकेदार द्वारा भौतर ग्राम में बन रही सड़क बस्ती के अंदर करीब डेढ़ सौ मीटर सड़क हो वैसे ही छोड़ दिया। यही नहीं चौड़ीकरण में ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया की ठेकेदार द्वारा शुरू और अंत मे तो सीसी रोड बनाई गई, लेकिन जहाँ पर सबसे ज्यादा आवश्यकता है उस स्थान को वैसे ही बीच मे छोड़ दिया। ऐसे में कहीं न कहीं बस्ती के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि चचाओं पर जाएं तो कहा जा रहा है कि ठेकेदार सत्ता पक्ष के एक ओहदे जनप्रतिनिधि का करीब है। बहरहाल कुछ भी हो लोगों ने इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।



चौड़ीकरण विहीन सड़क

## सड़कें ध्वस्त होने से लहना के ग्रामीण परेशान, आक्रोश

**कौशाम्बी।** खस्ताहाल सड़कों ने लहना के ग्रामीणों को परेशान करके रख दिया है। राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दूरी के हिसाब से सफर में वक्त अधिक लग रहा है। गर्भवती महिलाओं को खास तौर पर दिक्कत होती है। उधरए शिकायत के बाद भी जिम्मेदार समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मंझनपुर विकास खंड क्षेत्र के लहना गांव से महेन्द्र और पंवारा जाने वाला लिंक मार्ग गड्ढों में तब्दील है। सड़क पर बड़े.बड़े गड्ढे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन गड्ढों के कारण बाइक सवार आए दिन दुर्घटना का शिकार होते हैं। मामूली बारिश पर गड्ढों में पानी भर जाता है और फिर दिक्कत भी बढ़ जाती है। गर्भवती माताओं को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाना पड़ता है तो उबड़.खाबड़ रास्ते के कारण उनकी पीड़ा बढ़ जाती है। कभी तो रास्ते में ही प्रसव भी हो जाता है। ग्रामीणों की मानें तो सड़क ठीक कराने की मांग कई बार अधिकारियों से की गई। डीएम तक को अर्जी दी गई। किसी ने भी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। इसे लेकर गांव के लोगों में नाराजगी है।

## पड़ोसी कर रहे भूमि पर कब्जा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट निवासी रामकैलाश ने बताया कि गांव में ही उसकी जमीन है। इसमें पड़ोसी दबंग कब्जा कर रहे हैं। कब्जे का विरोध करने पर वह झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। अधिकारियों से शिकायत किए जाने का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की है।

## दबंगों ने किशोर को पीटा

**कौशाम्बी।** इलाके के गुलामनूर का पुरवा गांव निवासी राकेश कुमार ;16द्ध पुत्र जगरूप ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसके परिवार की रंजिश है। इसे लेकर रविवार सुबह वह गाली.गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। चीख.पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

## सुलह करने का दबाव बना रहा दबंग

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि पखवाड़े भर पहले पड़ोसी युवक ने उसकी पिटाई की थी। बीच.बचाव करने पहुंची बेटी के साथ छेड़खानी भी की थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है। अब आरोपित सुलह करने का दबाव बना रहा है। नहीं मानने पर जानलेवा धमकी देता है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

## माइक्रो प्लान बनाकर परिवार कल्याण कार्यक्रमों में लाए प्रगति : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को माइक्रो प्लान बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा आशाओं के भुगतान में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियुक्त सर्जनों द्वारा की गई सर्जरी की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेषज्ञ सर्जनों का सदुपयोग कर और प्रगति सुनिश्चित किया जाय।

बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दिसम्बर माह में कुल 13710 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए है तथा अब तक कुल 202770 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सैम बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों की जॉच की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि जिन उपकेंद्रों पर प्रसव केंद्र बनाए जा सकते है, उन उपकेंद्रों पर प्रसव केंद्र अवश्य बनायी जाय। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली में अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संक्षेप

### बृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के अंगन गॉव में बृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सुबह जानकारी होने पर गॉव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने पंचनामा कर शव पीएम के लिए भेजा। बाताया गया कि बृद्ध महिला अपने दो बेटों के साथ गॉव में रहती थी। कई साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। गॉव में जमीनी विवाद को लेकर महिला की हत्या किये जाने की चर्चा चल रही है। थानाध्यक्ष मानिकपुर ने बताया कि जॉच के बाद मामला पता चल सकेगा कि महिला की हत्या क्यों की गई।

### बीपी मिश्र के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** नगर के घुइसरनाथ रोड निवासी एवं राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के पूर्व उप प्रधानाचार्य बीपी मिश्र 89 का शनिवार को लम्बी बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र हिन्दी के प्रख्यात व्याख्याता थे। नई दिल्ली के गुडगांव में इलाज के दौरान उनके निधन की जानकारी यहां पहुंची तो लोगों मे शोक छा गया।

# समरसता से ही भारतीय संस्कृति का हो सकता है संरक्षण : सांसद

**कार्यक्रम**

**मकर संक्रांति समरसता भोज कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति के पर्व पर लालगंज में भाजपाइयों ने सम्मान समारोह एवं समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह में साहित्य साहित्य तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए दर्जनभर प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े लोगों का सम्मान भी किया गया।


समरसता कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों का सम्मान करते सांसद व भाजपा जिला अध्यक्ष

समारोह को संबोधित करते हुए बीजेपी सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृत के संरक्षण में समरसता और सद्भाव ही मूल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाने के लिए भारतीय पर्वों को भी ऊंचाइयां प्रदान की है। कार्यक्रम में उन्होंने केंद्रीय तथा राज्य से जुड़े भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने भी समरसता को ही विकास का मूल ठहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के बनने से भारतीय संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम के संयोजक नगर पंचायत के नामित सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने स्वागत भाषण में समरसता कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार संतोष सिंह ने किया।

वही कार्यक्रम को मंडल प्रभारी बृजेश चंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष राज कुमार वर्णवाल, अधिवक्ता राजेश तिवारी, नामित सभासद बृजेंद्र पांडे मंटू, मंडल महामंत्री राजेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि विनोद मिश्रा बबलू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजन में शशि प्रकाश यादव, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितेश द्विवेदी, युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी रजत मोदनवाल का सराहनीय योगदान दिखा। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक डॉ रामसमुझ मिश्र अकेला ने किया। कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार डॉ दुर्गा प्रसाद ओझा, शेख मुंशीरजा अनीश, सत्येंद्र सिंह सौम्य, फैय्याज अहमद परवाना, डॉ संतोष मिश्र ने भी समरसता तथा राष्ट्रीय सद्भावना पर आधारित काव्य पाठ से कार्यक्रम की शमा बांधी। इस मौके पर फैसल खान, पवन वर्मा, दीपक सिंह, ओमप्रकाश पांडे गुड्डू, मिथिलेश जायसवाल पप्पू, पवन वर्मा, दीपक सिंह, सभासद दिवाकर द्विवेदी, सीमा सरोज, अरुण गुप्ता, अधिवक्ता हेमंत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## युवक ने की आत्महत्या परिजनों में मचा कोहराम

**लालगंज।** संदिग्ध दशा में युवक के आत्महत्या कर लेने से परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के ओरीपुर नैगीर निवासी रामपाल सरोज का पुत्र परमजीत सरोज 22 वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में जामुन के पेड़ में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। गांव के ही समीप पेड़ में रस्सी से गले में फंदे से झूलता परमजीत को देख लोग अवाक रह गए। परमजीत की मौत की खबर परिवार में पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर सांगीपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया। इधर परमजीत की मौत को लेकर परिवार जनों ने चुप्पी साध रखी है। मौत का कारण स्पष्ट न होने से गांव में तरह-तरह की अंदरूनी चर्चा भी देखी सुनी गई। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## हनुमान मंदिर में भव्य सजावट लगाए गये सीसीटी कैमरे


फूल मालाओं से सजा हनुमान मंदिर

**प्रतापगढ़।** नगर के चिलबिला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को मकर संक्रांति के अवसर पर फूल मालाओं से भव्य सजावट की गई। मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। सुबह से बड़ी तादात में भक्तों ने मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की देखभाल कर रहे रोशनलाल ने बताया कि हनुमान जी महराज से सभी के कल्याण की प्रार्थना की गई है। मंदिर की सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये। मंदिर के साथ आने जाने वाले भी अब कैमरे की नजर में रहेंगे। इस दौरान सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चे मंदिर पहुंचकर पूजन के बाद खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

# एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में नहीं देना होगा उत्पाद शुल्क : उद्यान मंत्री

**प्रतापगढ़।** ऑवले के उत्पाद को उत्तर प्रदेश की सीमा में किसान अपनी उपज को अब कहीं भी ले जाकर बेंच सकते हैं। पहले उत्पाद शुल्क देना पड़ता था। अब पहले के नियमों में संशोधन किया गया है। उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयास से ऐसा संभव हो सका। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सीमा में किसान अपने ऑवले के फलों को कहीं भी ले जाकर बेंच सकते हैं। अब उन्हें कोई उत्पाद शुल्क नहीं देना होगा। पहले के नियमावली के प्रवर्तन में छूट प्रदान की गई है। उद्यान मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऑवले को वन उपज की कटेगरी से बाहर कर दिया है। वन उपज नियमावली 1978 में संशोधन कर देने से


मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

अब किसानों को उत्पाद शुल्क नहीं देना होगा इससे उन्हें बहुत फायदा होगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से किसानों की आमदनी में बृद्धि होगी। इस निर्णय से आर्थिक लाभ के साथ रोजगार के अवसरों में बृद्धि उद्योगों की स्थापना आदि से किसानों को लाभ के अलावा प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह किसानों की आय दुगुना करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उद्यान मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि ऑवले की खेती प्रदेश के विभिन्न जिलों में वृहद स्तर पर की जाती है। जिसमें प्रतापगढ़ मुख्य ऑवला उत्पादक जिला है। प्रदेश में आंवले की खेती लगभग 37 हजार सात सौ ग्यारह हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जाती है। ऑवले की खेती से हर वर्ष चार लाख मीटरिक टन से अधिक ऑवले का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि ऑवले की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों को अनुदान की सुविधा भी प्रदान जा रही है। यह जानकारी सूचना कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से दी गई।

## पुरानी पेंशन बहाल करने की सेवा से रिटायर कर्मियों ने उठायी आवाज

**प्रतापगढ़।** रविवार को ईपीएस राष्ट्रीय संघर्ष समिति की मासिक बैठक रोड़वेज परिसर में अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्यां में विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक मे ईपीएस के मुद्दे पर कर्मचारियों ने अपने विचार रखते हुए सरकार की पेंशन संबंधी नीतियों का जमकर विरोध किया। अन्य राज्यों की भांति ईपीएस पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग की। सांसद, विधायक, एमएलसी की पेंशन नीति का हवाला देते हुए वक्ताओं ने सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये का जमकर विरोध किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सेवानिवृत कर्मचारियों ने भाग लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।

# केंद्रीय मंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**लालगंज।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर का रविवार को यहां पहुंचने पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री सबसे पहले स्थानीय लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह पहुंचे यहां कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने कार्यकताओं से मुलाकात कर भाजपा सरकार की योजनाओं को जनता तक मजबूती से पहुंचाए जाने की बात कही।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर नगर पंचायत के उमापुर वार्ड पहुंचे, यहां भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना के संयोजन में मंत्री का कार्यकताओं ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सारस्वत सम्मान किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने ओमप्रकाश तिवारी के आवास पर भी कार्यकताओं व स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि समाज को नशा मुक्ति जाने के लिए वह युवा पीढ़ी को


लालगंज में केंद्रीय मंत्री को सम्मानित करते भाजपाई

जागरूक करें। केंद्रीय राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि नशा मुक्त अभियान स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाए रखने के लिए देश को पूरी तरह से नशा मुक्त किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक झुन्ना तिवारी द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा हरिओम मिश्रा का भी सम्मान किया गया।

इस मौके पर रामजी मिश्रा, अजय वर्मा, मिथिलेश जायसवाल पप्पू, अशोक मिश्रा, शुभम सिंह, ओम प्रकाश पांडे, डीपी सिंह, बबलू मिश्रा, बृजेंद्र पांडे मंटू आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों संग मनाई मकर संक्रांति


**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब के लोगों ने रविवार को नगर के भंगवाचुंगी स्थित राजकीय अक्षम विद्यालय पहुंचकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। क्लब के



लोगों ने दिव्यांग बच्चों को खाने की चीजों समेत अन्य उपहार प्रदान किए। समाजसेवी व एलायंस क्लब के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में पहुंचे लोगों ने बच्चों संग कथा, चुटकुला, राष्ट्रीय गीत आदि के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र सूरज कुमार कौल शिक्षा पर कथा सुनाई। दीपक कुमार ने चुटकुला सुनाकर लोगों को खूब हंसाया। छात्र सत्येन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय गीत, अजय कुमार शर्मा, वैभव श्याम तिवारी ने लोग गीत गाकर लुभाया। इस अवसर पर पूर्व बाल न्यायाधीश डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि बच्चे भगवान के रूप होते हैं। स्नेह और संरक्षण पाकर इनका जीवन संवर जाता है। समाजसेवी रोशनलाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे मेरी संतान के समान हैं। मैं हमेशा इनका संरक्षण करता रहूँगा। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इससे मुझे संतुष्टि मिलती है। यह बच्चे देश के योग्य नागरिक बनेंगे। इस मौके पर शंकरलाल, विवेक कुमार, प्रदीप कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### खिचड़ी भोज में उमड़ी भीड़

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज के फिजिशियन डॉ मनोज खत्री द्वारा रोडवेज बस स्टैड स्थित हनुमान मंदिर पर मकर संक्रान्ति पर्व पर आयोजित खिचड़ी भोज में प्रसाद लेने वालों की भीड़ उमड़ी रही। मेडिकल कालेज की वरिष्ठ



फिजिशियन डॉ0 मनोज खत्री सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अनुकरणीय है। उनके सहयोग पर समाज के कई असहाय व दिव्यांग बच्चे पल बढ़ रहे हैं। हर माह डॉ0 खत्री द्वारा इस तरह का आयोजन शहर के किसी न किसी सार्वजनिक स्थलों पर होता रहता है। उनकी मानवतावादी दृष्टिकोण से जिले के लोग उन्हें इज्जत की नजरों से देखते हैं। इस संबंध में डॉ खत्री का कहना है कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। ईश्वर ने मुझे प्रेरणा दी लोगों की मदत करने की। ऐसा करके मुझे सकून मिलता है। रविवार को उनकी तरफ से आयोजित खिचड़ी भोज में दिन भर प्रसाद वितरित हुआ। इस मौके पर सतीश, सानू और प्रभात समेत कई सहयोगी मौजूद थे।

### टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**प्रतापगढ़।** प्रतिदिन टीकाकरण का शुभारंभ सभासद अनिल सिंह ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजीत नगर में किया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर




टीका जरूर लगवाएं। इस मौके पर मेडिकल अफसर डॉ पारुल सक्सेना, महेश सिंह सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, आकाश दीप शुक्ल नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक आदि उपस्थिति रहें।

## नगर पंचायत के ड्राइवर को सिपाही ने पीटा

**पिटाई**

**कोतवाल के गलती मानने पर हाइवे से हटे पंचायत कर्मी**

**प्रतापगढ़।** रविवार की सुबह मवेशी लेकर गौशाला जा रहे नगर पंचायत लालगंज के ड्राइवर को पशु तस्कर समझकर सिपाही ने पीट दिया। सिपाहियों के द्वारा पिटाई से आक्रोशित लालगंज नगर पंचायत के दर्जनों कर्मचारी लालगंज हाईवे को जामकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सिपाहियों पर कार्यवाही की मॉग को लकर पंचायत कर्मी अड़ गये। जानकारी पर पहुंचे लालगंज कोतवाल के गलती मानने और विभाग के अधिकारियों के बीच बचाव से मामला शांत हो सका। तीन दिन पूर्व छुट्टा मवेशियों से परेशान ग्रामीणों ने लालगंज के नारायण दास का पुरवा प्राथमिक विद्यालय में दर्जनों पशुओं को बंद कर दिया था। उन्हीं पशुओं



को वाहन में लादकर लालगंज नगर पंचायत का ड्राइवर वृन्दावन पाण्डेय लीलापुर स्थित गौशाला जा रहा था। रास्ते में लालगंज पुलिस ने चालक को रोक लिया। उसके बताने के बावजूद भी पुलिसकर्मी उसे पीटने लगे। साथी की पिटाई की जानकारी होने पर नगर पंचायत के कर्मी लालगंज हाईवे जामकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कर्मचारी दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने सिपाही की गलती मानी। नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिकारियों के समझाने पर कर्मचारी हाईवे से हटे और प्रदर्शन समाप्त किया।

# ब्राह्मण समाज जोड़ने का कार्य करता है तोड़ने का नहीं : राजेंद्र नाथ

**पट्टी।** तहसील के बंसी गांव में रविवार को मकर संक्रांति पर कंबल वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को जोड़ने का कार्य करता है तोड़ने का नहीं। आज भी ब्राह्मणों के यहां शादी ब्याह में सर्वप्रथम लोहार, कहार, कोहार, मुस्लिम आदि की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि हम समाज के हर पीड़ित वर्ग के साथ सदा खड़े रहते हैं। जो भी हमारे पास आता है हम उसकी सदा मदत करते है। ब्राह्मण समुदाय में एकता पर उन्होंने बल दिया। इस मौके पर गरीब, जरूरतमंद तबके के लोगों को कंबल वितरित किया गया।कार्यक्रम के आयोजक चिंतामणि मिश्रा ने ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारियों के साथ गणमान्य


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर विनय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ब्राह्मण महासभा के नंद गोपाल मिश्रा, नन्द भुवाल, नन्द किशोर, जिला अध्यक्ष विनोद चतुवेर्दी, रंजन त्रिपाठी, प्रदीप कुमार पांडे, महेंद्र दुबे, रविंद्र मिश्रा, राकेश तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, विजय पाठक, शिवाकांत पांडे, आकाश तिवारी समेत क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे ।

### शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़ो : दीपक

**प्रतापगढ़।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा दहाड़ेगा..। आप सभी को उसको आत्मसात करने की जरूरत है। शिक्षा को हथियार बनाकर एक काबिल इंसान बनो। मकर संक्रांति पर्व पर रीवर डेल पब्लिक स्कूल में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचें सोने लाल पटेल मेडिकल कॉलेज के पूर्व और हरदोई मेडिकल के प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक ने कुछ इस तरह से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रुप के मार्ग दर्शन में पढ़ रहे जरूरतमंद छात्रों की वे मदद करेंगे। उन्होंने ग्रुप द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ मनोज खत्री ने कहा कि जो भी छात्र इस बार बोर्ड परीक्षा में अव्वल आयेंगे। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अतिथि प्रबंधक इमरान खान ने हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि गरीब छात्रों की पढ़ाई में मदद कर रहा बीबीएफजी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्राफ्ट की चीजों को बनाने में माहिर छात्र साहिल को जैकेट से सम्मानित किया। अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार ने हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने भी छात्रों को पढ़ाई के टिप्स दिए।

## एसपी ने पुलिस चेक पोष्ट का किया उद्घाटन



**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के कमासिन बाजार में बने पुलिस चेक पोष्ट का रविवार को एसपी सतपाल अंतिल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने बताया कि पुलिस चेक पोष्ट बनने से अपराध में कमी आई है। मैंने अच्छी पुलिसिंग के लिए जिले के थाना क्षेत्रों में कई स्थानों पर पुलिस चेक पोष्ट का निर्माण कराया है। पुलिस चेक पोष्ट पर बैरियर भी लगाया गया है। पुलिस चेक पोष्ट पर हमेशा पुलिस मौजूद रहने से अपराध और अपराधियों पर तेज कार्यवाही होती है। एसपी ने कहा कि अच्छे लोगों का सम्मान और अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाई पुलिस की पहली प्राथमिता है। इस मौके पर एसडीएम कुण्डा सतीश त्रिपाठी, सीओ सदर पवन त्रिवेदी, एडिशनल एसपी विद्यासागर मिश्र, एसओ बाघराय अवन कुमार दीक्षित सहित पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# हाल्ट से काफी आगे बढ़ी ट्रेन तो चिल्लाए यात्री

**भूल का अहसास होने पर ट्रेन पीछे ले गए कर्मी, जांच शुरू**

**प्रतापगढ़।** हाल्ट स्टेशन पर ट्रेन रुकती न देखकर परेशान यात्रियों ने जोर का हल्ला मचाया। तब जाकर ट्रेन रुकी लेकिन प्लेटफार्म पार करने के बाद। भूल का अहसास होने पर गार्ड और ड्राइवर ट्रेन पीछे प्लेटफॉर्म पर ले आए। तब जाकर यात्री उसमें बैठे और ट्रेन चली। इसकी सूचना प्रतापगढ़ स्टेशन पहुंची तो हड़कंप मच गया। चचाओं का बाजार गर्म हो गया। अधिकारियों ने अलर्ट जारी कर दिया है। उधर,

मामले ने तूल पकड़ा तो जांच शुरू हो गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ से प्रयागघाट संगम जाने वाली ट्रेन कासिमपुर हॉल्ट पर रुकने के बजाय तेजी से आगे बढ़ गई। यात्रियों को लगा कि शायद अब रुकेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ट्रेन प्लेटफार्म को छोड़ते हुए काफी आगे निकल गई फिर जाकर रुकी। बताया जाता है कि ट्रेन और गार्ड ने रूट और काशन चार्ट देखा तो उन्हें भूल का अहसास हुआ। ट्रेन बैक होकर प्लेटफार्म पर लगी। गनीमत थी कि जक्शन नहीं था। जिससे सिग्नल भी नहीं था। वरना दुर्घटना बड़ी हो सकती थी। जायस एसएस के अनुसार ड्राइवर रूट से अच्छी तरह वाकिफ नहीं था। गार्ड को उसको हाल्ट पर स्टॉपेज की जानकारी देनी थी। इधर प्रतापगढ़ से पता चला है कि ड्राइवर आरके प्रजापति और लखनऊ के गार्ड अभिषेक श्रीवास्तव ट्रेन लेकर आए हैं। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। जांच हो रही है। लाबी के सूत्रों का कहना है कि ड्राइवर नया है। यहां के कर्मचारियों को संचालन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश हैं।

# आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन

## शिक्षा को हथियार बना कर काबिल इंसान बनो : डा0 देश दीपक

**प्रतापगढ़।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा दहाड़ेगा..। आप सभी को उसको आत्मसात करने की जरूरत है। शिक्षा को हथियार बनाकर एक काबिल इंसान बनो। मकर संक्रांति पर्व पर रीवर डेल पब्लिक स्कूल में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचें सोने लाल पटेल मेडिकल कॉलेज के पूर्व और हरदोई मेडिकल के प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक ने कुछ इस तरह से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रुप के मार्ग दर्शन में पढ़ रहे जरूरतमंद छात्रों की वे मदद करेंगे। उन्होंने ग्रुप द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ मनोज खत्री ने कहा कि जो भी छात्र इस बार बोर्ड परीक्षा में अव्वल आयेंगे। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अतिथि प्रबंधक इमरान खान ने हौंसला



कार्यक्रम को संबोधित करते डा0 देश दीपक

अफजाई करते हुए कहा कि गरीब छात्रों की पढ़ाई में मदद कर रहा बीबीएफजी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्राफ्ट की चीजों को बनाने में माहिर छात्र साहिल को जैकेट से सम्मानित किया। अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार ने हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने भी छात्रों को पढ़ाई के टिप्स दिए। इस मौके पर अतिथियों का शाल और बुके से सम्मान किया गया। इसके पूर्व सरस्वती पूजन हुआ। खिचड़ी का वितरण हुआ अध्यक्षता अश्वनी केसरवानी ने की। संचालन ट्रेन मैनेजर वीके तिवारी ने किया। आभार सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दामिनी, शुभम, हिमांशु, लवकुश, रागिनी, नैंसी, अंशू, नैतिक प्रजापति, साहिबा, शिवम, आरके शर्मा, सतीश, सानू और प्रभात समेत कई लोग मौजूद थे।

## जनसंपादकीय

# विकास की कीमत विनाश तो नहीं होनी थी !

**गिरीश्वर मिश्र**



उत्तराखंड में विख्यात और पवित्र बद्रीनाथ धाम तथा हेमकुंड साहब के लिए प्रवेश द्वार सरीखे ह्यजोशी मठ ह्य आस्थावान भारतीय समाज में श्रद्धा के बड़े महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में समादृत है। पुराने जमाने से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आगे के कठिन रास्ते का पड़ाव था । साथ ही रम्य पर्वतीय स्थल होने से लोगों की बढ़ती आवा जाही ने यहाँ पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया और यह धार्मिक महत्व का स्थल धीरे-धीरे पैसा बनाने की कमाऊ जगह में तब्दील होने लगा । बाजार , व्यापार की बढ़ती गहमागहमी के साथ यहाँ भारी भरकम निर्माण कार्य भी तेजी से होने लगे । इस तरह के विकास और प्रगति की कथा की परिणति या क्लाईमेक्स आज जिस विनाश की लीला दिखा रहा है वह मानव समाज की त्रासदियों की सूची में एक नया अध्याय जोड़ रहा है । जोशी मठ का पहाड़ी भाग , जो पक्का पहाड़ न हो कर असलियत में हिमालय का मलबा है और इसलिए अधिक भार वहन करने में अक्षम है । पर कड़वा यथार्थ यही है कि इस सत्य को झुठलाते हुए मकान-दर-मकान बनते रहे और एक बड़ी जनसंख्या यहाँ आबाद हो गई ।

एक भरे पूरे नगर की तर्ज पर जोशी मठ में भी छोटे बड़े रिहायशी मकानों के अलावे जरूरत के मुताबिक अनेक होटल , अस्पताल , विद्यालय और भी लगातार विकसित होते रहे । चीन के साथ की सीमा के निकट होने के कारण सैन्य प्रतिष्ठान भी बने । इन सब ने कमजोर धरातल पर वहाँ की क्षमता से ज्यादा वजन डाला । विकास को गति देने के लिए एन टी पी सी के साथ और भी अनेक परियोजनाओं ने परिस्थिति के संतुलन को और तबाह किया । यह सब तब हुआ जब भू - भौतिकी के वैज्ञानिकों के द्वारा अपनी अनुसंधान रपटों में पारिस्थितिकी के बढ़ते क्षरण की समस्या की ओर पिछले तीन चार दर्शकों में बार बार ध्यान आकृष्ट किया था । उन्होंने इस बात का अंदेशा जताया था कि अगर इस पर ध्यान न देकर समय रहते कारवाई न हुई तो भारी नुकसान होगा और बड़े हादसे हो सकते हैं । ऐसे बदलावों की आशंका बार बार व्यक्त की जाती रही कि जिनका कोई विकल्प न होगा ।

इस तरह की जानकारी की सरकारी तंत्र निरंतर उपेक्षा करता रहा । सरकार फाइलों पर सोती रही और पर्यावरण की यह विकराल चुनौती बढ़ती ही गई । सरकारें आती जाती रहीं , नेता वोट बटोर कर संसद और विधान सभा पहुँचते रहे और पहाड़ दरकता रहा । भू धंसाव के भय के बीच आज सैकड़ों परिवार बेघर हो रहे हैं । उनके घरों में गहरी दरारें पड़ रही हैं और उनके जर्जर घरों के जमींदोज होने का खतरा आसन्न है । जमीन दरक रही है और उनके नीचे खाई बन रही है । कहते हैं अलकनंदा नदी का जल प्रवाह बढ़ता आ रहा है और पूरा क्षेत्र उसी में समा जाएगा। यह भारत और उसकी अमूल्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अपूरणीय क्षति हो रही है जिसकी भरपाई हो ही नहीं सकेगी । शासन और व्यवस्था किस तरह और किस मनोवृत्ति से काम करती है वह सिर्फ. अदूरदर्शिता , लापरवाही और संवेदनहीनता ही कही जा सकती है ।अब तक सबकी रुचि तत्काल कुछ कर धर कर समस्या टालने की रही है । टाल मटोल करते अनिश्चय के दौर में समय रहते कुछ भी सार्थक नहीं हो सका । इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि सारे के सारे विकास कार्य सरकार की नाक के नीचे उसी की देख रेख में होते रहे हैं। राजनैतिक दल स्वभाव के अनुसार एक दूसरे को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपनी अपनी ज़िम्मेदारी से बड़ी सरलता से मुक्त हो ले रहे हैं । जो भी हो , पाप जिसने भी किया प्रायश्चित्त तो जनता को ही करना है जिन्हें अपना आशियाना गँवाना पड़ रहा है और अकल्पनीय बबार्दी का साक्षी होना पड़ रहा है । लोभ की वृत्ति और लाभ का आकर्षण अंततः विनाशकारी ही साबित हो रहा है । अब उजड़ते लोगों के पुनर्वास की कारवाई शुरू हो रही है जिसकी मुश्किलें अंत हीन हैं । मुआवजे को लेकर खींचतान जारी है । यहाँ भी व्यवस्था की सरकारी प्रणाली हृदयहीन भाव से काम कर रही है और उसकी सीमाएँ हैं । राजनीति उसमें भी हो रही है । आज विनाश का प्रबंधन भी सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए । पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की दुर्घटनाएँ हुई हैं उनके पीछे आर्थिक लाभ के लिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ और उसकी पारिस्थितिकी को तहस-नहस करने की खास भूमिका रही है । प्रकृति के ये स्रोत जैसे हैं हैं वे फिर से उगाए नहीं जा सकते । नदियाँ , पर्वत , उनके साथ लगी विविध प्रकार की वनस्पति , जीव- जंतुओं की प्रजातियाँ और उनसे उपजती और नियमित होती जलवायु उनका आंतरिक मामला है क्योंकि वे हर तरह से ह्यनान रिन्युएबल ह्य हैं । उनके खोने पर उन्हें पाना असम्भव है । यह तो यहाँ धरती के रहवासी मनुष्य को सोचना है कि वह प्रकृति के साथ क्या और किस तरह का सलूक करे । अपने को प्रकृति से बाहर रख कर उसे अपने निजी उपभोग का विषय बनाना , उसका यथा सम्भव शोषण करना सतही और फौरी दृष्टि से फायदेमंद हो सकता है पर अंततः प्रकृति , जीवन और स्वयं मनुष्य के ही खिलाफ होगा ।

पश्चिमी औपनिवेशिक जकड़न से अलग हए गरीब, पिछड़े और सीमित संसाधनों वाले देशों के सामने आगे की राह क्या हो इस प्रश्न को ले कर असमंजस था । उन्हें शिक्षा , स्वास्थ और रोजगार जैसे प्रश्नों का उत्तर तलाशना था । यद्यपि संस्कृति और इतिहास की दृष्टि से वे भिन्न थे उनकी उन्मुखता और तैयारी उपनिवेश के माहौल में हुई थी । इसके चलते वे अधिकतर याचक की भूमिका में ही रहे । राजनैतिक स्वतंत्रता ने उन्हें मार्ग चुनने की स्वतंत्रता दी हालाँकि नियंत्रण की डोर अपने हाथ में बनाए रखने की उनकी कोशिश जारी रही । इस तरह के द्वंद्व का समाधान सभी देशों ने अपने अपने ढंग से किया । विकास की बाहरी और देसी दोनों तरह की रीति नीति के अनुपात अलग अलग मात्रा और ढंग से अपनाए गए ।समय बीतने के साथ उनके परिणाम भी सामने आ रहे हैं ।

जोशी मठ का हादसा मानवीय व्यवस्था की ऐसी खामी का नतीजा है जो विकास के हमारे नजरिए की पोल खोल रही है । ऐसी स्थितियाँ और जगह भी आ सकती हैं । इनका आकलन कर कारवाई आज की बड़ी जरूरत है । प्रकृति में सभी शामिल हैं । उसकी रक्षा किए बिना हमारी अपने अस्तित्व की भी रक्षा नहीं हो सकेगी ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं)**

## नवगीतः जोशीमठ

दरक रहा है धीरे-धीरे /सबके मन का जोशीमठ
दरक रहीं मन की दीवारें/ और फर्श है टूट रही
जीती-जगती सड़क अचानक /है गतियों से रूठ रही,
घायल होता झेल रहा है/ गहरी-सी बेहोशी मठ!
चहल- पहल वाले दिन इसके/धुआँ - धुआँ हो उड़ते हैं
एक उत्सवी शांति को अक्सर/ऐसे पल ही गड़ते हैं,
बनता नगर कँटीली झाड़ी/घायल है खरगोशी मठ!
सब कुछ जाने वाला लेकिन/ऐसे भी क्या जाता कोई
यही प्रगति का असली चेहरा/शोकगीत है गाता कोई,
धीरे - धीरे ओढ़ रहा है/ एक गहन खामोशी मठ!
याद आ रही टिहरी नगरी/जो धीरे से डूब गयी
एक जरूरी धड़कन थी जो/अपने दिल से ऊब गयी,
कहाँ करेगा किससे जाकर/गरम-नरम सरगोशी मठ!
चीख दबी पत्थर के नीचे/ हिलते हाथ बुलाते हैं
लेकिन जब भी हुआ जरूरी/ कहाँ देवता आते हैं!
परम धर्म संतोष बताते/ धसक रहे संतोषी मठ!



**- सुधांशु उपाध्याय**

(हिंदी के वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना आज 84 वर्ष के हो जायेंगे। नरेश जी हमारे समय के कुछेक कवियों में से हैं जो कम लिखते हैं लेकिन जो लिखते हैं वह यादगार लिखते हैं। आज जबकि लोगों को कविताएँ याद नहीं रहतीं, लोग कविताओं को नहीं, कवियों को याद रखते हैं- तब नरेश जी को लोग उनकी कविताओं से जानते हैं, पहचानते हैं। पहचानने का संदर्भ इसलिए कि नरेश जी की कविताएँ उनसे सुनने का आनंद ही कुछ और है। कविता और संगीत उनके व्यक्तित्व में इस तरह रचा-बसा है कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। जन्मदिन पर उन्हें जनसंदेश टाइम्स की ओर से शुभकामनाएं)

# कविता और संगीत से रची एक शख्सियत

**जन्मदिन पर**

**नलिन रंजन सिंह**





नरेश सक्सेना पिछले छः दशकों से कविता लेखन की दुनिया में सक्रिय हैं, फिर भी उनके मात्र दो कविता संग्रहों का छपना उनके प्रशंसक पाठकों को आश्चर्यचकित करता है। दरअसल नरेश जी की कविता की ताकत भी यही है - कम लिखना, ज्यादा पढ़ा जाना और पाठकों को याद रहना। नरेश सक्सेना की कविताओं में बोध और संरचना के स्तरों पर अलग ताजगी मिलती है। बोध के स्तर पर वे समाज के अंतिम आदमी की संवेदना से जुड़ते हैं, प्रकृति से जुड़ते हैं और समय की चेतना से जुड़ते हैं तो संरचना के स्तर पर वे अपनी कविताएँ छंद और लय के मेल से बुनते हैं।

नरेश जी की कविताओं को पढ़ने-सुनने से ऐसा लगता है कि इनमें से अधिकतर कविताएँ छंदबद्ध हैं और नरेश जी पुरानी परम्परा के वाहक कवि हैं। किन्तु वे ऐसा नहीं मानते। ह्यसुनो चारुशीलाह्य के पूर्वकथन में वे लिखते हैं- 'कुछ लोगों की धारणा है कि मैं पहले गीत लिखता था, बाद में गद्य शैली में लिखने लगा। यह सच नहीं है। छंद में तो आज भी लिखता हूँ। 'शिशु' और 'घास' कविताएँ छंद में हैं और इधर की ही लिखी हुई हैं, किन्तु आज की कविता के साथ छंद या लय का निर्वाह सहज संभव नहीं है। ..मैंने मुख्यतः गद्य शैली में ही कविताएँ लिखी हैं। किन्तु 1962 में एक खास वजह से कुछ गीत लिखे, जिन्हें धर्मयुग ने पूरे रंगीन पृष्ठ पर बड़ी प्रमुखता से छापा। ..शायद इसी कारण लोगों का ध्यान मेरे गीतों की ओर आकर्षित हुआ होगा। 'कल्पना' में, उन दिनों तीन बार में मेरी कुल आठ कविताएँ छपी थीं जिनमें से सात गद्य में थीं, सिर्फ एक छंद में।

फिर भी संगीत और कविता में एक आंतरिक संगति मानने के कारण वे अपनी कविताओं में स्वर लहरियों का सृजन करते हैं। याद कीजिए नवगीत आंदोलन और फिर पाठ करिए नरेश जी की कविता 'जिला भिंड, गोहद तहसील' का। स्पष्ट हो जाता है कि नव गीत के सारे तत्व यहाँ मौजूद हैं-

चिल्ला कर उड़ी एक चील
ठोस हुए जाते सन्नाटे में ठोकती गयी जैसे कील
सुन्न पड़ीं आवाजें
शोरों को सूँघ गये साँप
दम साधे पड़े हुए,
पत्तों पर हवा के प्रलाप
चली गयी दोपहरी, दृश्यों के
दफ़्तर में लिख कर तातील
हवा जरा चली कि फिर रोएगी
ढूहों पर बैठकर चुड़ैल
नदी बेसली के आरे-पारे
उग आएगी भुतही गैल
भरी पड़ी रहेगी सबेरे तक
जिला भिंड गोहद तहसील।

नरेश जी की पहली रचना मुक्तक के रूप में 1958 में छपी थी। लेकिन एक कवि के रूप में वे आज भी उतने ही तरोताजा हैं। कविता को लेकर नरेश सक्सेना की दृष्टि साफ है। वे मानते हैं कि 'मनोरंजन या विलास का साधन कविता नहीं होती। सभी कलाओं और विज्ञान की तरह आनन्द से अपने अटूट रिश्ते के बावजूद वह पाठक से 'गम्भीर पाठ' की माँग करती है।'

'फूलों पर लिखी गयी कोई कविता भयानक विस्फोट का माध्यम भी बन सकती है। जैसे फोड़े में चीरा लगाने की क्रिया। कविता ऐसी जो पाठक को विचलित करे, भावबोध का परिष्कार करे और दृष्टि को बदल देः मनुष्यता का ऐसा दस्तावेज जो अपने समय के अन्याय और क्रूरता को चुनौती देता हो। कविता ऐसी जो बुरे वक्त में काम आये, जो हिंसा को समझ और संवेदना में बदल दे। ऐसी कविता जो हमें बच्चों जैसा सरल और निश्छल बना दे, कौतूहल और प्रेम से भर दे।' फिर भी नरेश जी को 'परसाई जी की बात' नहीं भूलती है-

आज से ठीक चौवन बरस पहले
जबलपुर में,
परसाई जी के पीछे लगभग भागते हुए
मैंने उन्हें सुनायी अपनी कविता
और पूछा 'क्या इस पर इनाम मिल सकता है?'
'अच्छी कविता पर सजा भी मिल सकती है'
सुनकर मैं सन्न रह गया
क्योंकि उसी शाम, विद्यार्थियों की कविता प्रतियोगिता में
मैं हिस्सा लेना चाहता था
और परसाई जी उसकी अध्यक्षता करने वाले थे।

नरेश जी का अपनी कविताओं पर शक करना दरअसल कविता और कवि के संकट की ओर संकेत करता है। दरअसल कविता की गतिशीलता ही उसकी ताकत है। जो गतिशील होगा उसमें परिवर्तन भी होगा। कविता में जब-जब यह परिवर्तन ध्वनित हुआ है तब-तब नए-पुराने के द्वन्द्व में कविता पर शक किया गया है। कभी 'कवित्त को खेल' मान लिया गया और 'सुकवियों के रीझने को कविताई।' 'कभी उपमान मैले हुए' और तमाम 'प्रतीकों के देवता कूच कर गए'। कभी 'कविता का शव लादकर' कविता के मरने की घोषणा की गई। कविता, अकविता हो गई, लेकिन उसके एक दशक बाद ही 1980 को कविता की वापसी का वर्ष कहा गया। इन तमाम किन्तु-परन्तु और परिवर्तनों के बाद भी नरेश सक्सेना की कविता सुरसरि सम बहती रही। वे कविताएँ लिखते रहे, सुनाते रहे और पढ़ने-सुनने वाले उन्हें पढ़ते-सुनते रहे।

नरेश जी के कविता लेखन की एक अलग शैली है। मुझे लगता है कि इसे अगर निर्झर शैली कहा जाय तो बिल्कुल ठीक होगा। कभी भोर में हरसिंगार के पेड़ के नीचे खड़े होइए- आप गहरी खुशबू से भर जाएँगे और यह क्या आप तो फूलों से नहा उठे! खुशबू ही नहीं फूल भी झरते हैं वहाँ। नरेश जी की कविता भी ऐसी ही हैं झरते हुए शब्दों में एक भीनी सी सुगंध लिए हुए। 'गिरना' कविता की पाठ प्रक्रिया से गुजरते हुए हमें कुछ ऐसा ही आभास होता है-

गिरो आँसू की एक बूँद की तरह
किसी के दुख में
गेंद की तरह गिरो
खेलते बच्चों के बीच
गिरो पतझर की पहली पत्ती की तरह
एक कोंपल के लिए जगह खाली करते हुए
गाते हुए ऋतुओं का गीत
'कि जहाँ पत्तियाँ नहीं झरतीं
वहाँ वसन्त नहीं आता'
गिरो पहली ईंट की तरह नींव में
किसी का घर बनाते हुए।

आज कविता पर यह आरोप है कि लोग कवियों को जानते हैं, कविताओं को नहीं। यद्यपि यह बात पूरी तरह सच्ची नहीं है। अच्छी कविताएँ लोग जरूर याद रखते हैं, जैसे नरेश जी की कविताएँ। फिर भी मौजूदा दौर में ऐसा लगता है कि 'कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है।' इससे कविता को ले कर शक होना लाजिमी है। कविता के इस संदेहवाद में बाजारवाद और शिल्पगत एकरसता आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। हाल के वर्षों में देखें तो बाजार में जगह पा लेने के लिए सतही संवेदना के सहारे तमाम कविताएँ लिखी गयीं।

आज के दौर में कविता को कहानी ने पीछे छोड़ दिया है। उपन्यास, आत्मकथा और अन्य विधाएँ भी आगे निकल रही हैं। यद्यपि कविता लिखी सबसे अधिक जा रही है। लगभग हर साहित्यिक पत्र-पत्रिका में कविताएँ छप रही हैं, नये-नये संग्रह आ रहे हैं, उन पर समीक्षाएँ लिखी जा रही हैं लेकिन आज की कविता सामान्य जन से नहीं जुड़ पा रही है, इसीलिए कम पढ़ी जा रही है। यह चिन्ताजनक अवश्य है किन्तु निराशाजनक नहीं क्योंकि कविता का सबसे अधिक लिखा जाना उम्मीद जगाता है। कविता इसी रास्ते फिर वापसी करेगी क्योंकि जो रचेगा वह बचेगा। वैसे भी कविता वर्तमान समय की सबसे अधिक अव्यावसायिक विधा है और सब कुछ के बावजूद संवेदनशील कविता की पहचान का संकट संभव नहीं है क्योंकि विरेचन की संभावना कविता में ही सर्वाधिक होती है, उसका स्थान कोई नहीं ले सकता।

नरेश जी ने कविता में लोक-संस्कृति और जातीय पहचान को विशेष महत्व दिया है। लोक-संस्कृति के शब्द लेकर लोक-संवेदना से जुड़कर नरेश जी अपनी अलग पहचान बनाते हैं। नरेश जी का मानना है कि 'कविता को लोकगीत की तरह सरल और आत्मीय होना चाहिए।' वे इसका निर्वाह अपनी कविताओं में करते भी हैं। 'इस बारिश में', 'नीम की पत्तियाँ', 'पत्तियाँ यह चीड़ की' जैसी कविताएँ इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। आसान लिखना कठिन होता है। सहज भाषा में अपनी संवेदना को रखते हुए कविता को देखना हो तो नरेश जी की 'धूप' कविता देखिए -

सर्दियों की सुबह, उठ कर देखता हूँ
धूप गोया शहर के सारे घरों को
जोड़ देती है
गौर से देखें अगरचे
धूप ऊँचे घरों के साये तले
उत्तर दिशा में बसे कुछ छोटे घरों को
छोड़ देती है।
पूछ ले कोई
कि किनकी छतों पर भोजन पकाती
गर्म करती लॉन,
औ बिजली जलाती धूप आखिर
नदी नालों के किनारे बसे इतने गरीबों से क्यों भला
मुँह मोड़ लेती है।

समकालीन कविता के पहचान को लेकर हो-हल्ला मचाने वाले कविता की संरचना में उस तुक या कटाव पर बार-बार सवाल खड़ा करते हैं जो कविता को गद्य से अलग करता है। यह प्रश्न भी कमजोर कविताओं को लेकर अधिक है। कोई यूँ ही महत्वपूर्ण नहीं होता। नरेश सक्सेना यूँ ही महत्वपूर्ण कवि नहीं हैं। विनोद कुमार शुक्ल के शब्दों में कहें तो- 'नरेश के स्वभाव में सरलता है। यही इनकी कविता का स्वभाव भी।. गीत न होने के बाद भी नरेश की कविताओं के शब्द ऑर्केस्ट्रा के लोग लगते हैं। पढ़ते हैं तो अर्थों का वाद्य सुनायी देता है। उनसे कविता को सुनना, जीवन के कार्यक्रम को सुनना है।'

दरअसल नरेश सक्सेना एक नाटककार भी हैं। इन्होंने बुन्देली नाटक और नुक्कड़ नाटक समेत कुल पाँच नाटक लिखे हैं। फिल्म और संगीत से इनका गहरा नाता रहा है। नरेश जी संगीत और कविता की आंतरिक संगति को जानते हैं। इसीलिए उनके शिल्प में 'पाठ' की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे सामान्यतः बोल कर लिखते हैं, इसलिए बोली की लय अनायास ही उसमें आ जाती है। कविता को लय कैसे दी जाती है, इसे नरेश जी की कविताओं का पाठ कर-के समझा जा सकता है। 'घास', 'एक घायल दृश्य', 'जिला भिंड, गोहद तहसील', 'शिशु' आदि कविताएँ महत्वपूर्ण है। राजेश जोशी के शब्दों में कहें तो ये कविताएँ 'लय की कुदाल' से उत्खनित हैं।

कविता करना भाषा की सायास या अनायास कोशिश नहीं है। दोनों के मिश्रण की क्रीड़ा भी नहीं है। बिना संवेदना के कविता अधूरी है। संवेदनहीन होते जा रहे वर्तमान समाज में संवेदनशील कविता की आवश्यकता बढ़ती जा रही है, ऐसे में संवेदन शून्य सायास रचनाकारों के बस की बात नहीं है कि वे इस आवश्यकता को पूरा कर सकें। स्पष्ट है कि सभ्यता के मौजूदा दबाव में कवि-कर्म कठिन हो चला है। फिर भी जहाँ संवेदना है वहाँ कविता पूरी ताकत से खड़ी है। करती होगी कहानी छोटे मुँह बड़ी बात, पर जो असर छोटे मुँह कविता करती है, वह कोई विधा नहीं कर सकती। नरेश जी की एक अत्यन्त छोटी कविता देखिए। शीर्षक है- सीढ़ियाँ कभी खत्म नहीं होतीं।

सीढ़ियाँ चढ़ते हुए
जो उतरना भूल जाते हैं
वे घर नहीं लौट पाते।

दरअसल नरेश सक्सेना अपने समय के सजग कवि हैं। वे बाजारवाद साम्प्रदायिकता और ऊँच-नीच की खाई को ठीक से पहचानते हैं। इन सारे संदर्भों में उनकी प्रगतिशील पक्ष धरता देखी जा सकती है। 'ईश्वर', 'गुजरात-1', 'ह्यगुजरात-2', 'ईश्वर की औकात', 'देखना जो ऐसा ही रहा', 'धूप', 'ईंट-2' आदि कविताएँ इसी दायरे में आती हैं। 'गुजरात-2' कविता में सपाट संवादों के सहारे वे सब कुछ सीधे-सीधे कह देते हैं और अपना निर्भीक पक्ष प्रस्तुत करते हैं-

'कैसे हैं अजीज भाई', फोन पर मैंने पूछा
'खैरियत से हूँ और आप?'
'मजे में' मुँह से निकलते ही घड़ों पानी पड़ गया
'अच्छा जरा होश्यार रहिएगा'
'किससे?'
'हिन्दुओं से', कहते-कहते रोक लिया खुद को
हकलाते हुए बोला-
'बस, ऐसे ही एहतियातन कह दिया'।
रख दिया फोन
सोचते हुए
कि उन्हें तो पता ही है
कि किससे।

यह पक्षधरता उन्हें समाज के हाशिए पर स्थित लोगों के पास ले जाती है। उनकी तमाम कविताएँ वंचितों के पक्ष में खड़ी होकर बोलती हैं। उन्हें 'धूप', 'घास', 'चीटियाँ' और 'नीम की पत्तियाँ' इसीलिए प्रिय हैं। 'नीम की पत्तियाँ' तो इतनी कि उसकी सुन्दरता बताने में वे कविता को असमर्थ समझते हैं। उनके सौन्दर्य बोध में घुला हुआ यथार्थबोध धूमिल की कविता 'लोहे का स्वाद' की स्मृति को ताजा कर देता है।

नरेश सक्सेना की कविता में प्रकृति का रूप भी विलक्षण है। वे जिस तरह से बारिश, फूल, पत्तियाँ, पेड़, घोंसले, धूप, सूर्य, पहाड़, बर्फ, पानी, घास, चाँद, पक्षी, मिट्टी और आकाश को देखते हैं वह उनके सौन्दर्य बोध की अलग दुनिया है। नरेश सक्सेना को पढ़ने के बाद यह विश्वास करना बेहद कठिन है कि पढ़ाई में दसवीं के बाद हिन्दी भाषा उनका विषय नहीं रहा। उन्होंने एम.ई. तक इंजीनियरिंग पढ़ी और पैंतालीस वर्ष तक इंजीनियरिंग ही की। ईंट, गिट्टी, सीमेण्ट, लोहा, नदी, पुल- उनकी रोजी-रोटी के साधन रहे और उनकी सोच के केन्द्र में भी। इसीलिए ये सब उनकी कविता में शामिल हैं। नरेश जी के पहले किसी कवि की कविता में ये शब्द नहीं मिलते। विज्ञान का विद्यार्थी होने के कारण उसकी सैद्धान्तिकी को आधार बनाकर जिस तरह की कविताएँ नरेश जी ने लिखी हैं उस तरह की कविताएँ हिन्दी में मिलना मुश्किल हैं। 'गिरना', 'सेतु', 'पानी क्या कर रहा है', 'प्रवासी पक्षी', 'अंतरिक्ष से देखने पर' आदि कविताएँ एकदम अलग भाव-बोध की कविताएँ हैं। लेकिन कवि का हुनर ऐसा है कि वह विज्ञान और संवेदना के मेल से इन कविताओं को विशिष्ट बना देता है।

नरेश सक्सेना की कविताओं की सबसे बड़ी खूबी यह है कि ये कविताएँ पाठकों और श्रोताओं से अपना बार-बार पाठ कराती हैं फिर भी आकर्षण नहीं खोतीं। स्पष्ट है कि नरेश जी की भाषा की ताकत कविताओं के पाठ में निहित है। इस पाठ की अंतर्ध्वनियाँ नरेश जी के काव्य पाठ की भंगिमा से मिलकर लय लहरियाँ उठाती हैं।

**( यह पूरे लेख का संपादित अंश है, लेखक अलोचक एवं संपादक हैं, संपर्क 96511 63672)**

# आजाद भारत का लाड़ला क्यों हैं गुलाम दिनों का कानून?

**प्रसंगवश**

**जावेद अनीस**



मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा करीब डेढ़ सदी पुराने राजद्रोह कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए रोक लगा दी गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने अंग्रेजों के जमाने में बनाए गये इस बदनाम कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को इंडियन पेनल कोड (भारतीय दंड संहिता) की धारा 124ए के तहत कोई भी एफआईआर दर्ज ना करने का निर्देश दिया गया था. यह निर्देश केंद्र सरकार की तरफ से राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार करने तक के लिये था जिसका मतलब था कि अगर इस दौरान अगर राजद्रोह का कोई नया मामला दायर किया जाता है तो आरोपित व्यक्ति अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उन लोगों को जमानत मिलने की उम्मीद देने का काम किया है जो इस कानून की वजह से लंबे समय से जेल में हैं, यह एक लम्बी सूची है जिसमें कई पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता और युवा शामिल हैं। दरअसल डेढ़ सौ साल पहले 1870 में प्रभाव में आने के साथ ही यह कानून विवादों में रहा है. पहले अंग्रेजों ने अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया और अब आजाद हिन्दुस्तान के हुक्मरान भी यही करते आ रहे हैं. खास बात यह है कि हम ब्रिटिश सरकार के गुलामी के दौरान के इस कानून को अभी भी ढ़ोते आ रहे हैं लेकिन इस बीच खुद ब्रिटेन द्वारा साल 2009 में इस कानून से अपना पीछा छुड़ा लिया गया है.

भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए में 'राजद्रोह' को परिभाषित करते हुये कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति सरकार-विरोधी सामग्री लिखता या बोलता है, ऐसे किसी सामग्री का समर्थन करता है, राष्ट्रीय चिन्हों का अपमान करने के साथ संविधान को नीचा दिखाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ इस धारा के तहत राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है. राजद्रोह एक गैर जमानती अपराध है जिसके तहत तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है.

गौरतलब है कि राजद्रोह कानून की अवधारणा ब्रिटिश साम्राज्य की देन है जोकि 17वीं सदी में साम्राज्य के खिलाफ उठी आवाजों को दबाने के लिये लाया गया था. भारत में तत्कालीन ब्रिटिश शासन द्वारा इस कानून को 1870 में लागू किया गया था. जिसका मुख्य मकसद ब्रिटिश सरकार के विरोध में काम करने वाले भारतीय क्रांतिकारियों को रोकना और उन्हें परेशान करना था. ब्रिटिश सरकार द्वारा इस कानून का इस्तेमाल महात्मा गांधी, भगत सिंह और बाल गंगाधर तिलक जैसे राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ किया गया था.

आजादी के लड़ाई के दौरान कई राष्ट्रीय नेताओं द्वारा इस कानून को हटाने की बात कही गयी थी लेकिन दुर्भाग्य से आजाद भारत के संविधान में भी धारा 124अ को जोड़ा गया. खुद जवाहर लाल नेहरू जैसे नेता की सरकार द्वारा 'आजादी पर तर्कपूर्ण प्रतिबंध' के नाम पर बोलने की आजादी को सीमित करने के लिए संविधान संशोधन लाया गया. इसके बाद 1974 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा देशद्रोह को 'संज्ञेय अपराध' ( ऐसा अपराध जिसमें गिरफ्तारी के लिए पुलिस को किसी वारंट की जरूरत नहीं होती है) बना दिया गया. इस तरह से राजद्रोह कानून के तहत पुलिस को किसी को भी बिना वारंट के पकड़ने का अधिकार दे दिया गया.

वर्तमान में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से राजद्रोह के मामले बढ़ गए हैं, 2014 से 2020 के बीच इस मामले में हर साल औसतन 28 प्रतिशत मामलों की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं. इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार साल 2014 से लेकर 2020 के बीच 399 लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है.राज्यवार स्थिति देखें तो इस दौरान में सबसे अधिक राजद्रोह के मामले दर्ज करने वाले राज्यों में असम है जहां साल 2014 से 2020 के बीच पूरे देश के तकरीबन 16 प्रतिशत मामले दर्ज किये गये उसके बाद झारखंड, कर्नाटक और हरियाणा का नाम आता है.

आजादी के बाद से लगभग सभी सरकारों पर इस कानून के दुरुपयोग करने के आरोप लगते रहे हैं. दरअसल यह इस देश का दुर्भाग्य है कि खुद को लोकतंत्र का पहरेदार बताने वाली लगभग सभी पार्टियों की सरकारों को औपनिवेशिक काल का यह कानून बेहद पसंद रहा है, हालांकि इस कानून का लगातार विरोध भी होता रहा है. विपक्ष में रहने वाली हर पार्टी इसके विरोध में खड़ी नजर आती है लेकिन सत्ता में आने के बाद हर सरकार को अपने विरोधियों और आलोचकों से निपटने के लिए इस काले कानून का डंडा चाहिए. अदालतें भी इस कानून के खिलाफ मुखर रही हैं. साल 2021 में भारत का मुख्य न्यायधीश द्वारा इस कानून पर सवाल उठाते हुए कहा था, 'ये एक औपनिवेशिक कानून है. इसका मकसद भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलना था. इसी कानून का इस्तेमाल महात्मा गांधी और बाल गंगाधर तिलक जैसे नेताओं की आवाज को दबाने के लिए किया गया. ऐसे में, आजादी के 75 साल बाद क्या इस कानून की आवश्यकता है?'

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला देशद्रोह कानून को चुनौती दी जाने वाली याचिकायों पर सुनवाई के बाद आया था जिन्हें मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे (सेवानिवृत्त) और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा दायर की गयी थीं. इनमें मेजर जनरल वोम्बटकेरे 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ सियालकोट सेक्टर में युद्ध लड़ चुके हैं. मेजर जनरल वोम्बटकेरे मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं. वे हरिद्वार व दिल्ली धर्म संसद में दिए गए नफरत भरे भाषणों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं.

सुप्रीमकोर्ट का यह फैसला इस कानून से पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत है जो लम्बे समय से मानवधिकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने और सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़े होने की वजह से सलाखों के पीछे हैं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जिन लोगों पर राजद्रोह का केस चल रहा है वे जमानत के लिए निचली अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं. ऐसे में राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है लेकिन यह अंतिम फैसला नहीं है, यह एक लम्बी लड़ाई की छोटी जीत है जिसका मुकम्मल होना इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्र की मौजूदा सरकार इस पर क्या रुख अख्तियार करती है.

बहरहाल राजद्रोह कानून पर रोक लगाने के करीब सात महीने बाद जनवरी 2023 के दूसरे हफ्ते में सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजों के शासन काल के दंडात्मक कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक बार फिर सुनवाई शुरू करने वाली है.पिछले दिनों मुख्य न्यायधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा की पीठ द्वारा कानून के खिलाफ एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से दायर याचिका सहित 12 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है.

अब देखना है कि अगली सुनवाइयों के दौरान केंद्र सरकार क्या रवैया अपनाती है. मोदी सरकार के मिजाज को देख कर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि उसका क्या रुख रहने वाला है? हालांकि सरकार के पास गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के रूप में दूसरा डंडा पहले भी मौजूद है जिसे 2019 में मोदी सरकार द्वारा संशोधन करके और भी सख्त बना दिया गया था जिसके तहत यूएपीए में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि सरकार चाहे तो बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर सकती है. अगर मोदी सरकार यूएपीए के साथ राजद्रोह कानून को बनाए रखना चाहती है तो निश्चित रूप से भारत के लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**कथा- वार्ता**



## धूप हड़पना कोई कोरी कल्पना नहीं

**यादवेन्द्र**

साल के पहले दूसरे दिन की बात है, मेरे सदाबहार दोस्त नवीन कुमार नैथानी ने अपनी नई कहानी ' धूप' का ऑडियो क्लिप मुझे भेजा। दरअसल महीने डेढ़ महीने में जब भी हमारी बात होती है, मैं नवीन से उनकी नई कहानी की बात जरूर पूछता हूं। कहानियों को कागज पर लिखने को लेकर नवीन का बेहद टालू और आलसी स्वभाव मैं दशकों से जानता हूं.... यह भी जानता हूं कि नवीन के अंदर 10 - 20 कहानियां हमेशा उमड़ती घुमड़ती करवटें लेती रहती हैं और बैठ कर बतकही करने का सबब बने तो उस दौरान कई कहानियां टुकड़ों में निकलकर बाहर हवा में तैरते हुए लिखे जाने की गुहार लगाने लगती हैं।

कहानी एक ऐसे बूढ़े के इर्द गिर्द घूमती है जिसकी एक बेहद मामूली पहाड़ी बाजार में चाय की दुकान है पर वह रहता ढलान के नीचे के गांव में है। गांव धूप से वंचित है पर उसकी दुकान धूप से संपन्न।बाजार में लोग धूप की वजह से आते , खाली गांव में क्या बैठना। वहां धूप बहुत कम होती है।

'वह बूढ़ा धूप के साथ रहता था। धूप खिसकती तो वह भी उधर सरक जाता। उसे देखकर लोग अंदाज लगा लेते कि धूप का मिजाज कैसा होने जा रहा है।'

अपनी विशिष्ट शैली में नवीन किरदार का थोड़ा और परिचय देते हैं: 'बूढ़ा बाजार में था भी और नहीं भी। एक तरह से वह बाजार का हिस्सा नहीं था लेकिन वह हमेशा बाजार चलाने वाले लोगों की नजर में बना रहा।'

वैसे कहानी धूप को केन्द्र में रखती है पर विकास की बलि चढ़ते जा रहे जंगल के छीजते जाने को बेहद संवेदनशीलता के साथ रेखांकित करती हैः 'बूढ़े के सपनों में जंगल बना रहा और कई बार तो उसमें नए पेड़ भी उग आए । वह उन्हें बढ़ते हुए देखता।'

किसी ठंडे पहाड़ी गांव में धूप की कैसी प्राणदायी भूमिका होती है इसका एक चित्र देखिएः 'बाजार में लोग धूप की वजह से आते , खाली गांव में क्या बैठना। वहां धूप बहुत कम होती है...लोगों का सरकता हुआ समूह हमेशा सड़क के इस ओर से उस ओर तक धूप के साथ यात्रा करता था। धरती के घूमने की तेज रफ्तार को उन्होंने धूप के टुकड़े की धीमी रफ्तार में थाम लिया है।'

पर उस बूढ़े की शख्सियत ऐसी रहस्यमयी है कि लोग उसकी ओर हमेशा धूप के लिए देखते भी हैं और उसका जिक्र करने से बचते भी हैं।

कई बार वहां जाकर भी वाचक को बूढ़ा आमने सामने से जब मिलता नहीं तो वह उस दिलचस्प किरदार से मिलने उसके गांव जाता है।

'वह पत्थर के ऊपर बैठा हुआ था,आसमान की तरह देख रहा था। उसकी नजरें आसमान से हटकर मेरी तरफ आ टिकीं।

कौन हो?, उसकी आवाज बुलंद थी।लगता था जैसे वह आसमान को डपट रहा हो।

आपसे मिलने आया हूं।

ठहरो,उसने कहा और घर के भीतर चला गया। मुझे सुकून मिला। थोड़ी ही देर में वह बाहर निकल आया, उसके हाथ में बंदूक थी।

किस लिए आए हो? उसने बंदूक को जमीन पर टिकाते हुए पूछा। उसकी आवाज और अधिक सख्त हो गई थी।

मेरे कुछ समझ में नहीं आया।

बस आपसे मिलने के लिए ...आपसे बातें करने के लिए।

धूप के लिए?, उसने और सख्त लहजे में पूछा।

हां, मैंने कह दिया।फिर जो हुआ उसकी मैं कल्पना भी नहीं कर सकता था।

बाजार वालों ने भेजा है? उसने कहा और मेरी ओर बंदूक तान दी। मना कर दिया था उनको, यह जगह नहीं छोडूंगा। अभी भाग जाओ। किसने कहा था सड़क के पास बसो? धूप चुराने आए हो? भाग जाओ।

(यह कहते हुए) वह ऐसी चढ़ाई पर चढ़ने लगा जिस पर चढ़ना संभव नहीं था।

बंदूक का धमाका।



कुदरत ने मनुष्य को जो जीवनदायी संपदा दैनिक आधार पर उपयोग के लिए सौंपी है लेकिन उसपर भी ताकत के बल पर कब्जा जमाने और दुर्बल से छीनने का षडयंत्र लगातार किया जा रहा है।भारत क्या पूरी दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों की लूट और अपनी संपदा को बचाने की कोशिश करने वाले मूल निवासियों को डरा धमका कर और शांति व्यवस्था व राष्ट्रीय सुरक्षा का नाम लेकर दमन चक्र चलाया जा रहा है। जमीन जंगल जल तो दशकों से लूटे जा रहे हैं पर नवीन कुमार नैथानी इस महालूट के जिस विस्तार की बात कर रहे हैं वह कोरी कल्पना नहीं है - पूरे उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में विकास के इसी मॉडल पर काम किया जा रहा है। ऐसी चढ़ाई पर बूढ़े के बंदूक लेकर चढ़ने का रूपक जिसपर चढ़ना संभव नहीं था, बहुत महत्वपूर्ण और गौर तलब है।

कहते हैं न - जहां न जाए रवि वहां जाए कवि (मैं इसमें कथाकार को भी शामिल करता हूं)।

**( लेखक कथाकार और चिंतक हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# कबाड़ी को बेची गई सरिया पुलिस ने किया बरामद

**कसा शिकंजा**

### डीसीएम ट्रक में सरिया लादकर जा रहा था झारखण्ड

### 6 नवम्बर को घटना को चालक ने दिया था अंजाम

**मीरजापुर।** साजिश के तहत डीसीएम ट्रक पर लदे माल का गबन कर बेचने वाला शातिर ट्रक चालक आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से माल बिक्री का धन व डीसीएम ट्रक को पुलिस ने बरामद किया। थाना चुनार मीरजापुर पर 06 नवम्बर 2022 को वादी शशांक सिंह पुत्र श्रीकांत सिंह निवासी रमाकान्त नगर, पिशाचमोचन, वरूणा वाराणसी द्वारा लिखित तहरीर बावत ट्रक चालक व खलासी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर चुनार से डीसीएम ट्रक में लोहे के एंगल लोडकर झारखण्ड के साहिबगंज डिलेवरी करने के बजाय माल को गबन कर सांठ-गांठ से कहीं अन्यत्र ले जाकर बेच देने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा 406,420 भादवि बनाम ट्रक चालक सोनू उर्फ सरोज आदि 06 आरोपियों के पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। रविवार को प्रभारी निरीक्षक चुनार मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त के नामजद ट्रक चालक आरोपी सोनू कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम उपेन्दा (कटघर), थाना देवगांव, आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से मुकदमा से सम्बन्धित डीसीएम ट्रक वाहन में डिलेवरी हेतु लदे माल को बेच कर खरीदे मोबाइल फोन (कीमत करीब 25000 रु.) व माल बिक्री के खर्च के बाद शेष बचे 3300 रु. नगद बरामद किया गया। जबकि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित डीसीएम ट्रक को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछने पर बताया कि डीसीएम ट्रक का मैं चालक हूँ। 06 नवम्बर 2022 को डीबीएल कम्पनी चुनार से लोहे के एंगल लाद कर डिलेवरी हेतु झारखण्ड के साहिबगंज ले जाने के लिए खलासी के साथ चला था कि हम लोगों के मन में लालच आ गया था। जिसके कारण अपने कुछ साथियों से सांठ-गांठ कर एक ट्रक लदे पूरे माल को हम लोगों ने सस्ते दाम में कबाड़ी को बेचकर पैसे लेकर तथा डीसीएम, ट्रक को लावारिस हालत में छोड़कर भाग गये थे।



पुलिस गिरफ्त में डीसीएम चालक।

# योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट का पलीता निकाल रहे विभाग के अधिकारी

### 5 फीट का पिलर खड़ा कर बंद हो गया कार्य, कारोबारियों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** रोजगार को बढ़ावा देने के लिए वूल यार्न प्रोसेसिंग फैसिलिटी सेंटर का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जून में लालगंज के रामपुर वासित अली गांव मे लखनऊ से किया था। शिलान्यास के बाद खुदाई करके पिलर पांच फीट का खड़ा कर दिया गया है लेकिन निर्माण कार्य ठप चल रहा है। जिले में लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने ग्रामीण स्तर पर लालगंज तहसील के विकासखंड लालगंज के रामपुर वासित अली में वूल यार्न प्रोसेसिंग डाटा फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की मंजूरी के साथ ऑनलाइन शिलान्यास किए थे। जिसके बाद उम्मीद बनी थी कि इस सेंटर के बनने से ग्रामीणों को रोजगार की संभावनाएं बनेगी। पर हुआ यह कि नींव की खुदाई करके 5 फिट का पिलर खड़ा कर दिया गया है। जिसकी प्रगति रुकी हुई है।

इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचा आकार नहीं पकड़ पा रहा है जिसकी चिंता कालीन उद्योग संचालित करने वाले कारोबारियों को भी बढ़ा दी है। इसके बन जाने के बाद लाभ यह होगा कि कालीन संचालकों को बाहर से कच्चा माल नहीं खरीदना पड़ेगा।

बता दें कि यह उद्योग ओडीओपी योजना के तहत एक जनपद में एक उत्पाद की व्यवस्था मिलेगी। बताया यह जा रहा है कि वूल यार्न सेंटर का फायदा ग्रामीण मजदूरों को सीधे मिलेगा। ऐसे रोजगार पर की योजना की रुकावट के कारणों की जांच कर शुभारंभ किए जाने की जरूरत बताई जा रही है।

## संक्षेप

### सुरक्षित रह कर वाहनों पर करें सवारी : श्रीकांत



**मीरजापुर।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु महिला आरक्षियों की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद में चल रहे यातायात जागरूकता सम्बन्धित अभियान सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा जन-जन तक अभियान चलाकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर से महिला आरक्षियों की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखार रवाना किया गया। उक्त यातायात सम्बन्धित जन-जागरूकता अभियान 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक एक माह का मनाया जा रहा है। शीतकाल में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाने तथा वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व हेलमेट अवश्य धारण करने सहित अन्य सुरक्षा मानको को ध्यान में रखकर यातायात को सुगम व सहज बनाया जा सकता है। यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। आम जनमानस से मीरजापुर पुलिस द्वारा अपील की गयी कि यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु यातायात नियमों व सुरक्षा मानकों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

### कमलेश सोनकर ने किया फाइनल मैच का शुभारंभ



**मीरजापुर।** आमघाट रेलवे क्रासिंग के पास राजपुर क्रिकेट स्टेडियम आमघाट के मेला मैदान में फाइनल मैच के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कमलेश सोनकर एवं प्रधान, बीडीसी, क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कमलेश सोनकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों को बढ़ावा एवं सम्मान प्रोत्साहन देने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष आशीष यादव, कोषाध्यक्ष सोहन यादव, सुजीत यादव, विजय यादव, राजन यादव, संदीप यादव, दीपक यादव, अंकित यादव, विशाल यादव अवनीश यादव रोशन यादव, मनोज यादव, अंशु यादव, अमरजीत यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### सैकड़ों गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण



**मीरजापुर।** नगर के घंटाघर के प्रांगण में मकर संक्रांति के पर्व पर आभा फाउंडेशन के तत्वाधान में गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने गरीबों को कंबल प्रदान कर किया। कार्यक्रम आयोजक के सचिव अमित श्रीनेत ने मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने कहा कि आभा फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण का यह कार्यक्रम नर सेवा नारायण सेवा का अप्रतिम उदाहरण है। समाज के आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सामाजिक संस्थाओं का दायित्व होना चाहिए और यह कार्य आभा फाउंडेशन बखूबी कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र अग्रहरी व धन्यवाद ज्ञापित संस्था के सचिव अमित श्रीनेत ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव मुदरा, पवन मालवीय, सुरेश गुप्ता, राजू लारा, हेमंत सिंह, गोविंद निषाद, संतोषी निषाद, शरद कुमार बालाजी, अखिलेश पांडेय सहित संस्था के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बकरी चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, पांच बकरी बरामद

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा, मीरजापुर पर शनिवार को वादी ओमप्रकाश पुत्र दुलारे पाल निवासी लतीफपुर थाना अहरौरा मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत बकरियों की चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई थी। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 379 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी अहरौरा को आरोपी की गिरफ्तारी व चोरी हुई बकरियों की बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 सदानन्द यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी ठेमन मुसलमान पुत्र स्व0 मजीद निवासी डवरी कला थाना बबुरी चन्दौली को गिरफ्तार किया। जिनके निशानदेही से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी हुई 05 बकरियों की बरामदगी की गई। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### तीन दिन पहले दवा लेने घर से निकली किशोरी गायब

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किशोरी के गायब होने पर परिजनों ने पड़ोसी युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने एवं आरोपी युवक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। किशोरी दवा लेने के बहाने नदिहार बाजार के लिए घर से निकली थी और देर रात तक घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे और उसके खोजबीन के लिए नदिहार बाजार पहुंचे जहां आस पास से लगायत फोन के माध्यम से रिस्तेदारों से भी पूछताछ किया गया लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन किशोरी के भाई ने अपने पड़ोसियों से भी पूछताछ करने पहुंचा तो पता चला कि उसी दिन से सोनू पुत्र स्व रामधनी कोल भी गायब है। जिसके बारे में उसके परिवार के सदस्यों ने कोई जवाब नहीं दिया। तब थक हार कर किशोरी के परिजनों ने राजगढ़ थाने पर लिखित नामजद तहरीर देकर आरोपी युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाया है।

### दो बाइकों की टक्कर में बालिका सहित चार घायल, तीन रेफर

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के बघौडा बाजार के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में आठ वर्षीय बालिका सहित चार लोग घायल हो गए। मड़िहान थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी अनिल कुमार 32 वर्ष तथा रामसकल 56 वर्ष बाइक से राजगढ़ की तरफ जा रहे थे, कि सामने से आ रहा बाइक सवार मंगरदहा गांव निवासी दीपक 23 वर्ष व अनुपमा 8 वर्ष से आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि 8 वर्षीय अनुपमा को हल्की छोटे आयी हैं। एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने अनिल कुमार, राम सकल व दीपक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### घायल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा मीरजापुर पर शनिवार को वादी अनिता देवी पत्नी हरिश्चन्द मौर्या निवासी अहरौरा खासडीह थाना अहरौरा मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत पानी बहने के विवाद को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में दी गई थी । जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 323/504/506/324/308 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। रविवार को उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी मोहाल पुत्र पन्नर मौर्य गोलू पुत्र मोहाल निवासीगण थाना अहरौराडीह थाना अहरौरा मीरजापुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### सहभोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के गौरी गांव स्थिति श्री हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयं संघ खंड जमालपुर की ओर से मकर संक्रांति के पर्व पर सामाजिक समरसता सहभोज एवं तिलवा चूड़ा वितरण का आयोजन रविवार को किया गया। जिला कार्यवाह रामबालक ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर सहभोज आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में समभाव की भावना जागृत करना है। सहभोज में काफी संख्या में लोगों ने एक साथ मिलकर भोजन किया। इस दौरान सह खंड कार्यवाह सत्येंद्र, सुरेश शर्मा, ऋषभ, अभिषेक, अंकित, जयप्रकाश, गौरीशंकर, निशांत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरीला पर डा.मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 40 एवं भाईपुर कलां में डा.सत्येंद्र की देखरेख में 33 मरीज एवं छोटा मीरजापुर केंद्र पर डा संजीव गुप्ता के नेतृत्व में 30 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देकर दवा का वितरण किया गया। जिसमें बीपी, शूगर, चर्मरोग, उदर रोग, मौसमी जुखाम इत्यादि का इलाज किया गया।

### हिंदू राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है भारत

**मीरजापुर।** नगर के ओलियर घाट मार्ग पर स्वामी विवेकानंद जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर विधायक मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र ने कहा कि भारत बदल रहा है। महापुरुषों ने जो भारत को लेकर सपना देखा था अब हिंदुस्तान उस दिशा की ओर बढ़ रहा है। आज विश्व भारत की बात को सुनता और मानता है। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया गया था। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि हिंदुस्तान की ओर विश्व टकटकी लगाए देख रहा है।

# गांव के विकास के लिए होना चाहिए प्रधान के अंदर जुनून

**बोलीं राष्ट्रीय अध्यक्ष**

### सदस्य राज्य सभा ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंम्भ

जनसंदेश न्यूज

**जमालपुर।** क्षेत्र के गोरखी गांव में रविवार को नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का लोकार्पण मुख्य अतिथि सदस्य राज्य सभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा के दर्शना सिंह ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया। जिसके पश्चात गरीब असहायों के बीच 251 कम्बल का वितरण किया जहां कम्बल पाकर असहायों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि दर्शना सिंह ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। गांव के कार्य के लिए ग्राम प्रधान का जो जूनून है वह सराहनीय है।

कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज मकर संक्रांति का पर्व है जिसमें दो लक्ष्मी एक साथ मिला है जिस दिन 12 अंक और जुड़ गया। उस दिन राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पच्चास लाख रुपए गांव की विकास के लिए मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह मंच पर है। ब्लाक प्रमुख द्वारा गोरखी गांव को तीस लाख रुपए से कार्य कराया गया। वहीं क्षेत्रीय विधायक द्वारा दस लाख रुपए से कार्य को गति दिया। इस तरह पूरे ब्लाक में सर्वाधिक कार्य हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान के लिए चयन किया किया गया है।

यही नहीं मीरजापुर जिले से राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए कुल 6 प्रधानों का चयन किया गया है जिसमें सर्वाधिक अंक 88 गोरखी गांव को ने किया। वहीं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान ने किया। इस दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री शिव मंगल वियार, ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, खंड विकास अधिकारी रविन्द्र नरायण सिंह, मन्ना सिंह, जोशी पटेल, मोती सिंह, राम जनम मौर्या, त्रिलोकी पटेल, धीरज सिंह, रणजीत सिंह, रामप्रवेश वियार, सचिव रोहित सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करतीं प्रमुख जमालपुर।

# बेसमेंट में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**हादसा**

### पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे माल मालिक ने दिखाई तत्परता

### फायर ब्रिगेड के जवानों ने भारी नुकसान को टाला

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर मोहल्ले में स्थित सिटी कॉर्ट मॉल में रात करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। मॉल के बेसमेंट में लगी आग की सूचना पर पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने काबू पाया। बेसमेंट में खाली कार्टून फाइबर मेज और रखा काउंटर आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने की जानकारी पड़ोसी से मिलने पर मॉल मालिक मौके पर पहुंचे थे । जिन्होंने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी।

कटरा कोतवाली इलाके कि बेलतर मोहल्ले में स्थित बेसमेंट सहित चार मंजिला सिटी कॉर्ट माल मे आग लग गई। शनिवार की रात मॉल बंद कर सभी कर्मचारी और मालिक घर जा चुके थे। रात में करीब 10 बजे पड़ोसियों ने मॉल के बेसमेंट से धुआं निकलते हुए देखा।

इसकी जानकारी माल मालिक को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे माल मालिक ऋषि कुमार तिवारी ने अग्निशमन यंत्रों के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी के साथ उन्होंने फायर ब्रिगेड को भी आग लगने की जानकारी दी। कुछ ही देर में पहुंचे फायर ब्रिगेड के दो वाहनों से पहुंचे जवानों ने आग पर काबू पा लिया। माल स्वामी ने बताया कि बेसमेंट में फाइबर मैच और काउंटर रखा था जो जल गया आज सुबह ही बेसमेंट की सफाई कराई गई थी।

आग लगने की जानकारी मिलते ही तत्परता से मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। विभाग के द्वारा बराबर लोगों को सेफ्टी के बारे में अवगत कराया जाता रहा है। माल के बेसमेंट में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है।

आग लगने के कारण की जांच धुआं छटने के बाद किया जाएगा। आशंका है कि मॉल के पीछे की तरफ बेसमेंट की खिड़की से किसी ने बीड़ी वगैरह पीकर फेंक दिया होगा। धुआं छटने के बाद इसकी जांच की जाएगी।





आग लगने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

# कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** रविवार को मकर संक्रांति पर्व पर गंगा तट के सभी प्रमुख घाटों पर रविवार की अल सुबह से ही स्नानार्थियों की भीड़ जुट गयी थी। मूहुर्त की बेला में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों ने गंगा जी के पावन जल में स्नान करने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह दोपहर तक चलता रहा। घाट पर जय मां गंगा, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

ठंड की परवाह किये बिना श्रद्धालुजन मां विंध्यवासिनी मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन कर दान पुण्य कर लाभ लिया। गंगा के नदी के घाटों पर मेले जैसा दृश्य बना रहा। कस्बे में स्थित कई मंदिरों में दर्शन करने व खिचड़ी चढ़ाने के लिए भक्तों की काफी भीड़ जुटी रही। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुरानी परम्पराओं को निभाते हुए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान दिया और और मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं द्वारा महा खिचड़ी प्रसाद बनाया गया। वहीं श्री विंध्य पंडा समाज द्वारा भी मंदिर प्रांगण में खिचड़ी वितरण किया गया।



गंगा में स्नान को उमड़े भक्त।



सहभोज में शामिल लोग।

## मकर संक्रांति पर किया चाय बिस्किट का वितरण

**मीरजापुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर ऊमर ओमर वैश्य परिषद मीरजापुर द्वारा रविवार को बरियाघाट पर चाय, बिस्किट का निःशुल्क वितरण परिषद के अध्यक्ष गौरव ऊमर के नेतृत्व में किया गया। उक्त अवसर पर परिषद के अध्यक्ष गौरव ऊमर ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है सामाजिक समरसता के महा पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर ऊमर ओमर वैश्य परिषद द्वारा कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से हजारों गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को चाय एवं बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष उमर, परिषद के संरक्षक आशु कांत चुनाहे, भाजपा जिला मंत्री नितिन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, परिषद के पूर्व अध्यक्ष बसंत ओमर, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुन्नु लाल, संयुक्त मंत्री अनुप गुप्ता, नागेश्वर, पारस नाथ गुप्ता उपस्थित रहे।

### आरएसएस ने आयोजित किया खिचड़ी सहभोज

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा ग्राम पंचायत स्थित शिव मंदिर परिसर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आर एस एस के संघचालक हरिश्चंद्र सोनी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज फहराने के बाद मातृ वंदना की। खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संघ चालक हरिश्चंद्र सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ग्राम प्रधान शिव गोविन्द चौरसिया, भानु तिवारी, पिंकेश सिंह, राकेश तिवारी, जेपी तिवारी आदि शामिल रहे।

### खुशहाली का मंत्र सिखाते हैं भारतीय त्योहार : मनोज

**मीरजापुर।** भारतीय त्योहार सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। मकर संक्रान्ति का पर्व हमें प्रेम सदभाव और समरसता का संदेश देता हैं। उक्त विचार नगर के बरियाघाट वासलीगंज एवं संगमोहाल स्थित साँई बाबा मंदिर पर आयोजित खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर व्यक्त किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में खिचड़ी की तरह मिल कर रहने से सारी समस्या का समाधान हैं। खिचड़ी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है तो जातियों की एकता देश और समाज के लिए अत्यंत शुभ और फलदायक है। समाज के कल्याण के लिए एकजुटता सभी समस्याओं का समाधान करने में सहायक होती हैं। देश के मान, सम्मान स्वाभिमान और समाज की खुशहाली के लिए हमें पर्वों के महत्व को भी समझने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान लोगों में प्रसाद का वितरण देर दोपहर तक किया गया। इस मौके युवा मोर्चा के पूर्व मंत्री रवि शंकर साहू, विजय प्रजापति, वीरेंद्र मौर्या, पवन यादव, अंकुर श्रीवास्तव, विजय साहू, राहुल गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, ओंकार कसेरा, अश्वनी श्रीवास्तव, श्रीधर पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोगों की सेवा में सक्रिय रहे।

### छह दिवसीय मेले के दूसरे दिन भक्तों की रही भीड़

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के औरा गांव स्थित महादेव नदी में मकर संक्रांति के पर्व पर क्षेत्रीय भक्तों ने डुबकी लगाई। शिव एवं हनुमान जी का पूजन अर्चन कर मेले का लुफ्त उठाया। रविवार को लगभग 20 हजार भक्तों ने औरा गांव स्थित महादेव नदी में डुबकी लगाकर मेले का आनंद उठाया। इस दौरान मेले में लाई, मिठाई, चूड़ी की दुकानों के अलावा झूला आदि की दुकानें लगी रही। मंदिर पुजारी आनंद गिरी ने बताया कि खिचड़ी से 6 दिन तक यह मेला अनवरत चलता है जहां हजारों लोग प्रति दिन दर्शन पूजन करते हैं। रविवार को लगभग 20 हजार भक्तों ने महादेव नदी में स्नान कर दर्शन पूजन के बाद मेले में पहुंचकर लुफ्त उठाया है। दर्शन पूजन के बाद लोग मिट्टी के प्रसिद्ध घड़े लाई जलेबी तथा श्रृंगार के सामान को क्षेत्रीय लोग खरीदे। बच्चों ने झूले का लुफ्त उठाया। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव मय फोर्स चक्क्रमण करते रहे।

# आश्वासन देकर भी उद्घाटन करने नहीं पहुंचे मझवां विधायक

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** विधानसभा मझवां क्षेत्र के बाड़ापुर गांव में आयोजित जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में आश्वासन देने के बाद भी विधायक मझवां विनोद बिंद नहीं पहुंचे तो आयोजकों व दर्शकों ने भारी नाराजगी जाहिर किया। वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौतम स्पोर्टिंग क्लब बाड़ापुर के द्वारा आयोजित व तीन जनवरी से चल रहे जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच था। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक मझवां विनोद बिंद को फाइनल मैच के उद्घाटन करने को आमंत्रित किया गया था। जहां दर्शकों की भारी भीड़ के बीच विधायक के आगमन का लगातार एनाउंसमेंट किया जा रहा था। विधायक के आमंत्रित करने के बाद भी कार्यक्रम में उपस्थित ना होकर प्रयागराज में कार्यक्रमों का हवाला देते हुए भदोही की ओर निकल गये। वही आयोजकों द्वारा उनके प्रतिनिधि से बात करने पर विधायक का कार्यक्रम भदोही जिले में ही होना बताया गया। वही आयोजकों ने कहा कि विधायक द्वारा हमारे सम्मान के खिलाफ किया गया कार्य अशोभनीय है। जिससे दर्शकों व आयोजकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## लगातार आठवीं बार बरैनी ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**कछवां।** क्षेत्र के बाड़ापुर गांव में गौतम स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा आयोजित जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बरैनी स्पोर्टिंग क्लब व युवान स्पोर्टिंग क्लब कछवां के मध्य खेला गया। जिसमें युवान क्लब कछवां की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अपनी पारी खेलते हुए पंद्रह ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। वही जवाब देने उतरी बरैनी स्पोर्टींग क्लब की टीम ने महज 13 ओवरों में ही लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट से जीत हासिल कर लगातार आठवीं बार ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वही मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा रोहनियां के पूर्व प्रत्याशी रहे सीए प्रमोद सिंह ने विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे, डॉक्टर मनीष सिंह व डॉक्टर सौरभ सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान विजेता टीम के कप्तान विवेक सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से देखा जाएं क्योंकि किसी भी खेल पैसे के बल पर नहीं जीता जा सकता है। यह मेरे लिए एक चैलेंज था। उक्त अवसर पर गौरव सिंह शिशु, धीरज पांडे, तरुन राय, आशीष सिंह, आकाश, शुभम, हर्ष, शशांक मोनू आदि आयोजकों की टीम मौजूद रही।

# विजेता टीम को केंद्रीय मंत्री ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**आयोजन**

### 51 रनों से मनीकठी टीम ने जीता मैच

जनसंदेश न्यूज

**जिगना।** विकासखंड छानबे निधि नारायण सेवा समिति तरफ से सुक्खू स्टेडियम चितौली में हो रहे क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच कर्णावती स्पोटिंग क्रिकेट क्लब बनवारीपुर और एम सी सी क्रिकेट क्लब मनिकठी के बीच खेला गया जिसमें एमसीसी मनीकठी पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

जवाब में उतरी बनवारीपुर की पूरी टीम मात्र 171 रन ही बना सकी। जिसमें 51 रन से मनीकठी टीम विजय घोषित हुई। कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र प्रसाद पाठक ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 को मैच शुभारंभ हुआ था जिसमें कुल 32 टीमें भाग लिया था। विजेता टीम को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री का सभी भाजपा पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जय शुक्ला थे। सांसद प्रतिनिधि इंद्रेश बहादुर सिंह, अपना दल राम लौटन बिंद, एमएलसी प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, जय सिंह, उद्योगपति वीरेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुजीत मोदनवाल, रामू सिंह, राम शिरोमणि मौर्य, रमेश उर्फ सिपूसिंह सुधाकर उपाध्याय, अंकित तिवारी, जय भोला तिवारी, सहित कार्यक्रम आयोजक में संतोष कुमार दुबे, मिंकु पाठक, विनय पाठक, पिंटू पाठक आदि लोग रहे। अंपायर की भूमिका संतोष दुबे और राहुल पाठक ने निभाई।

मैच का आंखों देखा हाल मकोई लाल दीवाना, आशीष मिश्रा एवं आदर्श दुबे ने किया।



विजेता टीम को ट्रॉफी देतीं अनुप्रिया पटेल।

# स्पोर्ट्स

## कौन हैं केडी जाधव? जिनको गूगल ने डूडल बनाकर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** गूगल ने आजाद भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता खाशाबा दादासाहेब जाधव को उनके 97वें जन्मदिवस पर रविवार को श्रृद्धांजलि दी। गूगल ने अपने सर्च इंजन पर जाधव का डूडल लगाकर उन्हें याद किया। बैंटमवेट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाले जाधव ने 1952 में हेल्सिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जाधव ने इससे पहले लंदन ओलंपिक 1948 में भी हिस्सा लिया था लेकिन मैट पर ज्यादा अनुभव न होने के कारण वह छठे स्थान पर रहे थे। जाधव ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते। ओलंपिक पदक जीतने के बाद उन्हें मुंबई पुलिस में नियुक्त कर लिया गया। एक चोट के कारण वह 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में भाग नहीं ले सके। वह लगभग 30 वर्षों तक पुलिस में बने रहे और 1983 में महाराष्ट्र में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में सेवानिवृत्त हुए। जाधव को हालांकि पुलिस में अपनी सेवा के बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद महाराष्ट्र के सतारा शहर में घर बनाने के लिये अपनी पत्नी के गहने बेचने पड़े।



# वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत: भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हराया, 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, विराट की 46वीं सेंचुरी

## कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज भारत की जीत के हीरो रहे, विराट 166 रन की पारी खेलते हुए करियर का 46वां वनडे शतक जमाया, वही, शुभमन गिल ने 116 रन ठोके

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। भारत ने श्रीलंका को तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 317 रन से हराया। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। कीवी टीम ने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था। विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज भारत की जीत के हीरो रहे। विराट 166* रन की पारी खेलते हुए करियर का 46वां वनडे शतक जमाया। वहीं, शुभमन गिल ने 116 रन बनाए। भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 390 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंका की टीम 22 ओवर में 9 विकेट पर 73 रन के स्कोर पर रोका। मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। श्रीलंका के 6 बल्लेबाज डबल फिगर में भी नहीं पहुंच पाए।



***श्रीलंका से 23 साल पुराना हिसाब चुकता किया***

वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम को सबसे बड़ी हार साल 2000 में श्रीलंका के खिलाफ मिली थी। तब श्रीलंका ने टीम इंडिया को 245 रन से हराया था। अब भारत ने श्रीलंका को उसकी सबसे बड़ी हार थमा दी है। साल 2000 में शारजाह में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने सनथ जयसूर्या (189 रन) के शतक की बदौलत 299 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय पारी 54 रन पर सिमट गई थी।

अब भारत ने विराट की दमदार परी के दम पर विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका को बेहद मामूली स्कोर पर समेट दिया।

***जीत के 3 हीरो***

विराट कोहली विराट ने 166 रन की पारी खेली है। कोहली ने 110 गेंदों की पारी में 13 चौके और 8 छक्के जमाए। यह विराट के करियर का 46वां शतक है।

शुभमन गिल ओपनर शुभमन गिल ने करियर की दूसरी सेंचुरी जमाई। उन्होंने 97 बॉल पर 116 रन बनाए। इस पारी में शुभमन ने 14 चौके और 2 छक्के जमाए।

मोहम्मद सिराज धारदार गेंदबाजी की। श्रीलंका के 4 बल्लेबाजों को आउट किया। एक रन आउट भी किया। सिराज ने वनिंदु हसरंगा (एक रन), नुवानिडु फर्नांडो (19 रन), कुसल मेंडिस 4 रन, अविष्का फर्नांडो (एक रन) के विकेट लिए।

***पिछले चार वनडे में विराट का तीसरा शतक***

करीब तीन साल तक शतक का सूखा झेलने वाले विराट अब शतकों की बारिश कर रहे हैं। पिछले चार वनडे मैचों में उन्होंने तीसरा शतक जमाया है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के आखिरी मैच में सेंचुरी जमाने के बाद विराट ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले और तीसरे मैच में तिहरे अंक का स्कोर बनाया।

***एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड***

विराट ने श्रीलंका के खिलाफ 10वां वनडे शतक जमाया है। यह इस फॉर्मेट में किसी भी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। पहले यह रिकॉर्ड विराट और सचिन के नाम संयुक्त रूप से था। इस मैच से पहले विराट ने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ 9-9 शतक जमाए थे। वहीं, सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 वनडे शतक जमाए थे।

## शादी के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 नहीं खेल पाएंगे केएल राहुल



टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के खिलाफ ईडन गार्डन्स में जीत दिलाई। केएल राहुल के इस प्रदर्शन के कारण टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 की निर्णायक बढ़त ले ली है। इसके तत्काल बाद न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर आ जाएगी। ताजा खबर यह है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 में केएल राहुल नहीं खेल पाएंगे। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दरअसल, 23 जनवरी को यह क्रिकेटर अथिया शेट्टी के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। बॉलीवुड साल की पहली शादी का गवाह बनने जा रहा है। फैंस अथिया और केएल राहुल की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अथिया और केएल राहुल ने 23 जनवरी को अपनी शादी की तारीख तय कर दी है। शादी समारोह सुनील शेट्टी के खंडाला बंगले में होगा। शादी के कार्यक्रम तीन दिन चलेंगे। परिवार और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में शादी होगी। बाद में रिसेप्शन दिए जाएंगे। दोनों परिवार शादी को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और मेहमानों की लिस्ट भी तैयार हो चुकी है। अथिया शेट्टी ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत हीरो फिल्म से की। अथिया के पिता का नाम सुनील शेट्टी और माता का नाम मना शेट्टी है। भाई का नाम अहान शेट्टी है।

## विराट कोहली ने 46वें शतक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड, सचिन-जयवर्धने को छोड़ा पीछे

### कोहली ने करियर का 74वां शतक लगाया है, कोहली का भारतीय मैदान पर 21वां शतक

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के खिलाफ तीसरा वनडे तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला गया है। टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से आगे है। आखिरी मुकाबले में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रोहित ने 42 और शुभमन गिल ने 116 रन बनाए। गिल का वनडे करियर का दूसरा शतक है। वहीं विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोहली अब विश्व क्रिकेट के 5 सफल बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया है।



***विराट कोहली ने रचा इतिहास***

विराट कोहली का जबरदस्त फॉर्म जारी है। इस मुकाबले से पहले 267 वनडे में 12588 रन बनाए थे। तीसरे मैच में उन्होंने 62 रन का आंकड़ा छूते ही सबसे महेला जयवर्धने को पछाड़ दिया है। विराट से पहले जयवर्धने वनडे में 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। अब किंग कोहली ने जगह बना ली है।

***श्रीलंका के खिलाफ 10वां शतक***

विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज है। कोहली का श्रीलंका के खिलाफ 10वां वनडे शतक है। सचिन तेंदुलकर 8 सेंचुरी के साथ दूसरे स्थान पर है।

***सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा***

विराट कोहली ने करियर का 74वां शतक लगाया है। कोहली का भारतीय मैदान पर 21वां शतक है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। घर में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने के मामले में सचिन 20 शतक के साथ शीर्ष पर थे। किंग कोहली ने इस शतक के बाद उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

## 11 जनवरी से लापता महिला क्रिकेटर राजश्री स्वैन का शव जंगल में फांसी पर टंगा मिला

**नई दिल्ली।** ओडिशा में महिला क्रिकेटर राजश्री स्वैन का शव जंगल में फांसी के फंदे से लटका मिला है। वे 11 जनवरी से लापती थीं। कटक के जंगल में शव मिलने के बाद परिवार ने ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटक के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा के अनुसार, 26 वर्षीय राजश्री की स्कूटी अथागढ़ के गुरुदिझटिया जंगल में लावारिस हालत में मिली। यहीं उनका शव एक पेड़ पर फांसी से लटका था।

राजश्री दाएं हाथ की तेज गेंदबाज थीं और मध्य क्रम की बल्लेबाजी भी करती थीं। लापता होने के बाद 12 जनवरी को उनके कोच ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। राजश्री मूल रूप से पुरी जिले की रहने वाली थीं। वो पुडुचेरी में आगामी राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट के लिए ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए कटक आई थीं। हालांकि, वह टूनार्मेंट के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय टीम में उनको स्थान नहीं मिला था। तब वो रोते हुए कैंप से निकली थीं।

## 'विश्व कप में पदक के सूखे को खत्म कर सकता है भारत, पेनल्टी कॉर्नर का उठाना होगा फायदा'

**राउरकेला।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि भारत 48 साल के अंतराल के बाद इस बार विश्व कप में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा। भारत ने 1975 के टूनार्मेंट में स्वर्ण जीतने के बाद से विश्व कप में पदक नहीं जीता है लेकिन अपने समय के बेहतरीन डिफेंडर में से एक और पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में भारत स्वदेश में चल रहे इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में पोडियम पर जगह बना सकती है। टिर्की ने एक साक्षात्कार में कहा, हमने इस बार भारतीय टीम को पदक जीतने के लिए मैदान में उतारा है। हम चाहते हैं कि भारत पदक तालिका में जगह बनाए। वे इस समय काफी अच्छा खेल रहे हैं।



उन्होंने कहा, लेकिन आधुनिक हॉकी बहुत बदल गई है। पेनल्टी कॉर्नर बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। जब आप पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हो तो ज्यादातर समय टीम जीतती है। हमारे पास बहुत अच्छे ड्रैगफ्लिकर हैं और मुझे उम्मीद है कि वे टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और भारत के लिए पदक जीतेंगे। भारत के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले (412 मैच) खेलने वाले टिर्की ने कहा, (कप्तान) हरमनप्रीत सिंह ड्रैगफ्लिकर के रूप में देश के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हालांकि स्पेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारत पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेगा। यह पूछने पर कि क्या भारत गत चैम्पियन बेल्जियम और दुनिया की नंबर एक ऑस्ट्रेलिया को हरा सकता है तो उन्होंने कहा, टीम ने (पांच मैचों की) श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, उन्होंने काफी अच्छा मुकाबला किया। टिर्की ने कहा, बेल्जियम भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक है। लेकिन भारत अब किसी भी दिन दुनिया की किसी भी टीम के को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। तीन बार के ओलंपियन टिर्की ने यह भी कहा कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को दोबारा शुरू किया जाएगा और राष्ट्रीय महासंघ इस साल के अंत तक इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, एचआईएल को फिर से शुरू करना मुख्य एजेंडे में है। हम इस साल के अंत तक इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। हम लीग को दीर्घकालिक स्थायी आधार पर आयोजित करने के लिए एक एजेंसी खोजने जा रहे हैं और फ्रेंचाइजी भी।

उन्होंने यह भी कहा कि भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाला विश्व कप भविष्य के प्रमुख टूनार्मेंट के मेजबान देशों के लिए मानदंड स्थापित करेगा। टिर्की ने कहा, जब कलिंगा स्टेडियम ने 2018 विश्व कप फाइनल की मेजबानी की तो मुझे लगा कि यह सर्वश्रेष्ठ स्टेडियम है। लेकिन जब मैंने यहां आकर खुद देखा और कोचों तथा खिलाड़ियों से बात करने के बाद यह (बिरसा मुंडा स्टेडियम) बस शानदार है। मुझे लगता है कि दुनिया में इससे बेहतर कोई स्टेडियम नहीं है। उन्होंने कहा, 'बेशक अगर इससे बेहतर स्टेडियम बनता है तो यह हॉकी के लिए अच्छा होगा। कलिंगा स्टेडियम सहित विश्व कप की मेजबानी करने वाले इस दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम के साथ, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह विश्व कप के भविष्य के टूनार्मेंट के लिए मानदंड तय करेगा। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के सौनमारा गांव में पैदा हुए टिर्की ने कहा कि विश्व कप के बाद बिरसा मुंडा स्टेडियम मार्च में प्रो लीग मैचों के अलावा राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण शिवर तथा घरेलू चैंपियनशिप की मेजबानी कर सकता है। उन्होंने कहा, मार्च में यहां प्रो लीग मैच होंगे, घरेलू चैंपियनशिप और राष्ट्रीय टीमों के लिए एशियाई खेल और ओलंपिक की तैयारी होगी। भारतीय महिला टीम ने प्रो लीग (एफआईएच नेशन्स कप जीतने के बाद) के लिए क्वालीफाई कर लिया है और हम यहां अनुभव टूनार्मेंट करा सकते हैं।

## ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में ईशान किशन टेस्ट टीम में जगह के मजबूत दावेदार : मोहम्मद अजहरुद्दीन

**अबुधाबी।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए ईशान किशन बेहतर विकल्प हो सकते है। यूएई में इंटरनेशनल लीग टी 20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे अजहर ने एक साक्षात्कार में कहा कि पंत के साथ जो हुआ वह बेहद ही दुखद है। टेस्ट टीम में उनकी जगह को भरना मुश्किल है लेकिन आक्रामक शैली की बल्लेबाजी के कारण किशन टीम में जगह के मजबूत दावेदार है। ऋषभ पंत दिसंबर के आखिरी सप्ताह में दिल्ली से रुड़की जाते समय कार दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गये थे। चोट से उबरने के दौरान वह 2023 सत्र के ज्यादातर समय तक खेल से दूर रहेंगे। अजहर ने कहा, पंत के साथ काफी बुरा हुआ। भारतीय टेस्ट टीम में किशन को चुना गया है और वह जिस तरह की लय में है मुझे लगता है कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए वह ज्यादा मजबूत दावेदार होंगे। दायें हाथ के इस पूर्व कलात्मक बल्लेबाज ने कहा, किशन भी पंत की तरह ही बेखौफ होकर खेलते है और वह बायें हाथ के बल्लेबाज है। भारत के शीर्ष और मध्यक्रम में इस तरह(बायें हाथ के बल्लेबाज) की विविधता की जरूरत है। कोणा भरत की मौजूदगी के कारण टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाना हालांकि किशन के लिए आसान नहीं होगा। भरत लगभग एक साल से टीम के साथ है और उन्होंने पिछले डेढ़ महीने में प्रथम श्रेणी के चार मैचों में तीन अर्धशतकीय पारी खेली है जिसमें बांग्लादेश ए के खिलाफ भारत ए का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 77 रन बनाये थे।



## रविचंद्रन अश्विन ने किया मोहम्मद शमी का समर्थन पूछा- 'मांकड़िंग' को लेकर इतनी हिचकिचाहट क्यों?

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि यह देखना हैरानी भरा है कि आउट करने के 'माकंडिंग' के तरीके को लेकर इतनी 'आपत्तियां' हैं और उन्होंने पूछा कि गेंदबाजों से हमेशा इतना अलग व्यवहार क्यों किया जाता है। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 10 जनवरी को गुवाहाटी में शुरूआती वनडे के दौरान दासुन शनाका को 'नॉन स्ट्राइकर' छोर पर रन आउट की कोशिश की जब यह बल्लेबाज क्रीज छोड़कर आगे बढ़ गया था। हालांकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हस्तक्षेप किया और शमी की अपील को वापस ले लिया जिससे शनाका अपना शतक पूरा करने में सफल रहे क्योंकि अपील के समय पर 98 रन पर थे। अश्विन इस तरीके से आउट करने के मुखर समर्थक हैं और शनिवार को उन्होंने शमी का समर्थन करते हुए कहा कि यह अंपायर का काम है कि बल्लेबाज को आउट घोषित करें। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'निश्चित रूप से शमी द्वारा रन आउट करना, जब शनाका 98 रन पर थे तो शमी ने उन्हें 'नॉन स्ट्राइकर' छोर पर रन आउट कर दिया था और इसकी अपील भी की थी। रोहित ने वो अपील वापस ले ली। इसके तुरंत बाद इतने सारे लोगों ने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा एक ही बार दोहराता रहूंगा। खेल की स्थिति कोई मायने नहीं रखती। यह आउट करने का वैध तरीका है। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोहित ने कहा कि उन्होंने शनाका के खिलाफ यह अपील इसलिये वापस ली थी क्योंकि श्रीलंकाई कप्तान 98 रन पर थे। शनाका बाद में 108 रन बनाकर नाबाद रहे और श्रीलंकाई टीम 67 रन से मैच हार गई। अश्विन ने कहा, अगर आप पगबाधा अपील या फिर विकेट के पीछे कैच आउट की अपील करते हो, कोई भी कप्तान से नहीं पूछता कि वे इस अपील के बारे में निश्चित हैं या नहीं। उन्होंने कहा, अगर गेंदबाज अपील करता है तो वे उसे आउट दे देंगे और बात खत्म। देखिये अगर एक भी क्षेत्ररक्षक अपील करता है, तो यह अंपायर का कर्तव्य है कि वे खिलाड़ी को आउट करें, अगर वह आउट है तो। अश्विन ने कहा, इसलिए मुझे इस तरीके (मांकड़िंग) से आउट करने को लेकर जो इतनी सारी हिचकिचाहट हैं, उसे देखकर हैरानी होती है। लेकिन आउट करने का पूरा तरीका, इस पर निर्भर करता है कि गेंदबाज क्या करता है, ठीक है ना। उन्होंने कहा, इसलिए आउट करने का तरीका या अपील करना या फिर फैसला करना, गेंदबाज पर ही निर्भर है ना। अश्विन ने कहा, कई सारे मैचों में एक बल्लेबाज बल्ला छुआ देता है और अंपायर के फैसले का इंतजार किये बिना ही पवेलयन लौटने लगता है। उन्होंने कहा, उस समय पर, बल्लेबाजी टीम का कप्तान नहीं आता और पूछता, तुम किसकी अनुमति से क्रीज छोड़कर पवेलियन की ओर चल दिये? क्या तुम टीम को भूल गये। वापस जाओ और खेलना जारी रखो। अश्विन ने कहा, गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिये इतने सारे अलग अलग तरह के बर्ताव इतने सारे वर्षों से होते रहे हैं।



## रविंद्र जडेजा के सामने फिटनेस साबित करने की चुनौती, टेस्ट सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय आल राउंडर रविंद्र जडेजा 24 जनवरी से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ शुरू होने वाले सौराष्ट्र के रणजी ट्राफी फाइनल राउंड में वापसी के लिये तैयार हैं। वह घुटने (दाएं पैर के) की सर्जरी कराने के लिये पिछले साल सितंबर में एशिया कप से हट गये थे। जडेजा (34 वर्ष) इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उन्हें नौ फरवरी से नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिए 17 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हालांकि उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी और जडेजा के फिट होने पर फैसला चार दिवसीय रणजी ट्राफी मैच के दौरान ही लिये जाने की संभावना है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) अध्यक्ष जयदेव शाह ने कहा, अच्छा होगा, अगर वह सौराष्ट्र के लिये खेलता है। शायद वह खेलेगा, लेकिन मुझे इसके बारे में और जानकारी नहीं है। जडेजा ने 31 अगस्त को एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इससे पहले उनका प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में एकमात्र टेस्ट मैच था। रिपोर्ट के अनुसार जडेजा ने इस हफ्ते के शुरू में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था क्योंकि वह एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन खत्म करने की ओर हैं। इस बायें हाथ के बल्लेबाज को भारतीय लाइन-अप में मध्यक्रम में पांचवें या छठे नंबर पर महत्वपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, विशेषकर ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में। साथ ही उनकी बायें हाथ की स्पिन भी चार मैचों की श्रृंखला में शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ उपयोगी साबित हो सकती है। इस श्रृंखला से भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में फाइनल में लगातार दूसरी बार पहुंचना तय होगा।



# राजस्थान में पारा माइनस 7 डिग्री पर पहुंचा: नल का पानी जमा, लद्दाख से भी ठंडा माउंट आबू, 28 साल का रिकॉर्ड टूटा

## जयपुर के जोबनेर, सीकर के फतेहपुर, माउंट आबू के अलावा चूरू जिले में तापमान माइनस में चला गया, माउंट आबू में पारा –7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया

**जयपुर।** राजस्थान में आज कड़ाके की ठंड ने पूरे प्रदेश को ठिठुरा दिया। जयपुर के जोबनेर, सीकर के फतेहपुर, माउंट आबू के अलावा चूरू जिले में आज तापमान माइनस में चला गया। माउंट आबू में पारा -7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। माउंट आबू लद्दाख, मनाली से भी ठंडा रहा। यहां के मैदानी इलाकों और खेतों में बर्फ जम गई। लोगों के हाथ-पांव ठंड के कारण सुन्न हो गए।

बर्फ जमा देने वाली इस सर्दी ने किसानों की टेंशन भी बढ़ा दी है। रबि की फसल पर पाला पड़ने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 19 जनवरी को एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस उत्तर भारत में आएगा। इसके बाद लोगों को इस कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवाओं से राहत मिलेगी। मौसम केंद्र जयपुर और स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक आज 15 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान -7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा इलाका रहा। इसी महीने 5 जनवरी को माउंट आबू में तापमान -6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यहां नक्की झील के किनारे पानी जम गया। इसके अलावा यहां की सबसे ऊंची पहाड़ की चोटी गुरु शिखर पर भी बर्फ जम गई। आबू का आज का टेम्प्रेचर पहाड़ी इलाके मनाली (-3.5), शिमला (2.8), कुल्लू (0.3) और लद्दाख के गिलगिट (-3.5) से भी ज्यादा ठंडा रहा। इसी तरह आज जयपुर के जोबनेर में पारा -4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां एक दिन पहले मिनिमम टेम्प्रेचर 3.5 डिग्री सेल्सियस था। 7 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरने से जोबनेर के आसपास खेतों में बर्फ जम गई। सिंचाई करने वाले पाइपों में पानी जम गया। जोबनेर में इस सीजन में ये पांचवां दिन है, जब पारा माइनस में दर्ज हुआ और ये इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर में आज दूसरे दिन तापमान माइनस में रहा। यहां न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस गिरकर माइनस 4.7 पर दर्ज हुआ, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा। यहां भी खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ जम गई। इससे पहले कल फतेहपुर में पारा -3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रेगिस्तानी एरिया चूरू जितना तेजी से गर्म होता है उतना ही ठंडा भी होता है। चूरू में भी आज दूसरे दिन टेम्प्रेचर माइनस में दर्ज हुआ। यहां आज न्यूनतम तापमान -2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिछले 12 साल में दूसरी बार है जब चूरू में जनवरी के महीने में तापमान -2 से नीचे गया हो। इससे पहले 3 जनवरी 2014 को -2.7 डिग्री सेल्सियस तापमान गया था। यहां तापमान सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे जा चुका है। राजस्थान में बीती रात सर्दी इतनी जबरदस्त रही कि मिनिमम टेम्प्रेचर शहरों में 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गए। टोंक में एक दिन पहले मिनिमम टेम्प्रेचर 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो आज गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।



### राकांपा सांसद सुप्रिया सुले की साड़ी में लगी आग, टला हादसा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले की साड़ी में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान आग लग गई। हालांकि, आग को तुरंत की बुझा लिया गया और कोई बड़ी घटना नहीं हुई। सुले की ओर से बाद में एक बयान जारी कर कहा गया कि वे सुरक्षित हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। बारामती से सांसद सुले एक कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के लिए हिंजावाड़ी में एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। इसी दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान उनकी साड़ी में आग लग गई। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि माल्यार्पण करते समय सुले की साड़ी मेज पर रखे एक दीप से छू गई और इससे साड़ी में आग लग गई। सुले ने एक बयान में कहा, कराटे प्रतियोगिता के उद्घाटन के समय मेरी साड़ी में गलती से आग लग गई। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। सभी शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकताओं और नेताओं से अनुरोध है कि चिंता न करें, क्योंकि मैं सुरक्षित हूं।

### अमेरिका की आर बॉनी ग्रेबिएल को मिस यूनिवर्स का खिताब, हरनाज संधू के छलके आंसू



**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स शहर में मिस यूनिवर्स का खिताब आर बॉनी ग्रेबियाल ने अपने नाम कर लिया है। उन्हें ये खिताब भारत की हरनाज संधू ने पहनाया। इस दौरान हरनाज संधू काफी इमोशनल भी दिखीं। इस कॉन्टेस्ट में अलग-अलग देशों की 86 सुंदरियों ने हिस्सा लिया था जिन्हें पीछे छोड़ते हुए आर बॉनी ने ये खिताब जीता है। इस दौरान वेनेजुएला की अमेंडा फर्स्ट रनर अप और डोमिनिकल रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज सेकेंड रनरअप रहीं। भारत से इस कॉन्टेस्ट में 25 साल की दिविता राय ने हिस्सा लिया था, लेकिन दिविता टॉप 5 में अपनी जगह नहीं बना पाईं। इस कॉन्टेस्ट में दिविता ने नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में सोन चिरैया बन सभी का ध्यान खींचा था जिसमें उन्हें एक समय पर सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत को प्रदर्शित किया था। इस बार मिस यूनिवर्स को नया ताज पहनाया गया है। जिसका नाम 'फोर्स फॉर गुड' रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस ताज को मैवाड कंपनी ने बनाया है। जिसमें कुल 993 स्टोन लगे हैं। वहीं इस ताज में 110.83 कैरेट नीलम और 48.24 कैरेट सफेद डायमेंड भी लगे हैं। ताज के सबसे ऊपर लगा रॉयल ब्लू कलर का नीलम 45.14 कैरेट का है। जिसकी कीमत लगभग 6 मिलियन डॉलर यानी 49 करोड़ रुपए है।

## खास खबर

### पीएम मोदी ने पोंगल, माघ बिहू और मकर संक्रांति की दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल, माघ बिहू और मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को लोगों को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्वीट किया, माघ बिहू की शुभकामनाएं। उम्मीद करता हूं कि यह त्योहार प्रकृति के साथ हमारे बंधन को गहरा करेगा और खुशियां लाएगा। उन्होंने कहा, सभी को, खासकर दुनिया भर के तमिल लोगों को पोंगल की शुभकामनाएं। यह त्योहार हमारे जीवन में खुशियां और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। प्रधानमंत्री ने लोगों को मकर संक्रांति की भी शुभकामनाएं दीं। मकर संक्रांति सूर्य भगवान को समर्पित त्योहार है। माघ बिहू फसल से जुड़ा त्योहार है। पोंगल चार दिवसीय फसल उत्सव है जो सूर्य देव को समर्पित है।

### तमिलनाडु में उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है पोंगल, सीएम ने लोगों को दीं शुभकामनाएं



**चेन्नई।** तमिलनाडु में रविवार को पोंगल का त्योहार पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन से शुभ तमिल माह थाई की शुरूआत होती है। फसल से जुड़े इस उत्सव के साथ ही मदुरै में लोकप्रिय अवनियापुरम जल्लीकट्टू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को सजाया और सुबह जल्दी जगकर पूजा-अर्चना की। लोगों ने चावल और गुड़ से बनी मिठाई पोंगल बनाई तथा नए महीने में खुशी एवं समृद्धि के भाव के साथ पोंगल-ओ-पोंगल गीत गाया। थाई महीने को शुभ माना जाता है। इस माह में शादियां की जाती हैं और नए कारोबार शुरू किए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, राज्य में विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक के अंतरिम महासचिव के. पलानीस्वामी ने पोंगल के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## सीएम शिवराज ने दिखाई दरियादिली, अपशब्द कहने वाले करणी सैनिकों को किया माफ

**मांगों को लेकर आंदोलन के दौरान कुछ करणी सैनिकों ने अभद्र नारेबाजी करते हुए सीएम शिवराज के खिलाफ भी अपशब्द कहा**



**भोपाल।** विगत दिनों भोपाल के जंबूरी मैदान में 21 सूत्री मांगों को लेकर हुए करणी सेना के आंदोलन के दौरान कुछ करणी सैनिकों ने जोश में आकर अभद्र नारेबाजी करते हुए सीएम शिवराज के खिलाफ भी अपशब्द कहते थे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया और पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए हरियाणा से ओकेंद्र राणा नामक कथित करणी सैनिक को गिरफ्तार भी किया, जो फिलहाल पांच दिन की पुलिस रिमांड पर है। इस मामले में करणी सैनिकों की ओर से माफी की अपील के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी दरियादिली दिखाई। उन्होंने ट्वीट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग मेरे अपने हैं और अगर कोई अपना गलती कर दे तो उसे खुद से अलग नहीं किया जाता। मेरे मन में उनके लिए अब कोई गिला-शिकवा नहीं। इस मामले में क्षमा मांगी गई है, मैं भी अपनी माँ से प्रार्थना करता हूं कि वह जहां भी हो अपने इन बच्चों को क्षमा करें और मेरे मन में भी अब उनके लिए कोई गिला शिकवा नहीं है। सीएम शिवराज ने अपने ट्वीट में लिखा कि पिछले दिनों एक आंदोलन के दौरान अभद्र भाषा का उपयोग किया गया था। मुख्यमंत्री की आलोचना का अधिकार है, लेकिन जिस मां का स्वर्गवास वर्षो पहले मेरे बचपन में ही हो गया था, उनके लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल अंतरात्मा को व्यथित कर गया। इस मामले में क्षमा मांगी गई है, मैं भी अपनी मां से प्रार्थना करता हूं कि वह जहां भी हो अपने इन बच्चों को क्षमा करें और मेरे मन में भी अब उनके लिए कोई गिला शिकवा नहीं है। आप सब अपने हैं और अपना भी कोई गलती कर दे तो उसको अपने से अलग नहीं किया जा सकता।

### सिंहनाथ मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं में मची भगदड़, 1 की मौत, 9 घायल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के कटक से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के बड़बा के टी ब्रिच पर श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ मच गई। प्राप्त जानकारी के लिए इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई। वहीं 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल महानदी के बीच स्थित सिंहनाथ मंदिर में भारी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आए थे। यह हादसा किस कारण से हुआ, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। बताया जा रहा है कि मकर संक्रांति के पर्व पर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो गई थी। मेले में मची भगदड़ के कारण घायल हुए लोगों में तीन की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। तीनों को कटक के दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस घटना पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। सूर्य शनिवार रात 3.10 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिस कारण मकर संक्रांति पर्व रविवार को मनाया जाएगा। इस साल संक्रांति का त्योहार व्यापार-कारोबार और नौकरीपेशा जातकों के लिए लाभदायक रहेगा। दरअसल मकर संक्रांति के दो दिन बाद शनिदेव का गोचर होगा।

# गुजरात चुनाव के नतीजे संदेश देते हैं कि मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री चुने जाएंगे: अमित शाह

## गुजरात के लोगों ने जातिवाद के जहर को खत्म करने के लिए काम किया है और खोखले, झूठे और आकर्षक वादे करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हाल में संपन्न गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे यह संदेश गया है कि नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाएंगे। विपक्षी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में रिकॉर्ड संख्या में सीट के साथ गुजरात में सत्ता में बनाए रखने में मदद करके उन लोगों को जवाब दिया जिन्होंने राज्य और प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने की कोशिश की। शाह ने यहां विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, गुजरात के लोगों ने जातिवाद के जहर को खत्म करने के लिए काम किया है और खोखले, झूठे और आकर्षक वादे करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा है। गुजरात के लोगों ने गुजरात और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा, यह परिणाम अकेले गुजरात के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। 2024 में (लोकसभा) चुनाव होगा और पूरा देश एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि गुजरात का यह संदेश कश्मीर से कन्याकुमारी (देश में उत्तर से दक्षिण) और द्वारका से कामाख्या (पश्चिम से पूर्व) तक पहुंच गया है कि मोदी साहब 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने कहा कि राज्य के विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि लोगों ने चुनाव में इसका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा, ऐसा एक भी राज्य नहीं है जहां किसी पार्टी ने 27 साल तक लगातार शासन किया हो। गुजरात एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा ने (27 साल और उससे अधिक समय तक) शासन किया है। शाह ने कहा कि जब गुजरात चुनाव की घोषणा हुई तो कांग्रेस ने दावा किया कि इस बार यह उसका मौका है। उन्होंने कहा, दिल्ली से भी लोग यहां मुफ्त में ये और वो देने के वादे के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद जब परिणाम घोषित हुआ तो भाजपा रिकॉर्ड 156 सीट (गुजरात में कुल 182 में से) के साथ विजेता बनकर उभरी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा का हर एक कार्यकर्ता लोगों के समर्थन के लिए उनका ऋणी है और इस तथ्य पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित 40 सीट में से पार्टी ने 34 सीट पर जीत हासिल की।

## हैदराबाद के आठवें निजाम मुकर्रम जाह का तुर्किए में निधन, 17 जनवरी को भारत आएगा पार्थिव शरीर

**वह 89 वर्ष के थे, 1933 में जन्मे जाह तुर्किए चले गए थे**



**मुंबई।** निजाम आठवें मुकर्रम जाह का 14 जनवरी को तुर्किए के इस्तांबुल में निधन हो गया। रविवार को उनके एक कार्यालय द्वारा जारी बयान में यह जानकारी दी गई। वह 89 वर्ष के थे। 1933 में जन्मे जाह तुर्किए चले गए थे और वहीं रह रहे थे। बयान में कहा गया है कि हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हैदराबाद के महामहिम आठवें निजाम नवाब मीर बरकत अली खान वलाशन मुकर्रम जाह बहादुर का कल देर रात 10.30 बजे तुर्किए के इस्तांबुल में निधन हो गया। इसमें कहा गया है कि उनकी अपनी मातृभूमि में आराम करने की इच्छा के अनुसार, उनके बच्चों को 17 जनवरी को दिवंगत निजाम के पार्थिव शरीर के साथ हैदराबाद जाने का कार्यक्रम है। आगमन पर पार्थिव शरीर को चौमहल्ला पैलेस ले जाया जाएगा और आवश्यक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद आसफ जाही परिवार के मकबरे पर दफनाया जाएगा। मुकर्रम जाह का जन्म मीर हिमायत अली खान उर्फ आजम जाह बहादुर के घर हुआ था। आजम जाह बहादुर मीर उस्मान अली खान के पहले पुत्र थे और 1948 में भारतीय संघ में विलय से पहले हैदराबाद रियासत के सातवें निजाम थे।

## 'भाजपा सरकारों ने मीडिया पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया', आरएसएस के कार्यक्रम में बोले राजनाथ सिंह

### न ही किसी के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में कटौती की, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में देश में फिर से एक बहस शुरू हो गई



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने रविवार को कांग्रेस के आरोप का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाले भूल जाते हैं कि भाजपा की सरकारों ने किसी भी मीडिया संगठन पर कभी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया और न ही किसी के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में कटौती की। आरएसएस से जुड़े साप्ताहिक पांचजन्य द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में देश में फिर से एक बहस शुरू हो गई है।

***राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर साधा निशाना***


कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी का पूरा इतिहास सभी प्रकार की स्वतंत्रता के उल्लंघन की घटनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने के लिए संविधान में संशोधन तक किया था। जो लोग शीशे के घरों में रहते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता मजबूत और जीवंत लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

***न अटल न ही पीएम मोदी की सरकार में मीडिया पर पाबंदी लगाई गई***

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मीडिया की आजादी के हनन का आरोप लगाने वाले यह भूल जाते हैं कि चाहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हो, उन्होंने कभी किसी मीडिया हाउस पर पाबंदी नहीं लगाई, न किसी की कटौती की। न ही किसी भी तरीके से भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हनन किया गया। ***एजेंसी***

## कोलेजियम की आलोचना पर कपिल सिब्बल ने मोदी सरकार को घेरा

**वह ऐसी स्थिति पैदा करने की पूरी कोशिश कर रही है जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग दूसरे अवतार में आ जाए**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को सरकार पर न्यायपालिका पर कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह ऐसी स्थिति पैदा करने की पूरी कोशिश कर रही है जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग दूसरे अवतार में आ जाए। 74 वर्षीय सिब्बल ने कहा कि केशवानंद भारती के फैसले में प्रतिपादित मूल संरचना सिद्धांत वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण था और सरकार को खुले तौर पर यह कहने की चुनौती दी कि क्या यह त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने इस तथ्य को समायोजित नहीं किया है कि उसके पास उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों पर शब्द नहीं है। सिब्बल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ₹वे ऐसी स्थिति पैदा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को एक बार फिर से उच्चतम न्यायालय में एक और अवतार में परखा जा सके।₹ उनकी टिप्पणी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद आई है। उन्होंने फिर से शीर्ष अदालत द्वारा एनजेएसी अधिनियम को खत्म करने की आलोचना की। बता दें धनखड़ ने 1973 के केशवानंद भारती मामले के ऐतिहासिक फैसले पर भी सवाल उठाया था, जिसमें कहा गया था कि इसने एक गलत मिसाल कायम की है और वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से असहमत हैं कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन इसकी मूल संरचना में नहीं।

# इन्वेस्टर्स समिट से पहले योगी सरकार दे रही 4 लाख तक के पुरस्कार जीतने का मौका

## 'यूपी जीआईएस 23 हेडलाइनर बिजनेस क्विज' के जरिए बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं को भी सरकार यूपी की विकास यात्रा में भागीदार बनाना चाहती है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपी जीआईएस) 2023 से पहले योगी सरकार देश भर के विद्यार्थियों और वर्किंग प्रोफेशनल्स को 4 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का मौका देने जा रही है। आगामी चार से पांच फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले 'यूपी जीआईएस 23 हेडलाइनर बिजनेस क्विज' के जरिए बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं को भी सरकार यूपी की विकास यात्रा में भागीदार बनाना चाहती है। क्विज मास्टर कुशन पटेल के दिशा निर्देशन में आयोजित हो रही ये प्रतियोगिता तीन अलग अलग वर्गों में आयोजित की जाएगी। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही इन्वेस्ट यूपी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बिजनेस क्विज, इंडिया क्विज और इंडिया क्विज (स्कूल) की तीनों कैटेगरी के लिए अलग अलग पुरस्कार राशि का निर्धारण किया गया है।

'यूपी जीआईएस 23 हेडलाइनर बिजनेस क्विज' के एक वर्ग 'बिजनेस क्विज' को मुख्य रूप से बिजनेस वर्ल्ड पर आधारित प्रश्नोत्तरियों पर केंद्रित रखा गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में 4 और 5 फरवरी को आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बिजनेस क्विज का आयोजन होगा। इसमें विश्व के बड़े बिजनेस ब्रांड्स, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, ह्यूमन रिसोर्स, सिस्टम एंड प्रॉसेस, बिजनेस पर्सनालिटी सहित बिजनेस वर्ल्ड से जुड़ी जानकारियों पर आधारित प्रश्न होंगे। वहीं दूसरे दिन आयोजित होने वाले इंडिया क्विज और इंडिया क्विज (स्कूल) में जनरल नॉलेज, करेंट अफेयर्स और बिजनेस वर्ल्ड से संबंधित प्रश्न होंगे।

क्विज प्रतियोगिता के दो वर्ग (बिजनेस क्विज और इंडिया क्विज) सभी के लिए खुले हैं। इसमें बिजनेस क्विज का आयोजन 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से शाम चार बजे तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। इसमें रिटेन प्रिलिम्स राउंड और उसके बाद सेमीफाइनल राउंड होगा। आखिर में आठ टीमों को फाइनल राउंड में जगह मिलेगी। एक टीम में न्यूनतम दो सदस्य शामिल होंगे। क्विज सभी के लिए ओपेन होगी। इसके मेम्बर स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी हो सकते हैं और वर्किंग प्रोफेशनल्स भी। इस वर्ग में प्रथम पुरस्कार के रूप में 80 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 45 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार के तौर पर 25 हजार रुपए निर्धारित किये गये हैं। वहीं इंडिया क्विज का आयोजन 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जिसमें प्रिलिम्स में रिटेन राउंड होगा। ***एजेंसी***

### राज्यपाल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए द्रमुक नेता निलंबित

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि और राज्य में सत्तारूढ़ द्रवित्र मुनेत्र कषगम(द्रमुक) के बीच बढ़ते मतभेदों के बीच द्रमुक ने राज्यपाल के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने पर मंच प्रवक्ता शिवाजी कृष्णमूर्ति को पार्टी की प्राथमिक सदस्यात से निलंबित कर दिया है। द्रमुक के महासचिव और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने शनिवार शाम एक बयान में कहा कि चेन्नई (उत्तर जिला मुख्यालय) के स्पीकर कृष्णमूर्ति को पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन करने और द्रमुक की बदनामी करने जैसे कार्य करने के कारण पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलम्बित कर दिया गया है। इससे पहले राज्यपाल ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था राज्य के लिए तमिलनाडु की तुलना में ह्यतमिझगमह्ल शब्द अधिक उपयुक्त होगा। गत सोमवार को प्रथम सत्र के पहले दिन नए साल पर राज्यपाल ने अपनी परंपरा के विपरीत राज्यपाल के अभिभाषण के कुछ अंश बिना पढ़े ही छोड़ दिये थे।



**चीन ने लांग मार्च-2डी वाहक रॉकेट से चौदह अनुसंधान उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है। चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन (सीएएससी) ने रविवार को यह जानकारी दी। बीजिंग के समयानुसार प्रक्षेपण सुबह सवा ग्यारह बजे उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से किया गया। सीएएससी के अनुसार 14 उपग्रहों में किलु- 2 और किलु- 3 शामिल हैं जिनका उपयोग मुख्य रूप से पृथ्वी की रिमोट सेंसिंग के लिए किया जाएगा। पर्यावरण निगरानी और आपातकालीन प्रबंधन के साथ साथ प्राकृतिक आपदाओं को रोका जा सके और उनसे होने वाले नुकसान से निपटने की तैयारी की जा सके। चीनी मीडिया ने बताया कि चीन के लॉन्ग मार्च रॉकेट के लिए 462वां मिशन था।**

# धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

त्योहार

## पतंगबाजी को लेकर युवाओं में दिखा उत्साह, रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान

जनसंदेश न्यूज



छत पर पतंग उड़ाती महिला



पतंगबाजी करती युवाओं की टोली

**जौनपुर।** दान-पुण्य व पतंगोत्सव की परम्परा का प्रतीक मकर संक्रांति रविवार को धूमधाम से मनाया गया। संक्रांति पर पतंगबाजी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। दिनभर गली-मोहल्लों में ये काटा-वो काटा का शोर सुनाई दिया तथा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रहा। वहीं शुभ मुहूर्त पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा घर-घर से ब्राह्मणों को दान-पुण्य किया गया। रविवार को शहर में सुबह से ही युवा पतंगबाजी के लिए छत पर चढ़ गए। दिन चढ़ने के साथ-साथ छतों पर लोगों की भीड़ बढ़ती गई।

शहरवासियों ने डीजे की धुन पर जमकर पतंग उड़ाई। युवाओं के साथ युवतियों व बच्चों व महिलाओं में भी पतंगबाजी का जबरदस्त क्रेज रहा। पतंगबाजी के साथ कटी पतंगों को लूटने वालों का उत्साह भी चरम पर रहा। पतंग कटने के साथ ही ये काटा-वो काटा का शोर गुंजायमान रहा। मकर संक्रांति पर तिल की मिठाइयों की भी खूब बिक्री हुई। वहीं शहर के लगभग सभी दुकानदारों ने जमकर मौत के चाइनीज मांझा की बिक्री की। जहां जिला प्रशासन चाइनीज मांझा की प्रतिबन्धता को बरकरार बताते हुए नहीं बिकने का दावा करता रहा है वहीं हर घर से चाइनीज मांझे की उड़ान होती रही।

शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पर्व रविवार को पारम्परिक रीति रीवाज के अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दौरान लोगों ने यथाशक्ति दान पुण्य किया। शहर के मरडिया गली में पारसीचाल एवं खुदरा सब्जी मण्डी सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने गरीबों को भोजन करवाया। इधर, आसमान दिनभर पतंगों की ओट में छिपा रहा। चारों ओर नए पुराने फिल्मी गीतों पर वो काटा वो मारा की आवाजें गूंजती रही। हर उम्र वर्ग के लोगों ने पतंगबाजी करके मकर संक्रांति का आनंद लिया। सुबह से ही बच्चे व बड़े छतों पर चढ़कर पतंग उड़ाने लगे। दोपहर बाद नगर की सभी छतों पर युवाओं व बच्चों की टोलियां पतंग उड़ाते नजर आए।

मकर संक्रांति पर भगवान सूर्यदेव मकर रेखा पार कर उत्तरायण होने पर श्रद्धालुओं ने अल सुबह स्नान कर सूर्यदेव को जल चढ़ाया तथा नमस्कार किया। इसके बाद शिव मंदिरों में आराधना की। देव दर्शन के बाद मंदिरों के बाहर बैठे गरीबों में कपड़े व खाने की वस्तुएं दान की।

शहर के आराध्य सारणेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शनार्थ दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अगर बात करें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की तो पतंग उड़ाने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। पतंग उड़ाने से दिमाग और दिल का संतुलन बना रहता है। पतंग को धूप में उड़ाया जाता है, जिससे हमारे शरीर को विटामिन-डी भरपूर मात्रा में मिलता है और स्किन से सम्बंधित बीमारियां नहीं होती हैं। मकर संक्रांति का पर्व ठण्ड में पड़ता है और ठण्ड में हमारे शरीर में कफ की मात्रा बढ़ जाती है और त्वचा भी रूखी हो जाती है। मकर संक्रांति पर सूर्य देव उत्तरायण हो जाते हैं। इस समय सूर्य की किरणें औषधि का काम करती हैं। इसलिए इस पर्व पर पतंग उड़ाने को शुभ माना जाता है।

# अराजकतत्वों ने होटल में की तोड़फोड़

जनसंदेश न्यूज

दबंगई

### कर्मचारियों को पीटा गोली भी चलाई

### पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र में अराजकता बढ़ती जा रही है। वाजिदपुर तिराहा के पास एक होटल में शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद पैसा मांगने पर मुफ्तखोर अराजकतत्वों के तोड़फोड़ व कर्मचारियों की पीटकर घायल किए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। तीन-चार अन्य आरोपितों की खोज में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। हमलावरों के होटल के बाहर गोली चलाने का भी आरोप है।

जलालपुर थानान्तर्गत हरीपुर गांव के निवासी दिनेश कुमार यादव ने वाजिदपुर तिराहा-जेसीज चौराहा के बीच एक होटल खोल रखा है। आरोप है कि होटल में पहुंचे चार-पांच युवक खाने के बाद बिना पैसा दिए जाने लगे। टोकने पर गाली-गलौच और हाथापाई करने लगे। कर्मचारियों के प्रतिरोध करने पर जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों को पीटकर घायल कर दिया। अरुण नामक कर्मी का हाथ टूट गया।

खबर लगने पर पुलिस पहुंची तो अराजक तत्व भाग चुके थे। होटल मालिक दिनेश यादव की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने गिरफ्तार आरोपित का नाम बताने से इन्कार कर दिया।

## जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का चयन आज

**करंजाकला।** प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 26 जनवरी तक मऊ में किया जा रहा है। इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब-जूनियर बालक फुटबाल का जनपदीय चयन सोमवार सुबह 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01.01.2008 से 31.12.2009 के मध्य होनी चाहिए। जनपद में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन में भेजा जायेगा। मण्डल चयन परीक्षण 17.01.2023 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर एवं पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी।

# खिचड़ी सहभोज से पैदा होता है सामाजिक समरसता का भाव

बोले अवधेश पांडेय

### ऋषि तालाब पर स्वयंसेवको ने आयोजित किया कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** मकर संक्रांति के पर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता खिचड़ी सहभोज का आयोजन कर समाज में सामाजिक समरसता का भाव पैदा करने का काम करते हैं। हम चाहते हैं कि देश में स्वच्छ एवं समर्थ सरकार बने। जो भी दल देश हित में कार्य करता है हम उसका समर्थन करते हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक जिला सामाजिक समरसता संयोजक अवधेश कुमार पांडेय ने रविवार को ऋषि तालाब पर स्थित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि हम सभी स्वयंसेवक सबका साथ सबका विकास चाहते हैं। हम धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करते। हमारे लिए राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है। पं. दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान चाहते थे। मोदी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य कर रहे है। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अरुण, खण्ड कार्यवाह अखिलेश, सह संचालक संतोष सहित आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभासद मनीष कुमार गुप्ता (धर्मरक्षक), कृष्ण मुरारी मौर्या, सुरेश चंद्र जायसवाल, अमित सोनकर, अनिल प्रजापति, संजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## जेसीआई शिखर ने मकर संक्रांति पर बांटी खिचड़ी



**शाहगंज।** जेसीआई शिखर द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर रोडवेज के सामने खिचड़ी बनाकर राहगीरों को वितरित किया गया। सैकड़ों रोडवेज यात्रियों समेत आमजन ने प्रसाद रुपी खिचड़ी ग्रहण किया। इस दौरान पंकज सिंह, क्षेमेंद्र सिंह धीरज पाटिल, रवि शंकर चतुर्वेदी, नीरज सिंह, नितिन अग्रहरी, वेद प्रकाश जायसवाल, गुरुदयाल गुप्ता, राम नारायण गुप्ता, सुभाष, अजीत अग्रहरी, विवेक अग्रहरी, हर्षित अग्रहरी, सुजीत वर्मा पत्रकार, निखिल अग्रहरी, राज बहादुर, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष धीरज पाटिल ने आभार व्यक्त किया।

# कानून के अध्ययन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाये जाने की मांग सरकार तक पहुंचेगी

बोले लक्ष्मण आचार्य

### सरकार का यह दायित्व है कि वह अपने नागरिक को कानून की जानकारी दें

जनसंदेश न्यूज



एमएलसी को पत्रक सौंपते लोग

**जौनपुर।** जनपद आगमन पर सदस्य विधान परिषद व उपनेता विधायक दल लक्ष्मण आचार्य को कानून के ज्ञान को मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने की मांग करने वाले युवाओं का समूह अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में अम्बेडकर तिराहा दीवानी न्यायालय के पास काफिले को रोककर पत्रक दिया तथा मांग किया की कानून का ज्ञान बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संसद में एक विधेयक स्वीकृत करके देश भर में प्राथमिक शिक्षा स्तर से ही कानून के विषय को जोड़कर प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक स्तर से ही कानून के ज्ञान की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षित कराया जाय।

साथ ही केंद्रीय सरकार द्वारा कानून का मौलिक अधिकार सम्बन्धित विधेयक बनाकर प्राथमिक शिक्षा के साथ मैट्रिक, हाईस्कूल, बारहवीं तक पाठ्यक्रम में कानून के विषय को सम्मिलित करने का अनुदेश पारित कर कानून की जानकारी को आम नागरिक की मानसिकता में स्थापित करने का प्रयास किया जाय तथा एक आम नागरिक के कानून के अधिकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय सरकार अथवा संसद गैर-सरकारी संगठन के पंजीकरण हेतु बने अधिनियम यानी सोसाइटी अधिनियम (21) 1860 को एक संशोधन विधेयक के माध्यम से संशोधित करके यह निर्देश भी जारी करे की प्रत्येक गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) आम नागरिकों को कानून सम्बन्धित जानकारी देने हेतु बाध्य हैं एवं इस सरकारी अनुशंसा का अनिवार्य रूप से अनुपालन हो। पत्रक देते हुए विकास तिवारी व अतुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सांसद प्रतिनिधि हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि देश के प्रत्येक सदस्य को अपने समाज के सामाजिक और संवैधानिक नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी हो इसकी पहल करें। सरकार का यह दायित्व भी है कि वह अपने आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक को कानून की जानकारी दें।

उक्त पत्रक के संदर्भ में श्री आचार्य ने कहा कि पत्रक के माध्यम से संज्ञान में लायी गयी मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विचार विमर्श कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित पटल तक पहुंचाया जायेगा। पत्रक देने वालों में प्रमुख रूप से विकास तिवारी, अतुल सिंह, देवेश मौर्य बंधु, विपिन सिंह, आशीष उपाध्याय, अवनीन्द्र यादव, निर्भय सिंह, अंकित यादव, रामबचन यादव, रुद्रेश त्रिपाठी, सोनू रजक आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष डेढ़ दर्जन घायल

जनसंदेश न्यूज

विवाद

### घायलों में एक दर्जन का सिर फटा, कई गम्भीर

### घायलों में कई महिलाएं शामिल

**जफराबाद।** क्षेत्र के अहमदपुर गौरियांन में शनिवार की देर रात को एक शराबी द्वारा महिला के मारने पीटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कई महिलाएं भी शामिल हैं।

उक्त बस्ती निवासी एक व्यक्ति शराब के नशे में बस्ती की एक महिला को गाली गलौज देने लगा। महिला उसका विरोध करने लगी। महिला के विरोध करने पर वह शराबी महिला को लात मुक्के से पीटना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने जब बीच बचाव का प्रयास किया तो वह शराबी उन लोगों पर ईंट पत्थर चलाने लगा। यह देखते ही दोनों पक्षों में गाली गलौज तथा पथराव होने लगा।

ईंट पत्थर के लगने से शकील अहमद 50 वर्ष, जमील अहमद 45 वर्ष, रईस अहमद 40 वर्ष, सईद अहमद 35 वर्ष पुत्रगण फैयजुद्दीन, खुशी 28 वर्ष पुत्री जमील अहमद, राजन 22 वर्ष पुत्र कमालुद्दीन, कादिर 25 वर्ष पुत्र अयूब, जूली 35 वर्ष पत्नी जमील आदि का सिर फट गया। इसके अलावा राजू, कायमू, बबलू सहित अन्य लोग घायल हुए। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि इनके अलावा अन्य आधा दर्जन लोग दूसरे पक्ष के घायल हुए है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया।

श्री पांडेय ने यह भी बताया कि मामला एक व्यक्ति के कारण हुआ। घायलों में कई लोगों को काफी चोटें आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होगी।

## संक्षेप

### शाहापुर में हुआ कंबल वितरण



**सुइथाकला।** क्षेत्र के शाहापुर गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर आदिश्री एडवांस क्लिनिक एवं मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की तरफ से 300 जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी शाहगंज अंकित कुमार ने जरूरतमन्दों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि तहसीलदार महेन्द्र बहादुर सिंह ने गरीबों की सेवा को मानवता की सेवा कहा। इसके पूर्व आयोजक मण्डल द्वारा उक्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत समैसा गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा गया। उक्त गांव निवासी सलाहुद्दीन अहमद पुत्र जहीर न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित चल रहा था। शनिवार की रात एसआई वीरेंद्र बहादुर सिंह ने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर कौड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### सियार ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के मुर्तजाबाद में आधा दर्जन से अधिक लोगों को सियार ने काटकर घायल कर दिया। शनिवार की शाम को एक पागल सियार ने रामाश्रय राय, बाबूराम के पौत्र, कल्पनाथ प्रजापति के पौत्र, वैभव पंडित के पुत्र और एक महिला सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को दौड़ा दौड़ा कर काट कर घायल कर दिया। लोगों का इलाज एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। गांव वालों ने सियार को घेर कर उसे मार डाला।

### दुकान में लगी आग से लाखों का माल स्वाहा

**मड़ियाहूं।** नगर के खैरूद्दीनगंज वार्ड में बीती रात कोल्ड ड्रिंक की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। सामने सो रहे पड़ोसी दुकानदार ने जब शटर के अंदर से धुंवा निकलते हुये देखा तो मोबाइल के माध्यम से दुकान मालिक को सूचना दी। बताया जाता है कि अंतिम कुमार पटेल रोज की भांति अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। रात में शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। इस अग्निकाण्ड में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

### अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**मछलीशहर।** अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तहसील परिसर में आगामी मंगलवार 17 जनवरी को आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रदेश के राजस्व मंत्री अनूप प्रधान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी और क्षेत्रीय विधायक रागनी सोनकर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगी। यह जानकारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद और उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### दूसरे दिन भी गांव में बना रहा तनाव

**सरकी।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकौनी में शुक्रवार की शाम भूमि सम्बन्धी विवाद में कब्जा दिलाने गयी पुलिस टीम के सामने ही दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 15 नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय वर्मा ने बताया कि मारपीट में घायल एकौनी निवासी सुनील यादव की तहरीर पर राजेंद्र सरोज, मुकेश, अरविन्द, गुड्डु, प्रदीप, दिलीप, दिनेश, अनेश, सुरेश, पूजा, मैना, मिंता, रेनू, रोमा, रूबी के खिलाफ मारपीट, बलवा सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं गांव में दूसरे दिन भी तनाव की स्थिति बरकरार रही।

### आरके डायग्नोस्टिक सेंटर एण्ड अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के सदरगंज वार्ड स्थित पवन चित्र मंदिर के प्रांगण में रविवार को दिन में 1 बजे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. हरेन्द्र प्रताप सिहं व विशिष्ट अतिथि डा. शुभा सिह ने आरके डायग्नोस्टिक सेन्टर एण्ड अल्ट्रासाउंड का फीता काट कर उद्घघाटन किया। इस अवसर पर डा. आलोक सिह, डा. आनंद सिह, शिवराम सिह भोले, प्रबन्धक राजकुमार सिह बालिका विघालय जमालपुर, अरविन्द कुमार सिह प्रबंधक राजकुमार सिह रामधनी सिह सहित क्षेत्र व नगर के समस्त डाक्टर व संभ्रांत नगरिक उपस्थित रहे।

### बघाड़ी कलां को पराजित कर बदलापुर बना चैंपियन



**सिंगरामऊ/बदलापुर।** क्षेत्र के मेढ़ा गांव में आयोजित 11 दिवसीय सत्यनारायण मिश्र एवं विवेक सिंह टिकाऊ मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में बदलापुर की टीम चैंपियन रही। बताते चलें कि रविवार को रोमांचक मुकाबले में उसने बघाड़ी कलां की टीम को पराजित किया। यह भी बताते चलें कि बदलापुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 बिकेट के नुकसान पर कुल 135 रन बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघाड़ी कलां की टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 92 रन बना पाई जिससे बदलापुर की टीम ने 43 रनों से विजयी हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेशचंद्र मिश्रा के हाथों विजेता टीम के कैप्टन मोनू सिंह को 50 हजार रुपये और उपविजेता टीम बघाड़ी कलां के कैप्टन जान को 35 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख हरैया बस्ती के मदन सिंह और उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले विजेता टीम के नोमान सेख को मैन आफ द मैच पुरस्कार 1100 रूपए नकद और नोमान सेख को मैन ऑफ द सीरीज में 10 हजार रुपए नकद दिया गया। वहीं उक्त प्रतियोगिता के प्रबंधक समिति संतोष दूबे, बिनोद सिंह, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह, अजय सिंह, दिब्य प्रकाश सिंह, राकेश तिवारी संरक्षक अखिलेश मिश्रा पप्पू, अम्पायर बिनय पंडित, दिनेश शर्मा, सुजीत सिंह फौजी, सुनील सिंह तथा कमेंटेटर शेषमैन यादव, सुभाष शर्मा व स्कोरर सचिन गुप्ता, वैभव कुमार, दिनेश चंद्र मिश्रा प्रधान सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। अंत में ग्राम प्रधान भगवान प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेसीआई चेतना ने आयोजित की पतंग प्रतियोगिता



**जौनपुर।** जेसीआई चेतना ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पतंग महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए पतंग प्रतियोगिता संस्था कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी के निवास स्थान पर आयोजित की।

संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता से महिलाओं में भी एक प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है जिससे कहीं ना कहीं समाज में आत्मनिर्भर होने का रास्ता मिलता है। जेसीआई संस्था निरंतर महिलाओं के लिए समय-समय पर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता कश्यप तथा द्वितीय स्थान पूर्व अध्यक्ष कल्पना केसरवानी ने प्राप्त किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मेघना रस्तोगी ने कहा कि इस कार्यक्रम से सदस्यों में सद्भाव और एक दूसरे का सम्मान की भावना प्रकट होती है। इस प्रतियोगिता में मंजू जायसवाल, किरण सेठ, रिंकी जायसवाल, शोभा माहेश्वरी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

## हाईटेंशन विद्युत की चपेट में आने से किशोर झुलसा, हालत नाजुक

**मुंगराबादशाहपुर।** कटी पतंग के चक्कर में एक किशोर हाई वोल्टेज विद्युत करेंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। अविलंब परिजनों ने उपचार हेतु उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी नेहाल अहमद (16) पुत्र मुन्ना मकर संक्रांति पर्व पर रेलवे ट्रैक के निकट पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान उसकी पतंग रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज विद्युत तार में फंस गई जिसे निकालने के चक्कर में वह विद्युत करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आसपास के लोगों के साथ उपचार हेतु उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। नेहाल की हालत गंभीर बताई जा रही है वह 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है।

# अंतर महाविद्यालयीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



विजेताओं को ट्राफी देते अतिथिगण

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलब्य स्टेडियम में अन्तर महाविद्यालयीय हैण्डबाल महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का पहला मैच अभिमन्यु पीजी कालेज लपरी एवं सूर्यबली यादव महाविद्यालय, देवकली के बीच खेला गया जिसमें अभिमन्यु पीजी कालेज लपरी ने सूर्यबली यादव महाविद्यालय, देवकली, जौनपुर को 19-14 से पराजित किया। दूसरा मैच टीडीपीजी कालेज जौनपुर एवं हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज के बीच खेला गया। जिसमें टीडीपीजी कालेज जौनपुर ने हण्डिया पीजी कालेज प्रयागराज को 05-01 के जीत दर्ज किया।

तीसरा मैच सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय, दुल्लहपुर गाजीपुर एवं अभिमन्यू पीजी कालेज लपरी के बीच खेला गया जिसमें सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय, दुल्लहपुर गाजीपुर ने अभिमन्यू पीजी कालेज, लपरी को 13-05 के से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय दुल्लहपुर गाजीपुर एवं टीडीपीजी कालेज के बीच खेला गया जिसमें सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय दुल्लहपुर गाजीपुर ने टीडीपीजी कालेज को 13-05 केजीत दर्ज कर विजेता तथा टीडीपीजी कालेज जौनपुर उपविजेता तथा अभिमन्यू पीजी कालेज लपरी तृतीय स्थान पर रही। सहायक कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह एवं प्रो. ओम प्रकाश सिंह, सचिव खेलकूद परिषद द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर प्रो. मुन्ना सिंह, आयोजन सचिव, डॉ. अच्छेलाल यादव, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ. राजेश सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, अल्का सिंह चौहान, विजय प्रकाश, भानू प्रताप शर्मा सहित खेलकूद विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में मोशर्रफ खान, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अमेठी, सचिन शुक्ला, अभिषेक, आकाश गुप्ता, अमित जायसवाल एवं नीलेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने रौंदा, मौत

जनसंदेश न्यूज

**मड़ियाहूं।** कोतवाली क्षेत्र के ऊंचनी कला गांव में रविवार की सुबह 11:30 बजे के आसपास एक महिला अपने पुत्र के साथ बाजार से घर वापस आते समय सड़क पार कर रही थी तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र सड़क पार कर चुका था।

बताया जाता है कि पूनम प्रजापति पत्नी अरविंद प्रजापति 30 वर्ष अपने पुत्र आर्यन 10 वर्ष को लेकर बाजार गई हुई थी। घर वापस आते समय मां बेटा दोनों सड़क पार कर रहे थे कि पुत्र सड़क पार कर चुका था और मां पार करते समय ट्रक की चपेट में आ गयी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल हो गया। सूचना परिजनों को हुई तो आनन-फानन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## बाथरूम में नहाते वक्त महिला की हुई मौत

**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के दिलावरपुर गंजपाल बस्ती में रविवार की सुबह 7 बजे के आसपास महिला अपने घर के बाथरूम में नहा रही थी कि अचानक बेहोश होकर गिर गई। बताया जाता है कि शिवानी जायसवाल पत्नी दीपक कुमार जायसवाल उम्र 26 वर्ष अपने घर के बाथरूम में स्नान कर रही थी कि अचानक बाथरूम का गैस गीजर लीकेज हो जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। जब घंटो बीत गया तो परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं मिली तो परिजनों ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा तो देखा फर्श पर महिला गिरी पड़ी हुई थी। आनन-फानन में परिजनों ने नगर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल ओमनारायण सिह को सूचना मिली तो मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह से पूछने पर बताया की बगैर पीएम रिपोर्ट आये कुछ कहा नहीं जा सकता की मौत किस कारण हुई है।

# असहायों और जरूरमंदों को अभिनेता चंदन ने बांटे कंबल

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें जलालपुर थानाध्यक्ष रमेश यादव ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण को पुनीत कार्य बताया।

चन्दन ने बताया 100 कंबल गरीब, असहाय विधवा व दिव्यांग लोगों में वितरण किया गया। इस मौके पर चन्दन ने कहाकि ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पूर्ण कार्य है। श्री सेठ ने कहा कि इस पुण्य कार्य में डा. रंगनाथ दूबे, डा. संगीता दूबे व पूर्व ग्राम प्रधान भवनाथपुर प्रमिला देवी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर महेन्द्र राजभर, श्रवण दूबे, रामलाल सेठ, संगम जायसवाल, संदीप अग्रहरी, वीर बहादुर सिंह, पिन्टू राजभर आदि लोग मौजूद रहे।



गरीब वृद्ध को कम्बल देते अभिनेता चन्दन

## संक्षेप

### लायंस क्लब क्षितिज ने गरीबों में बांटी खाद्य सामग्री व पतंग



**जौनपुर।** लायंस क्लब क्षितिज ने शहर के कई हिस्सों में घूम-घूम कर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गरीबों को लाई, गुड़, तिल व बच्चों में पतंग का वितरण किया। सर्वप्रथम लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष विष्णु सहाय व उनकी पूरी टीम ने चाचकपुर, सिपाह मुसहर बस्ती में करीब 200 लोगों को लाई गुड़ तिल के पैकेट व बच्चों को पतंग बांटकर समाज को एक नेक कार्य करने की सीख दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा हमारी संस्था सदैव इस बस्ती में आती रहती है और यह ऐसी बस्ती है जहां तक सरकार भी मदद नहीं पहुंचा पाती लेकिन हमारी संस्था चाहे लाकडाउन की विषम परिस्थितियां रही हो उस समय से लेकर आज तक जो भी संभव मदद हो सकती है हमारी संस्था सदैव इस प्रकार के कार्य करती रहती है। इसके उपरांत सद्भावना पुल पर करीब 100 पैकेट अन्न के वितरित किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु सहाय ने कहा हमारी संस्था का उद्देश्य ही है गरीबों व असहायों की मदद करना। उसी क्रम में हमारी संस्था समाज के निम्न वर्ग तक अपनी मदद पहुंचाने का कार्य करती है। इसके उपरांत लगभग 100 पैकेट लाई, गुड़, तिल आदि के नखास के बगल में असहाय लोगों में क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी व कार्यक्रम संयोजक वैभव श्रीवास्तव की उपस्थिति में वितरित किया गया। इस नेक कार्य में लायंस क्लब क्षितिज के कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर व सम्मानित पदाधिकारी जगन्नाथ मोदनवाल, जगदीश मौर्य गप्पू, संजय जयसवाल, नीरज श्रीवास्तव, राजेश किशोर आदि लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु सचिव देव आनन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया व आगे भी इसी ढंग के सेवा कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

### रेलवे फाटक बंद रहने से घंटे भर फंसे रहे राहगीर



**खेतासराय।** पैंसेजर ट्रेन और मालगाड़ी निकालने के चलते रविवार को रेलवे क्रासिंग का गेट काफी देर तक बंद रहा। इस कारण दीदारगंज रोड के राहगीरों को लगभग एक घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा। गेट खुलने के बाद जाम में फंसे राहगीरों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार वाराणसी अयोध्या रेल मार्ग पर आ रही सूरत छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को खेतासराय स्टेशन पर पहुंचने से पहले दोपहर दो बजे गेट बंद कर दिया गया। ट्रेन गुजरने के बाद गेट खुलता कि जौनपुर की तरफ से गोदान एक्सप्रेस आने की सूचना पर गेट नहीं खोला गया। इस बीच पीछे से एक मालगाड़ी भी आने की सूचना स्टेशन मास्टर को मिली। 2:32 पर गोदान एक्सप्रेस को खेतासराय स्टेशन पर रोक दिया गया। पीछे से आ रही मालगाड़ी को निकाला गया। इस दौरान गेट बंद रहने से गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीर वाहनों के साथ जाम में फंसे रहे। मालगाड़ी के गुजरने के बाद 2:40 पर गेट खोला गया। गेट खुलते ही बाइक सवारों की पहले निकलने के चक्कर में होड़ लग गई। क्रासिंग से जाम खत्म होने में लगभग 15 मिनट लग गया। लोगों की माने तो यह समस्या रोज राहगीरों को क्रासिंग पर झेलनी पड़ती है।

### नगरों से लेकर ग्राम्यांचलों तक दिन भर चली पतंगबाजी

**भदोही।** मकर संक्रांति पर दान पुण्य के साथ रविवार को दिनभर पतंगबाजी का दौर चलता रहा। सुबह से ही आसमान में नीले, पीले, हरे, लाल, गुलाबी रंगों की पतंगें दिखाई देने लगी। पतंगबाजी का दौर नगरों से लेकर गांवों तक देखा गया। जहां एक ओर गांवों में छोटे बच्चो वी युवाओं ने खेतो के खाली मैदानों में पतंग उड़ाया वही दूसरी ओर नगरों में लोग छ्तो पर चढ़कर पतंग उड़ाये। नगरों में वो काटा है... का शोर छतों से नगर में गूंजता रहा। साउंड सिस्टम तथा लाउडस्पीकर पर दिनभर गाने गूंजते रहे और इन गानों पर युवाओं और बच्चों ने थिरकने के साथ पतंगबाजी का लुत्फ उठाया।

### जनता दल यूनाइटेड द्वारा आयोजित हुआ खिचड़ी सहभोज



**भदोही।** नगर के रामरायपुर में स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सर्व दलीय खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग सभी दलों के नेता उपस्थित होकर अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। भदोही में नई क्रांति और विकास वादी नीति पर रणनीति बनाई गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम सिंह, विनीत बरनवाल, डॉ.रुद्र प्रसाद पटेल, चंद्रशेखर सिंह सभी ने अपने संबोधित किया। सभी ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रकाश डाला और इस पर्व की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौन रखकर सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उसके बाद सभी ने वहां पर बने लजीज खिचड़ी का लुत्फ लिया और एक दूसरे से गले मिलकर उनको मकर संक्रांति की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सर्वेश राय, प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार, विमल धर दुबे, विनय राय, चंद्रशेखर यादव, प्रभाकर सिंह, फिरोज खां, जफर महमूद अंसारी, शिवनरेश यादव, प्रियांशु सिंह, अमित पांडेय, सुधीर पाठक, सुशील पाठक, फरहान खां, अरविंद सरोज, बच्चन, मेंही यादव, विजय राज आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हर्षिता रही अव्वल



**खेतासराय।** नगर की एक निजी संस्थान की ओर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। इसी स्कूल की छात्रा हर्षिता और दिव्यांशी सोनी को क्रमशः पहला और दूसरा स्थान मिला। 18 स्थान तक पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए निजी संस्थान साईं कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से पहली जनवरी को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। जिसमें विभिन्न स्कूलों से इंटर तक के कुल 180 छात्रों ने भाग लिया था। परिणाम में 18 छात्रों को रैंक दिया गया। जिसमें नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के आठ छात्रों ने बाजी मारी। पहला और दूसरा स्थान इसी स्कूल के छात्रों को मिला। जबकि तीसरा स्थान सनराइज पब्लिक स्कूल के शिवांश कुमार को मिला।

रैंक पाने वाले छात्रों को भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी के हाथों मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में बच्चों को तकनीकी शिक्षा बेहद जरूरी है। प्रतियोगिता के आयोजक संस्था संचालक अमित श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रबंधक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, डा. नदीम अफरोज, आनंद बरनवाल, शांतिभूषण मिश्रा, सन्दीप सिंह, मोनू गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# भीषण ठंड को देखते हुए चौकीदारों में वितरित किया गया कंबल

**गौराबादशाहपुर।** भीषण ठंड को देखते हुए थाने पर चौकीदारों में थानाध्यक्ष द्वारा कंबल वितरित किया गया। मकर संक्रांति के दिन रविवार को थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने थाने पर पचास चौकीदारों को कंबल वितरित किया। थानाध्यक्ष द्वारा कंबल पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने कहा कि चौकीदार इस भीषण ठंड में भी अपनी ड्यूटी को नियमित रूप से हर रोज कर रहे है। ऐसी स्थिति में उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक रमा संकर पांडेय, लाल बहादुर सिंह, विक्रांत सिंह, विजय यादव आदि मौजूद रहे।



चौकीदारों में कंबल वितरित करते थानाध्यक्ष

# जरूरतमंदों के बीच अन्न व वस्त्र दान सर्वश्रेष्ठ

**नेक कार्य**

### मकर संक्रांति पर पांच सौ गरीबों में हुआ खिचड़ी भोज व कम्बल वितरण

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र की सीमा से सटे जनपद सुल्तानपुर के करौंदीकला ब्लॉक अन्तर्गत दसगरपारा गॉव में मकर संक्रान्ति के दिन गरीब व असहाय लोगों के बीच खिचड़ी भोज व कंबल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान राधा सिंह ने गांव के सभी पुरवों के साथ बगल गॉव के सैंकड़ो गरीबों को प्रेमपूर्वक खिचड़ी भोज कराया। तदुपरांत इस कंपकंपाती भीषण ठंड से परेशान 5 सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया।

बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा गरीब, असहाय व जरूरतमंदों को दिए जाने वाले दानों में अन्न व वस्त्र दान सर्वश्रेष्ठ है। पीड़ित लोगों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। साधन संपन्न लोग तो बड़ी आसानी से अपनी जरूरत की चीजों को जुटा लेते है। लेकिन एक गरीब व्यक्ति धन के अभाव में जिंदगी भर जूझता रहता है। ऐसे में समाज के प्रतिष्ठित लोगों को इनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये।



जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करती ग्राम प्रधान राधा सिंह

प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी समाजसेविका मां उर्मिला सिंह की मानवीय संवेदना पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए पूर्व नियोजित तैयारी की गयी थी। गॉव में घूमकर इस भीषण ठंड से परेशान लोगों की सूची बनाई गई ताकि जरूरतमन्दों के बीच ही लाभ पहुंचे। गरीबों की सेवा हेतु इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे। अंत में पूर्व ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह ने सभी आगुन्तकों का आभार ज्ञापित किया।

इस मौके पर राजेश सिंह, इंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, भोलू सिंह, उपेंद्रनाथ उपाध्याय, प्रेमनाथ उपाध्याय, अशोक सिंह, सैन बहादुर सिंह, रवि शुक्ला, राम सिंह, संदीप सिंह, राजाराम पासवान, पतिराम पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डिंपल यादव के जन्मदिन पर विधायक ने बांटे कम्बल

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** सासंद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर विधायक तूफानी सरोज ने विधानसभा क्षेत्र के नरहन गांव में गरीबों को कंबल बांटा। इस मौके पर उन्होंने कहाकि आज डिंपल यादव का जन्मदिन है और उनके दीघार्यु की कामना करते हैं। उनके द्वारा जिस तरह समाजवादी पार्टी की सरकार में महिलाओं के प्रति सचेत रहकर महिलाओं की सुरक्षा तथा तमाम योजना चलाई गयी थी लेकिन भाजपा सरकार महिलाओं के हित के बारे में नहीं सोचती।

डिंपल यादव एक ऐसी महिला है जो निर्विरोध सांसद रही हैं और वर्तमान समय में मैनपुरी की सांसद हैं। वह संसद में जब भी बोलती है तो महिलाओं की आवाज देश तक सुनाई देती है। वह एक ऐसी सांसद हैं जो लगातार महिलाओं के दुख दर्द को साझा करती है और उसके निस्तारण के लिए संघर्ष करती रहती हैं आज उनका जन्मदिन हम लोग महिला सम्मान दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस मौके पर गरीबों को वितरित किया गया।



जन्मदिन पर कम्बल वितरित करते विधायक तूफानी सरोज

इस मौके पर भगवती चन्द सरोज, सुरेश यादव, डॉक्टर हरिराम यादव, पवन मंडल, मनोज चौहान, नीरज सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का त्योहार

**लालानगर।** जिले में रविवार को मकर संक्रांति का त्यौहार लोगों ने बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। उसी के साथ लाई चूड़ा का भी आनंद लिया और घरों की छतों पर नौजवानों ने पतंग बाजी के साथ भौ काटा की आवाज आसमान में बुलंद रही एवं डीजे बाजा लगाकर थिरकते नजर आए। जिसको लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने खिचड़ी का त्यौहार मनाया। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से मकर संक्रांति त्योहार को लेकर दुविधाएं उत्पन्न हो जा रही हैं जो 14 जनवरी एवं 15 जनवरी को लेकर लोगों में संशय बना रहता है। वही बताया जाता है कि 14 एवं 15 जनवरी रविवार को ज्यादा से ज्यादा लोगों ने गंगा घाटों पर जाकर स्नान आदि कर दान पुण्य किया एवं खिचड़ी के त्यौहार को लेकर बाजारों में चहल पहल बनी रही।

# खेल से होता हैं व्यक्तित्व का विकास : जिलाधिकारी

**खेल**

### खेल समिति को डीएम ने दिया सहयोग करने का आश्वासन

**ज्ञानपुर।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ 2023 तेजधर ब्रह्म बाबा खेल समिति मेढ़ी के आयोजन का रविवार को भव्य उद्घाटन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर पहले समिति के लोगों ने जिलाधिकारी की बैंड बाजा के साथ अगवानी की और इसके बाद माल्यार्पण कर स्वागत किया, फिर मैदान में जाकर जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटन किया गया। मंच से जिलाधिकारी ने खेल समिति के पिछले इतिहास को भी देखा इसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल के व्यक्तित्व का विकास होता है और हर ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान होना चाहिए तभी हमारी प्रतिभाएं निखर पाएंगी, इसके लिए सभी को सहयोग करने की जरूरत है। इस उद्घाटन अवसर पर खेल समिति के संरक्षक आशाराम यादव आईएएस, राजेंद्र प्रसाद सिंह एडवोकेट, मथुरा राम यादव, विनय यादव इंजीनियर, हरीश सिंह पत्रकार, कृष्णावतार त्रिपाठी, एडवोकेट कवि, अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, संयोजक विजय शंकर राय, उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा, ग्राम प्रधान राजमणी, नागेंद्र, राजाराम, राहुल, शिवधनी, राहुल, रमाकांत, परमेंद्र, रामजीत, जेपी सिंह, श्यामधर, लोकेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। पहला उद्घाटन मैच कानपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर के मैच में 5 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में उतरी अयोध्या की टीम ने 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बना सके। कानपुर ने दस रनों से जीत दर्ज की।

# ग्राम पंचायत सचिवालय सहित 32 लाख के विकास कार्यों का डीएम ने किया लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

### ग्राम पंचायत सचिवालय की भव्यता देख डीएम हुए गदगद

**ज्ञानपुर।** सुरियावां ब्लॉक के महजूदा गांव के ग्राम सचिवालय सहित दो इंटरलाकिंग सड़कों, जनपद के पहले पब्लिक एड्रेस सिस्टम व संकुल भवन के सुंदरीकरण के कार्यो का लोकार्पण रविवार को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया। लोकार्पण के दौरान डीएम ने ग्राम पंचायत सचिवालय के मीटिंग हाल, कम्प्यूटर कक्ष, प्रधान व सचिव कार्यालय का अवलोकन किया। लोकार्पण समारोह में पूर्व विधायक रवींद्र नाथ त्रिपाठी व क्षेत्र के दर्जनों प्रधान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहें।

जनमानस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालय से ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हो जाएगा, प्रमाण पत्रों के लिए ग्रामीणों को तहसील व ब्लाक का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। मॉडल ग्राम पंचायत सचिवालय बनाने के लिए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय को बधाई दी व कहा कि गाँव में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया हैं, इसके लिए राजस्व विभाग को निर्देश दिया गया कि अति शीघ्र सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने गाँव में बरात घर निर्माण व आरसीसी सड़क बनाये जाने की घोषणा की। इससे पूर्व जिलाधिकारी गौरांग राठी को मूवमेंटो भेट देकर जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक रवींद्र त्रिपाठी व ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने स्वागत किया। इस मौके पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, एडीओ पंचायत राजनाथ, एडीओ एसटी अशोक पांडेय, जेई श्रीकांत यादव, सचिव मनोज मौर्य, ग्राम प्रधान अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, विमिलेश चन्द्र यादव, अमित मिश्रा, विनय दीक्षित, अखिलेश चन्द्र दुबे, रामेश्वर सिंह, प्रमोद पांडेय, दीपक पाठक आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।



ग्राम पंचायत सचिवालय के लोकार्पण के समय लोगों को संबोधित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी



डीएम गौरांग राठी को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत करते जिपं अध्यक्ष, पूर्व विधायक व ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय

# जिले के 100 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित



पोषण किट पाने के बाद बैठे क्षय रोगी साथ में अन्य लोग

जनसंदेश न्यूज

**मदद**

### जिले के सभी केन्द्रों पर टीबी इलाज निःशुल्क उपलब्ध

**लक्षण**

रोगी को बुखार आना और पसीना आना, ठंड लगना, थकान महसूस होना, उल्टी आना, गले में खराश रहना, सांस लेने में समस्या होना व मांसपेशियों में दर्द होना और शरीर पर चकत्ते पड़ना प्रमुख लक्षण है।

**भदोही।** क्षय उन्मूलन के तहत जनपद में विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को एक आयोजन के दौरान 100 टीबी मरीजों को जिला खेल स्टेडियम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पोषण किट वितरित किया। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि विभाग की ओर से टीबी को खात्मे को लेकर तरह-तरह के उपाय किये जा रहे है। इसी के तहत निक्षय दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम में 100 टीबी मरीजों को पोषण किट जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थित में दिये। इसके अलावा इस समय जिले में 1335 लोगो टीबी के मरीज मौजूद है उनमें से 1162 लोगों ने गोद लेने की सहमति विभाग को दी है।

जिला समन्वयक मनीष ने बताया कि जो टीबी मरीज अब ठीक हो चुके हैं या किसी कारण दवा बन्द कर दिए है। उन परिवार वालों की आशा व एएनम के जरिये मेनटाक्सवइगरा जांच कराई जा रहीहै। टीबी रोग के कीटाणु मिलने पर परिवार के 5 वर्ष तक बच्चों को आइसोनियाजिड दवा दी जायेगी। यहअभियान टीबी के खात्मे तक चलेगा। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के मुकेश शुक्ला ने बताया कि जिले के सभी केन्द्रों पर टीबी इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। इलाज से इस बीमारी से आसानी से छुटकारा मिल सकता है। टीबी से प्रभावित लोग इलाज की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# तबले पर राम धुन बजाने वाले अकेले कलाकार अशोक पांडेय



**पूरी दुनिया में 500 शो व भारत में 1500 से अधिक प्रोग्राम**

**रामायण सीरियल में युद्ध के चित्रण में घोड़े की टॉप पर बजाया था तबला**

**पं.रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, शोभा गुर्टू, परवीन सुल्ताना संग कर चुके हैं संगत**

**कहा-कलाकारों में रियाज, समर्पण व गुरु भक्ति हमेशा होनी चाहिए**

**किशन महाराज व लच्छू महाराज रह चुके हैं गुरु**

जनसंदेश टाइम्स
पं. अशोक पांडेय से खास मुलाकात

**राधेश्याम कमल**

पूरी दुनिया में तबले पर राम धुन बजाने वाले पं. अशोक पांडेय एकमात्र ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने न केवल देश बल्कि विदेशों में भी भारतीय संगीत का परचम फहराया। स्व. रामानंद सागर की बहुचर्चित रामायण सीरियल में उन्होंने न केवल तबले पर राम धुन बजाया बल्कि राम-रावण युद्ध के चित्रण के दौरान भी घोड़े की टॉप को तबले पर बजा कर सभी को अचम्भित कर दिया था। रामायण सीरियल के प्रख्यात संगीतकार व गीतकार स्व. रवीन्द्र जैन ने उन्हें रामायण सीरियल में अपने साथ तबले पर रामधुन बजाने का मौका दिया था। उन दिनों संगीतकार रवीन्द्र जैन ने उन्हें एक प्रशस्ति पत्र भी दिया जिसमें यह उल्लेख है कि ऐसा तबला वादक शायद हमने आज तक नहीं देखा है। कहा कि न्यारी है तीनों लोकों से काशी कला धाम है, काशी निवासी सिद्धहस्त अशोक पांडेय नाम है। इस प्रशस्ति पत्र को पं. अशोक पांडेय अपनी आलमारी में बहुत ही सहेज कर रखे हुए हैं।

70 वर्षीय गायघाट निवासी पं. अशोक पांडेय का घर प्रशस्ति पत्रों, स्मृति चिह्नों, अवार्ड से पटा हुआ है। घर की दीवारों पर जो भी सम्मान मिला है उसको तो उन्होंने लगाया है लेकिन पुरस्कार इतना अधिक है कि उसके लिए कमरों की दीवारें भी शायद छोटी पड़ गई है। उनकी कई आलमारियां प्रशस्ति पत्रों व अवार्ड से भरी हुई है। परिवार में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज पांडेय व ज्येष्ठ पुत्र जय पांडेय कोकिल व छोटा पुत्र श्रीपांडेय तथा छोटी बहू मीनू पांडेय हैं। सभी मिल जुल कर उनका ख्याल रखते हैं। जय पांडेय गायन (भजन) तथा श्रीपांडेय तबला वादन के क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर रहे हैं। अशोक पांडेय के पिता स्व. सूरज प्रसाद पांडेय रहे। उनके पिता भी उनके तबला वादन से काफी खुश रहते थे। जनसंदेश टाइम्स ने प्रख्यात तबला वादक पं. अशोक पांडेय से खास मुलाकात की। पेश है उनसे बातचीत के कुछ प्रमुख अंश।

## सम्मान इतना मिला कि मुझे याद ही नहीं रहा

अशोक पांडेय बताते हैं कि हमें तो इतना सम्मान मिला कि अब तो मुझे याद भी नहीं है। देश ही नहीं पूरी दुनिया में हर जगह मुझे सम्मान ही मिला। दिमाग पर जोर देकर बताते हैं कि देश में अब तक डेढ़ हजार से अधिक सम्मान व पुरस्कार मिले। जबकि विदेशों में 500 से अधिक प्रोग्राम पेश किया। विदेशों से भी इतना सम्मान व पुरस्कार मिला कि उन्हें घर में रखने के लिए भी जगह नहीं बची है।

## न्यूजर्सी में मिला तबला किंग ऑफ इंडिया का अवार्ड

वे बताते हैं कि न्यू जर्सी यूएसए के जनरल एसेम्बली में उन्हें किंग आफ तबला फार्म इंडिया का खिताब मिला। न्यूयार्क में भारत गौरव, कैलोफोर्निया में तबला भूषण, प्राइड आफ एकल यूएसए अवार्ड, वाशिंगटन में तबला जीनियस व 11 अप्रैल 2003 में नार्वे में नवरात्र सेलिब्रेशन में तबला शिरोमणि का खिताब मिला। लुसियाना यूनिर्वसिटी अमोरिका ने उन्हें किंग आफ ताबाला सम्मान से नवाजा। इसी तरह इंडोनेशिया, सिंगापुर में भी कई खिताब, सम्मान व पुरस्कार मिले। यूनाइटेड नेशन में वह पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल के साथ तबला वादन किया। जापान के टोक्यो शहर में भी उन्हें कई अवार्ड मिले।

## अब तक कई राष्ट्रपति कर चुके हैं सम्मानित

पं. अशोक पांडेय ने कहा कि उन्हें अब तक राष्ट्रपति भवन में कई राष्ट्रपति सम्मानित कर चुके हैं। इसका सुखद अहसास हमें आज भी होता है। वे बताते हैं कि 1984 में राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने कोलकाता गवर्नर हाउस में सम्मानित किया। 14 नवम्बर 1991 में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने मेरे तबला वादन के बाद मुझे सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के समक्ष जब तबला वादन किया तो उन्होंने हमें सम्मानित किया। इन सभी राष्ट्रपति के हाथों से हम सम्मानित होकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसके अलावा तत्कालीन पीएम एचडी देवगौड़ा उन्हें विश्वसरैया अवार्ड प्रदान किया। इनके अलावा उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, पीवी नरसिंहा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, डा. मनमोहन सिंह भी सम्मानित कर चुके हैं।

## 75 देशों में बजायी रामधुन

पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि वर्ष 1999 से 2003 तक उन्होंने लगभग 75 देशों में धर्म प्रचार यात्रा की। इसमें प्रख्यात संत रमेश भाई ओझा, प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा, प्रख्यात पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल समेत कई विद्वतजन भी शामिल रहे। वे बताते हैं कि इस दौरान वह अमेरिका, लंदन, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, कनाडा तथा यूरोप के दस देशों व साउथ अफ्रीका तक गये।

## पं. काशीनाथ खांडेकर व तबला सम्राट पं. किशन महराज व लच्छू महराज रहे गुरु

पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि उनके सर्वप्रथम गुरु पं. काशीनाथ खांडेकर रहे। उनसे उन्होंने तबले की विधिवत शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह तबला सम्राट पद्मविभूषण पं. किशन महाराज के यहां गये जहां पर उन्होंने उनसे तबले की बारीकियों को सीखा। बाद में वह पं. लच्छू महराज के यहां गये जहां पर उन्होंने तबले की बारीकियों को और भी गहराई से जाना व समझा। पं. किशन महराज ने उनको बहुत ही आदर दिया। उनके यहां भी उन्हें गुरु का आशीर्वाद मिला। कहा कि आज इन गुरुओं की ही कृपा व आशीर्वाद का फल है कि वह इतने लंबे समय तक अभी भी तबले का परचम फहरा रहे हैं। अशोक पांडेय जब गुरूओं के सानिध्य में रह कर तबला का प्रशिक्षण लेते रहे उस दौरान वह दो तीन महीने तक घर से बाहर निकलते ही नहीं थे।

## महज 14 वर्ष की उम्र में मिला पहला मंच



पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि उन्हें महज 14 वर्ष की उम्र में पहला मंच मिला। इसके बाद लगभग हर मंदिरों में जाकर सभी जगहों पर हाजिरी लगायी। इसके बाद तो उनके तबला वादन का जो सिलसिला शुरू हुआ तो आज 70 साल की उम्र में भी अननवरत चल रहा है। उनकी मेहनत व तपस्या तथा रियाज का ही फल है कि बनारस में रह कर पूरी दुनिया में उनके तबले का परचम लहराता रहा है। 1996 से अब तक लगातार स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन वृंदावन में तबला वादन कर रहे हैं। इसके अलावा प्रख्यात संकट मोचन संगीत समारोह, गंगा महोत्सव, लाक्षमाणा महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, नवचंडी महोत्सव, ताज महोत्सव समेत अनगिनत कार्यक्रमों में अनेक दिग्गज कलाकारों संग हाजिरी लगायी। इसके अलावा फौजी भाइयों के यहां भी जाकर उनके सम्मान में कार्यक्रम पेश किया। इसमें असम राइफल्स जबलपुर एओसी स्कूल रहा। इसके अलावा जेल में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ कैदियों के समक्ष चबला वादन कर उनका मनोरंजन किया।

## रवीन्द्र जैन के प्रोग्राम में मिला था 500 रुपये का पारिश्रमिक

वे बताते हैं कि किसी भी प्रोग्राम के लिए कभी भी किसी से भी पारिश्रमिक की मांग नहीं की। बस जो कुछ भी मिलता है हम उसे स्वीकार कर लेते हैं। वे अब तक पं.रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, शोभा गुर्ट, परवीन सुल्ताना, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा समेत न जाने कितने दिगग्ज कलाकारों संग संगत कर चुके हैं। वे बताते हैं कि एक बार सोनभद्र में रवीन्द्र जैन का गायन था। वह पहुंच भी गये थे। लेकिन तबले पर संगत करने वाला कोई नहीं था। बाद में रवीन्द्र जैन के भाई राजेन्द्र जैन हमें वहां ले गये। हमने उनसे पारिश्रमिक की भी मांग नहीं की। जब कार्यक्रम हुआ तो राजेन्द्र जैन ने मुझे 500 रूपये का पारिश्रमिक दिया। प्रोग्राम इतना जमा कि इसके बाद तो हमें कार्यक्रम मिलते गये। वे बताते हैं कि सारेगामा में भी उन्होंने कई साल तक तबला वादन किया।

## रियाज व गुरु भक्ति किसी कलाकार को रोक नहीं सकती

पं. अशोक पांडेय का कहना है कि रियाज व समर्पण तथा गुरू भक्ति किसी भी युवा कलाकार को आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती है। हम तो अपने जीवन में हर व्यक्ति के समक्ष समर्पित रहते हैं। चाहे वह छोटा हो या फिर बड़ा हो। आज बनारस में सभी कलाकार रियाज कर रहे हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है कि सभी बनारस घराने का नाम रोशन कर रहे हैं।

# नेपाल दुर्घटना : हादसे का यह दर तो डरावना

**हर साल नेपाल में होती है विमान दुर्घटना**

**सीधा आंकड़ा तो यही कहता है, 30 साल में 28 प्लेन क्रैश**

**रविवार को तबाह हुआ विमान 42 साल पुराना**

नेपाल में चार क्रू मेंबर समेत 68 यात्रियों को लेकर जा रहा यति एयरलाइंस का विमान रविवार को क्रैश हो गया। इसके बाद नेपाल में उड़ानों के जोखिम पर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। पिछले 30 साल में नेपाल में यह 28वां विमान हादसा है।

जानकारों का कहना है कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम, पुराने विमान और अनुभवहीन पायलट नेपाल को उड़ानों के लिए सबसे खतरनाक देश बनाते हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की 2019 की सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के पहाड़ पायलटों के सामने बड़ी चुनौती हैं। प्लेन क्रैश होने के कई वजह हैं जिन्हें नेपाल अब तक दूर नहीं कर पाया है।

नेपाल में जो विमान हादसे का शिकार हुआ, वो एटीआर एयरक्राफ्ट सीरीज का हिस्सा है। इस विमान के नाम में लगा 72 इसकी पैसेंजर कैपेसिटी को बताता है। इस मॉडल का पहला विमान 1981 में बना था। इसके बाद 100 से ज्यादा देशों की करीब 200 एयरलाइंस में इस विमान को शामिल किया गया। इस मॉडल के एयरक्राफ्ट को फ्रेंच कंपनी एयरबस और इटालियन एविएशन कंपनी लियोनार्दो ने मिलकर बनाया है। ये कंपनी कार्गो और कॉर्पोरेट एयरक्राफ्ट विमान भी बनाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक पायलट ने दो बार लैंडिंग के लिए परमिशन मांगी थी। दोनों ही बार परमिशन दे दी गई, लेकिन लैंडिंग से कुछ देर पहले ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एक सवाल यह भी उठता है कि नेपाल में उड़ान भरना इतना मुश्किल और खतरनाक क्यों है? नेपाल में उड़ान भरना मुश्किल और खतरनाक होने के कई कारण हैं। जैसे- नेपाल की प्राकृतिक बनावट यानी पहाड़, पुअर रेगुलेशन यानी खराब नियमन और नए विमानों की कमी विमानों के उड़ान के लिए नेपाल को सबसे खतरनाक देश बनाती है। कई नैसर्गिक बाधा भी नेपाल के आड़े आती है जैसे, संकरी घाटियों के चलते विमानों को टर्न लेने में कठिनाई। नेपाल के सिविल एविएशन अथॉरिटी की 2019 की सेफ्टी रिपोर्ट के मुताबिक देश की खतरनाक भौगोलिक स्थिति भी पायलटों के सामने बड़ी चुनौती होती है। नेपाल में लगभग 3 करोड़ लोग रहते हैं। यहां दुनिया के 14 सबसे ऊंचे पहाड़ों में से माउंट एवरेस्ट समेत 8 स्थित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल का एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट समुद्र तल से 1,338 मीटर ऊपर एक संकरी घाटी में है, इस वजह से विमानों को मुड़ने के लिए काफी तंग जगह मिलती है।

नेपाल के पूर्वोत्तर में स्थित लुक्ला शहर का एयरपोर्ट दुनिया के सबसे खतरनाक एयरपोर्ट में से एक है। यह एयरपोर्ट एवरेस्ट का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। एयरपोर्ट के रनवे को पहाड़ों के बीच एक चट्टान को काटकर बनाया गया है। लुक्ला हवाई अड्डे के रनवे के एक छोर पर विशालकाय पहाड़ तो दूसरे छोर पर खाई है। ऐसे में सिर्फ अल्ट्रा ट्रेंड पायलटों को ही इस हवाई अड्डे पर विमान उतारने और उड़ान भरने की इजाजत है। एक छोटी सी भूल भी विमान में सवार सभी यात्रियों की जान ले सकती है। एक वजह यह भी है कि मौसम तेजी से बदलता है।

इसके अलावा पहाड़ों में मौसम तेजी से बदलता है, जो विमानों की उड़ान को काफी खतरनाक बनाता है। पल-पल बदलते मौसम के कारण पायलटों को विमान को नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। वो भी तब, जब मौसम अचानक बदल जाए और सामने कुछ



भी दिखाई न दे। साथ ही बर्फबारी से रनवे काफी खतरनाक हो जाता है। इन परिस्थितियों में पायलटों से होने वाली थोड़ी सी चूक भी लैंडिंग को जानलेवा बना सकती है। विमान क्रैश होने की दूसरी वजहों में बेहतर रडार तकनीक की कमी होना है। इसकी वजह से पायलटों को दुर्गम इलाके और मुश्किल मौसम में नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। नेपाल में आवश्यक और पर्याप्त कुशल, ट्रेंड और हाईली सेल्फ मोटिवेटेड सिविल एविएशन स्टाफ भी नहीं है। वर्क फोर्स की कमी के कारण कुछ स्टाफ को नियमित ड्यूटी के अलावा भी कई घंटों तक काम करना पड़ता है। देखा जाए तो यह काम की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

नेपाल के खराब एविएशन रिकॉर्ड की वजह से यूरोपीय कमीशन ने नेपाली एयरलाइंस पर 28 देशों के ब्लॉक में उड़ान भरने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। फिर नेपाल की एविएशन अथॉरिटी भ्रष्टाचार के आरोपों से भी घिरी हुई है। 2019 में यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस ने नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के लिए दो संकरी बॉडी वाले एयरबस ए-320 जेट डील के लिए नेपाली बिजनेसमैन और अधिकारियों को 34 लाख यूरो यानी 3 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। पिछले कुछ सालों में भले ही नेपाल की एयर इंडस्ट्री में तेजी आई हो, लेकिन यहां होने वाले विमान हादसों में कोई कमी नहीं आई है। खराब ट्रेनिंग और रखरखाव की वजह से नेपाल में ज्यादातर हादसे होते हैं। 2019 में एयर डायनेस्टी कंपनी का हेलिकॉप्टर एक पहाड़ी से टकरा गया था। काठमांडू जा रहा यह हेलिकॉप्टर रास्ता भटकने के बाद क्रैश हो गया था। इसमें नेपाल के पर्यटन मंत्री रवीन्द्र अधिकारी और उद्यमी आंग छिरिंग शेरपा सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।

12 मार्च 2018 को वर-बांग्ला एयरलाइंस का एक 76-सीटर विमान त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 51 लोगों की मौत हो गई। फरवरी 2016 में पोखरा से जोमसन के लिए एक विमान उड़ान भरने के 8 मिनट बाद लापता हो गया था, जिसमें 23 लोगों की जान चली गई थी। विमान का मलबा बाद में नेपाल के म्यागदी जिले में मिला था।

सितंबर 2012 में सिता एयर फ्लाइट 601 के क्रैश होने के बाद 19 लोगों की मौत हो गई थी। ये घरेलू विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते समय काठमांडू में हादसे का शिकार हो गया था। इसी साल की शुरूआत में यहां एक और विमान हादसा हुआ था जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। 25 सितंबर 2011 को बुद्धा एयर का एक विमान 1900डी ललितपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 10 भारतीय नागरिक भी शामिल थे।

दिसंबर 2010 में तारा एयरलाइंस का एक विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चालक दल के तीन सदस्यों सहित सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसी साल एक और विमान हादसे में 14 लोगों की मौत हुई थी।

जुलाई 1992 में नेपाल में सबसे बड़ा और खतरनाक विमान हादसा हुआ था, जिसमें पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक विमान काठमांडू इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसमें सवार सभी 167 लोगों की मौत हो गई थी।

# टॉप सीक्रेट फाइल घर ले जाना बाइडन को पड़ेगा महंगा?

**डेमोक्रेटिक पार्टी की राजनीति के लिए हो सकता है घातक**

**आठ साल पुरानी फाइलों के 20 सेट मिले, इनमें यूक्रेन-ईरान और बेटे की मौत से जुड़े राज**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के डेलावेयर स्थित घर और वॉशिंगटन ऑफिस से आठ साल पुरानी खुफिया फाइलों के 20 सेट मिले हैं। अब उन पर ये बताने के लिए दबाव बनाया जा रहा है कि आखिर क्यों उन्होंने ये फाइल्स सरकारी दफ्तर की बजाय अपने घर में रखीं। इन फाइल्स की जांच करने के लिए अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने एक स्पेशल काउंसिल को नियुक्त किया है।

सवाल है कि फाइलों में क्या है? बाइडेन ने कहा है कि उन्हें नहीं पता है कि इन फाइलों में क्या है। हालांकि सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक पहली 10 फाइलों के सेट में यूक्रेन, ईरान और ब्रिटेन से जुड़ी कुछ खुफिया जानकारियां हैं। ये फाइलें उस समय की हैं जब बाइडेन अमेरिका के उप राष्ट्रपति थे। सीएनएनने तो यह तक दावा किया है कि इन फाइलों में 2015 में हुई बाइडेन के बेटे बीयू बाइडेन की मौत की जानकारियां भी शामिल हैं।



जब ये फाइलें मिली तो उन पर टॉप सीक्रेट का लेबल लगा हुआ था। हालांकि डॉक्यूमेंट्स के दूसरे सेट में क्या है, इस पर किसी के पास ज्यादा जानकारी नहीं है। वहीं बाइडेन के वकील ने बताया है कि इन फाइलों में 8 साल पहले के ओबामा-बाइडेन प्रशासन के कुछ रिकॉर्ड्स हैं।वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि खुफिया फाइलों का पहला सेट दो नवंबर को ही मिल गया था। हालांकि इस बात को सार्वजनिक नहीं किया गया। बाइडेन से खुफिया फाइल मिलने की जानकारी सीबीएस न्यूज के खुलासे के बाद ही बाहर आई थी।

## फाइल्स का एक्सेस किसके पास होता है?

अमेरिकी सरकार के रोजमर्रा के कामों के लिए वहां की नौकरशाही जिम्मेदार है। सिर्फ एक्जीक्यूटिव ब्रांच में 5 हजार से ज्यादा अधिकारी काम करते हैं। जो डेली के काम के साथ-साथ जब सरकार बदलती है तो सत्ता से जाने वाले नेताओं से दस्तावेज लेने का काम भी करते हैं। जिसके बाद इन दस्तावेजों को संबंधित विभाग के संग्रह में रखा जाता है। बीबीसी के मुताबिक, बाइडेन के मामले में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सात साल पहले जब सत्ता बदली तो अब मिले इन फाइलों को किसने हैंडल किया था। फाइल जहां मिली हैं उससे एक हिंट जरूर मिल सकता है कि आखिरी बार ये किसके पास थी लेकिन जांच पूरी हुए बगैर उससे कुछ साबित नहीं किया जा सकता है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, खुफिया फाइलों का पहला सेट तब सरकारी ऑफिस से बाहर ले जाया गया होगा जब बाइडेन राजनीतिक जिंदगी से रिटायरमेंट की ओर बढ़ रहे थे। बाइडेन ने 2016 में रिपब्लिकन्स के सत्ता में आने के बाद अपने प्राइवेट ऑफिस बनाने शुरू कर दिए थे। 2018 में पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के लिए जो बाइडेन ने एक थिक टैंक पैन बाइडेन सेंटर खोला था। इसी थिंकटैंक में बाइडेन का एक निजी ऑफिस है। जहां खुफिया फाइलों का पहला सेट भी मिला था। जबकि खुफिया फाइलों का दूसरा सेट डेलेवायर में बाइडेन के घर के गैराज से मिला था। जहां वो अपनी लग्जरी कार कोरवेट खड़ी करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बाइडेन छुट्टियां मनाने के लिए जिस घर में ठहरते हैं वहां की भी तलाशी ली गई थी। लेकिन, वहां कुछ नहीं मिला था।

## क्या बाइडेन को सजा मिल सकती है?

अमेरिका के क्रिमिनल कोड में क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स को गैर कानूनी तरीके से अपने पास रखना या गलत तरीकों से उन्हें कहीं से हटाना अपराध समझा जाता है। इइउ के मुताबिक बाइडेन से जुड़ी फाइलों के मामले में सजा पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। किसी पर भी मुकदमा दर्ज करने से पहले प्रासीक्यूटर को यह साबित करना होगा कि आरोपी ने ये फाइलें जानबूझ कर अपने पास रखी थी।

अगर ऐसा साबित हो भी जाता है तो भी जस्टिस डिपाटमेंट स्टैंडिंग पॉलिसी के तहत बाइडेन के खिलाफ कोई क्रिमिनल मुकदमा दर्ज करने पर रोक लगा सकता है। बीबीसी के मुताबिक बाइडेन की राजनीति के नजरिए से यह समस्या बड़ी है। उन्हें क्रिमिनल चार्जेज का डर नहीं है।